

बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 12



ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 12



सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 13



मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 230, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे।

### राम मंदिर के 14 उप मंदिरों में 13 से दर्शन कर सकेंगे भक्त

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि परिसर में बने संपूर्ण उप मंदिरों को दर्शनार्थियों के लिए खोले जाने का इंतजार समाप्त हो गया। राम मंदिर परिसर में 13 अप्रैल दिन सोमवार से एक दिन में 1500 पास धारकों को परिसर में भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ऑफिशल वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन पास की बुकिंग शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है।

# यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी 2.05 करोड़ वोटरों के नाम कटे

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रदेश में अब 13.39 करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार उप्र. में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष और 45.46 प्रतिशत महिला हैं। पहले 27 अक्टूबर 2025 को फ्रीज सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो एसआईआर के बाद 2.05 करोड़ घटकर 13.39 करोड़ रह गए।

लोकभवन में शुक्रवार को उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को जारी मसौदा सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिनके नाम छूट गए, वे फॉर्म-6 भरकर शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कुल 107 ज्ञापन प्राप्त हुए, जिनमें समाजवादी पार्टी से 85, भाजपा से 10, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 9, बसपा, सीपीआई (एम) और आम आदमी पार्टी से एक-एक ज्ञापन शामिल थे। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। रनदीप रिनवा ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है, और जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील कर सकता है।



### मतदाताओं का विवरण

- **पुरुष मतदाता :** 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61
- **महिला मतदाता :** 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525
- **तृतीय लिंग :** 4 हजार 206
- **18-19 आयुवर्ग :** 17 लाख 63 हजार 360

### इन 5 जिलों में बढ़े वोटर

- **प्रयागराज :** 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता
- **लखनऊ :** 2 लाख 85 हजार 961 मददाता
- **बरेली :** 2 लाख 57 हजार 920
- **गाजियाबाद :** 2 लाख 43 हजार 666
- **जौनपुर :** 2 लाख 37 हजार 590

### एसआईआर प्रक्रिया की झलक

● 6 जनवरी को 12.55 करोड़ की मसौदा सूची जारी हुई थी। ● 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां ली गईं। ● 86.69 लाख ने फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) भरा। ● 3.18 लाख ने फॉर्म-7 (नाम कटवाने) भरा। ● 1.04 करोड़ को माता-पिता आदि से मिलान न होने पर नोटिस। ● 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति वाले।

## यमुना में नौका पलटी, पंजाब के 32 श्रद्धालु डूबे, 10 के शव निकाले



**मथुरा।** मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। नौका में करीब 32 पर्यटक सवार थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी, फिर उसकी गति बढ़ गई और वह एक पुल से टकरा गई, इसके बाद नौका पलट गई। मुख्यमंत्री योगी ने इस दुखद हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और घायलों को तुरंत बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए।

# सीतापुर में लैब टेक्नीशियन की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



आरोपी शिवेश।

- रिटायर्ड सिपाही के बेटे ने वारदात तो दिया अंजाम, मानसिक रूप से बताया जा रहा बीमार

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी के बेटे ने गुस्से में लैब टेक्नीशियन को गोली मार दी। हत्या के दौरान आरोपी युवक ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर का इस्तेमाल किया। सीओ सदर का कहना है कि असलहे को जब्त करके आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के मानसिक रूप से बीमार होने की बात सामने आई है।

शहर से सटे नेपालापुर चौराहे पर एनएनडी फैमिली मॉल के नजदीक सरोज चैरिटेबल ब्लड बैंक है। इसमें आजमगढ़ वासी लैब टेक्नीशियन सतीश यादव (35) कार्यरत रहा है। बताते हैं कि लैब का संचालन सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी राजकुमार सिंह कर रहा था। घर से लगे लैब में सतीश यादव देर रात कार्य कर रहा था। बताते हैं कि इस दौरान किसी बात को लेकर लैब संचालक के पुत्र शिवेश सिंह से नोक-झोंक हो गई। कुछ ही देर में विवाद गहराया गया और शिवेश भागकर अपने पिता के कमरे में पहुंचा वहां से बैग में रखी लाइसेंसी रिवाल्वर को उठा लाया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली सतीश यादव को लगीं। फायरिंग की आवाज सुनकर राहगीर इकट्ठा हो गए। पुलिस भी आ पहुंची। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि लैब टेक्नीशियन सतीश यादव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार से पूछताछ में पता चला है कि आरोपी शिवेश मानसिक बीमारी 'बाइपोलर डिसऑर्डर' से ग्रसित है जिसमें व्यक्ति को अचानक अत्यधिक गुस्सा आता है। आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर जब्त कर लिया गया है।

# कुवैत पर ड्रोन हमले, सऊदी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई/तेहरान/न्यूयार्क एजेंसी

- सीजफायर के बाद भी तेहरान व उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप, ईरानी सेना ने कहा- कोई मिसाइल नहीं दागी गई होर्मुज से एक गैस टैंकर को ईरान ने लौटाया

कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के बावजूद उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा, हाल के हमलों से उसकी महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है।

कुवैत ने कहा कि गुरुवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया। इस बीच, सऊदी अरब में हमले से उसकी महत्वपूर्ण 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं, ईरान के आईआरजीसी ने कहा है कि युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। जो भी खबरें आ रही हैं, वे निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। वहीं, अमेरिका ने कहा कि बोत्सवाना के एक गैस टैंकर ने ईरान ने होर्मुज से वापस लौटा दिया।

### संघर्षविराम पर वार्ता आज जेडी वेंस तेहरान से बोले अमेरिका से खेल न खेलो

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल न खेले। इस्लामाबाद में शनिवार को संघर्ष विराम पर वार्ता होनी है। वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढ़े और राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें।

## लेबनान में आम नागरिकों की मौत पर भारत ने जताई चिंता

- कहा- पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारी नजर

**नई दिल्ली।** संघर्षविराम के बीच लेबनान पर इजराइल के हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर भारत ने चिंता व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन तथा देशों की संप्रभुता के सम्मान पर बल दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा, हम लेबनान में बड़ी संख्या में नागरिक हताहतों की खबरों से गहराई से चिंतित हैं। यूएनआईएफआईएल में सैन्य योगदान देने वाले देश के रूप में भारत का मानना है कि घटनाओं की यह दिशा अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया है। अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करना तथा राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अत्यावश्यक है।

# न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस्तीफा महाभियोग की प्रक्रिया हुई निष्प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

**नकद बरामदगी मामला**



- विवादों में घिरे थे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश, राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

विवादों में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उन पर जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है।

पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति अरविंद, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र और वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया। विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।


# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

## आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है



**जामनगर (गुजरात),** भारत रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ऑर्गनाइजेशन, वनतारा ने जाम नगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है।

इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

**अनंत अंबानी ने कहा,**

"संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की।

प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात् सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।"

इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलोशिप और स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंजर्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिजाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे।

साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा।

शिलान्यास समारोह ने करुणा- आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई।

इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई।



साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।

अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।



## मई से गांवों में दौड़ेंगी मिनी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 1003 में से 286 आवेदन चयनित, 13 अप्रैल तक स्क्रीनिंग पूरी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर से प्राप्त 1003 आवेदनों में से अब तक 286 का चयन किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों की स्क्रीनिंग 13 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि उप्र. परिवहन निगम के 20 क्षेत्रों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जांच की जा रही है। सरकार का लक्ष्य अप्रैल के अंत तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर मई से ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसों का संचालन शुरू करना है।

योजना के तहत प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की तैयारी है। करीब 12,200 गांवों में 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसें चलाई जाएंगी, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी व सस्ती परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि यह पहल अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाने में अहम साबित होगी।

## कानपुर मेट्रो को 'बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट' का राष्ट्रीय सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से नवाजा गया

**अमृत विचारः** उप्र. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से विकसित कानपुर मेट्रो परियोजना को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में प्रतिष्ठित सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की ओर से निदेशक/वर्क्स व इंफ्रास्ट्रक्चर सीपी सिंह और परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने ग्रहण किया।

सीआईडीसी की टीम ने मार्च में परियोजना स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, गति और नवाचार की सराहना की। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, फूड व रिटेल आउटलेट, पुस्तक मेले और 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' जैसी पहलों को विशेष रूप से सराहा गया।

**आधुनिक तकनीकों से बना**



पुररस्कार ग्रहण करते हुए यूपीएमआरसी के अधिकारी। अमृत विचार

**रिकॉर्डः** परियोजना में डबल टी-गर्डर, ट्विन पियर कैप, प्रीकास्टिंग, सेमी टॉप-डाउन तकनीक जैसी आधुनिक विधियों का उपयोग कर निर्माण समय में उल्लेखनीय कमी लाई गई। लॉन्चिंग और रिट्रीवल शाफ्ट्स के जरिए कार्य को तेज गति से पूरा किया गया।

समारोह में सीपी सिंह को 'चेयरमैन कमेंडेशन अवार्ड' भी प्रदान किया गया। एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि टीम की निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। सभी स्टेशनों को ग्रीन रेटिंग मिली है और ऊर्जा दक्ष तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 2200 करोड़ के मेगा प्रोजेक्ट से गाजियाबाद बनेगा इंटीग्रेटेड अर्बन हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के प्रवेश द्वार गाजियाबाद को खेल, पर्यटन, व्यापार और आधुनिक शहरी विकास के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 2200 करोड़ रुपये की इस मेगा परियोजना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी टाउनशिप, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, होटल, रिटेल जोन और कन्वेंशन सेंटर शामिल होंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के मुताबिक यह योजना राजनगर एक्सटेंशन के मोर्टी क्षेत्र में विकसित होगी। इसके तहत लगभग 37 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और आसपास 380 एकड़ में एरोसिटी टाउनशिप बसाई जाएगी, जिससे पूरे इलाके को एक एकीकृत शहरी हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्टेडियम में 30,000 से अधिक दर्शकों की क्षमता, आधुनिक मीडिया सेंटर और हाईटेक लाइटिंग जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। यह परियोजना गाजियाबाद के लिए केवल एक स्टेडियम नहीं, बल्कि नए अर्बन मॉडल की शुरुआत मानी जा रही है।

### यूपी बनेगा डीप टेक कैपिटल, योगी ने तय किया रोडमैप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 'डीप टेक कैपिटल' बनाने के लिए स्पष्ट रोडमैप तय करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के तहत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जाएगा। शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल ने विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के जरिए मेड-टेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई, जिसे नवंबर से शुरू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने नोएडा में प्रस्तावित 'यूपी डीप-टेक हब' को नवाचार और उद्योग का केंद्र बताते हुए यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए प्रदेश को स्वदेशी ड्रोन निर्माण और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने की बात कही। ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा का भविष्य बताते हुए इसके उत्पादन, भंडारण और औद्योगिक उपयोग पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुर्वेद के क्षेत्र में क्लिनिकल वैलिडेशन के लिए देश का पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विचार किया गया। सीएम योगी ने कहा कि शोध और उद्योग के बेहतर समन्वय से न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## बचाव और इलाज में संतुलन जरूरी

### मुख्यमंत्री योगी ने कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वस्थ नागरिक से स्वस्थ समाज बनता है और स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर बन सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 9 से 12 अप्रैल 2026 तक लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य नीति का केंद्र अब केवल उपचार नहीं, बल्कि प्रिवेंशन (रोकथाम) और ट्रीटमेंट (उपचार) का संतुलित समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज

### चिकित्सकों से अपील

मुख्यमंत्री योगी ने देश-विदेश से आए विशेषज्ञों से कहा कि वे बचाव और उपचार, दोनों पक्षों पर समन्वित रूप से काम करें और ठोस निष्कर्ष प्रस्तुत करें। सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए समय पर स्क्रीनिंग और जन-जागरूकता बेहद जरूरी है।

बढ़ती जीवनशैली और खान-पान की गड़बड़ियों के कारण गंभीर चुनौती बन गई हैं। सीएम योगी ने उपचार-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़कर जन-जागरूकता और जीवनशैली सुधार आधारित मॉडल अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और संयमित जीवनशैली ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान हैं।

**अटल विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज :** योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी को प्रदेश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी बताया, जिसके साथ सभी मेडिकल कॉलेजों को संबद्ध किया गया है। उन्होंने इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम और उत्तर प्रदेश के नए स्वरूप का प्रतीक बताया।



लखनऊ : कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते चिकित्सक।

**आयुष्मान सुरक्षा :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से करीब 1400 करोड़ रुपये उपचार सहायता के रूप में उपलब्ध कराए गए।

**चिकित्सा ढांचा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दशक पहले केवल 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 81 हो गई है और दो एम्स भी संचालित हैं।

## एक रात जब ईसीजी भी नसीब नहीं था: डॉ.चंद्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'एनआईसी-2026' सम्मेलन में बयां किया दर्द भरा अनुभव

**अमृत विचारः** कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' में डॉ. शरत चंद्रा का संबोधन भावनात्मक अनुभव के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में आए बदलाव की कहानी बन गया। उन्होंने वर्ष 2005 की एक रात का जिक्र करते हुए बताया कि जब उनके पिता को सीने में दर्द हुआ था, तब चंदौसी जैसे शहर में रात के समय ईसीजी तक उपलब्ध नहीं था।

उन्होंने कहा कि उस रात उनके पिता ने सुबह जांच कराने की बात कही, लेकिन एक डॉक्टर बेटे के रूप में वे पूरी रात बेचैन रहे। अगली सुबह जांच सामान्य आई, मगर उस घटना ने उनके मन में यह सवाल छोड़ दिया कि क्या हर मरीज को समय पर इलाज मिल पाता है।

**तब की स्थिति :** डॉ. चंद्रा के अनुसार उस दौर में छोटे शहरों और कस्बों में हृदय संबंधी प्राथमिक जांच सुविधाएं बेहद सीमित थीं। कई मरीजों को रातभर इंतजार करना पड़ता था और इलाज की शुरुआती प्रक्रिया में ही कीमती समय निकल जाता था।

**अब बदली तस्वीर :** करीब दो दशक बाद उत्तर प्रदेश में हृदय उपचार व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि अब हार्ट अटैक जैसे मामलों में मरीजों को सुबह तक इंतजार नहीं करना पड़ता। 'हृदय सेतु' जैसी व्यवस्थाओं ने बड़े चिकित्सा संस्थानों को जिला अस्पतालों से जोड़ दिया है। डॉ. चंद्रा ने कहा कि संजय गांधी पीजीआई, केजीएमयू और डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान जैसे प्रमुख केंद्र अब जिला अस्पतालों से नेटवर्क के जरिए जुड़े हैं, जिससे गंभीर मरीजों को तेजी से रेफर कर विशेषज्ञ उपचार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एंजियोप्लास्टी जैसी उन्नत सुविधाएं अब सुल्तानपुर, जौनपुर, बहराइच, गोंडा और बस्ती जैसे जिलों तक पहुंच चुकी हैं।

## लखीमपुर खीरी में 1311 करोड़ की 538 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास आज करेंगे मुख्यमंत्री योगी

- पलिया और मोहम्मदी में होंगी जनसभाएं, थारू जनजाति व विस्थापित परिवारों को मिलेंगे भूमि अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी दौरे पर रहेंगे, जहां वह पलिया और मोहम्मदी में जनसभाओं को संबोधित कर 1311 करोड़ रुपये की 538 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का लाभ जिले के सात विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर, गोला, श्रीनगर, पलिया, निघासन, मोहम्मदी और धौरहरा को मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत चंदन चौकी (पलिया) से होगी, जहां मुख्यमंत्री थारू जनजाति के परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबी और विभिन्न योजनाओं के चेक भी सौंपे जाएंगे। इसके बाद मियांपुर (मोहम्मदी) में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे।

सरकार ने थारू जनजाति के 34 गांवों के 4356 परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि पर पूर्ण स्वामित्व अधिकार देने का निर्णय लिया है। वहीं, उपनिवेश योजना के तहत 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है।

पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों का भी पुनर्वास कर उन्हें कृषि योग्य भूमि उपलब्ध कराई गई है। सरकार द्वारा इन परिवारों को भूमि के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, आवास और पेंशन योजनाओं सहित अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

## किसान रजिस्ट्री के लिए मिशन मोड में सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में लगेगा कैंप कम कवरेज वाले गांवों पर रहेगा विशेष जोर
- 15 मई से योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य प्रशासन अलर्ट

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार, 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें, जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी और बढ़ गई है, ताकि समय सीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## डेनमार्क के राजदूत ने योगी से निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में निवेश और तकनीकी सहयोग बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान डिफेंस कॉरिडोर, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन और कृषि जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई।

राजदूत ने प्रदेश में बीते वर्षों में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य बन चुका है। उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर में विशेष रुचि दिखाते हुए रक्षा क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की इच्छा जताई। साथ ही वेस्ट-टू-एनर्जी, सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन तकनीक जैसे क्षेत्रों में भी डेनमार्क की कंपनियों की भागीदारी की संभावना व्यक्त की।

जल प्रबंधन और नदी पुनरुद्धार परियोजनाओं में सहयोग का जिक्र करते हुए उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) के साथ चल रही परियोजना की जानकारी दी। शिक्षा, कौशल विकास और एल्डरली हेल्थ केयर सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेनमार्क की कंपनियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

## आतंकी साकिब के दो साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दक्षिण अफ्रीका में मैजुल और सऊदी में बैठे आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**अमृत विचारः** आतंकी संगठन आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य साकिब के दो साथियों को एटीएस व स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से साकिब के संपर्क में थे। देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए अपने नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने के फिराक में थे। वहीं, विदेश में बैठे साकिब के दो करीबियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने खुलासा किया था कि ये सभी लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विस्फोट करने आए थे। जब इनसे पूछताछ हुई और बताये गये बिंदुओं की जांच की गई तो सामने आया कि साकिब को मेरठ निवासी आकिब ने पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क कराया था। आकिब वर्तमान में दुबई में रह रहा है। साथ ही पिछले साल नवंबर 2025 में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आकिब, बिजनौर का मैजुल, आजाद और उवैद मलिक शामिल थे। इसमें आकिब एके-47 व ग्रेनेड का प्रदर्शन कर रहा था। तब केस में एफआर लगा दी गई थी। आतंकी घटना का खुलासा होने के बाद मामले की जांच दोबारा शुरू की गई। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, शुक्रवार को उवैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जांच में सामने आया कि आरोपी मैजुल दक्षिण अफ्रीका और आजाद सऊदी अरब में है। इन दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। एडीजी ने बताया कि दुबई में छिपे आकिब के खिलाफ पहले ही तीन सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं। सभी के पासपोर्ट निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है।

## दो सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में दो सड़क विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह समिति निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों-पीसीयू शिथिलीकरण के अनुमोदन के लिए गठित की गई थी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए मुख्य सचिव ने मानकों के अनुरूप आवश्यक पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) में शिथिलीकरण की स्वीकृति प्रदान की। फर्रुखाबाद में मोहम्मदाबाद-संकिसा मार्ग के 1.6 किमी लंबे हिस्से को चार लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3039.95 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति मिली। इससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं, गोरखपुर में देवरिया बाईपास से तालकंदा, चाफा सनहा और चवरी मार्ग तक 11.8 किमी सड़क के 1.5 लेन चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3470.16 लाख रुपये की योजना को मंजूरी दी गई।

**तकनीक की मदद** | 90 दिन में दर्जनभर मामलों का खुलासा

## 'यक्ष' ऐप से स्मार्ट पुलिसिंग को मिली धार


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुछ घंटों में दो लूट का किया खुलासा, सीसीटीवी और डिजिटल डाटा से तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही पुलिस

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस का 'यक्ष' ऐप अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहा है। महज 90 दिनों में इस डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों का खुलासा किया गया है, जिससे स्मार्ट पुलिसिंग को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू किए गए इस ऐप के जरिए पुलिस अपहरण, लूट, हत्या और चोरी जैसे मामलों में तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण के अनुसार, यक्ष ऐप में अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी लोकेशन मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं हैं, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और सटीक हुई है।

हरदोई में अपहरण के एक मामले में ऐप से पता चला कि कथित पीड़ित पहले से जेल में बंद था। जौनपुर में लूट की घटना का कुछ घंटों में खुलासा कर तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। वहीं लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे में पर्दाफाश हुआ।




बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में भी एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा ऐप ने किया।

यक्ष ऐप के जरिए डिजिटल डाटाबेस, यूनिक क्रिमिनल आईडी और मल्टी-एंगल फोटो रिकॉर्ड से पुलिस को अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग में बड़ी मदद मिल रही है।

## बौद्ध सर्किट के लिए मिले 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुशीनगर में बीते दिनों आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक श्रद्धालुओं और थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान व नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान करीब 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे बौद्ध पर्यटन को नया बल मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित उत्तर प्रदेश @2047' विजन में पर्यटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका तय की गई है। लक्ष्य है कि पर्यटन आधारित जीवीए में प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत किया जाए।

## चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बनी बच्चों की 'रक्षक'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 26 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण

**अमृत विचार :** प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए चलाई जा रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन के माध्यम से 26 हजार से अधिक शिकायतों का सफल निस्तारण किया गया है, जिससे हजारों बच्चों को सुरक्षित जीवन मिला है।

महिला कल्याण निदेशालय के तहत मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित यह हेल्पलाइन 24×7 आपातकालीन सेवा के रूप में कार्य कर रही है। कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में कुल 28,945 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 26,239 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों में कार्रवाई जारी है।

हेल्पलाइन के माध्यम से गुमशुदा बच्चों की तलाश में उल्लेखनीय सफलता मिली है। बांदा की एक महिला का 6 वर्षीय बेटा, जो 2015 में चित्रकूट में लापता हो गया था, उसे करीब 10 साल बाद खोजकर परिजनों से मिलाया गया। इसके अलावा एटा में बाल श्रम और उत्पीड़न के शिकार एक बच्चे को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

## भाजपा मुद्दों से हारकर संस्थाओं का कर रही दुरुपयोग : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह मुद्दों पर हारती है तो संवैधानिक संस्थाओं के पीछे छिपकर हमला करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि भाजपा ने फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने की साजिश रची और फार्म-7 के माध्यम से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने फंदा लगा कर आत्महत्या की

**रसूलाबाद।** अंगदपुर गांव के सुरेश राठौर की पुत्री सपना (14) शुक्रवार दोपहर बाद घर में अकेली थी। पिता सुरेश खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान उसने छप्पर की बल्ली में दुपट्टा से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे कहींजरी चौकी इंचार्ज प्रवीण कृष्ण मिश्रा ने जांच-पड़ताल की। बेटी की मौत से पिता सुरेश, भाई दीपू, संदीप, अजीत, अभिषेक, बड़ी बहन शांति समेत अन्य परिजन बिलखने लगे। पिता सुरेश ने बताया कि बेटी मानसिक रूप से बीमार रहती थी।

### पड़ोसी ने बालक की पिटाई कर तोड़ा हाथ

**रसूलाबाद।** धर्मूपुर तिस्ती गांव में पड़ोसी युवक ने बालक की बेरहमी से पिटाई कर हाथ तोड़ दिया। राकेश कुमार ने बताया कि उनका बेटा ऋतिक (11) घर के पास खेल रहा था, तभी पड़ोसी शिवांशु पुत्र हेतराम ने मामूली बात को लेकर उसे बेरहमी से पीटा, जिससे उसका दायां हाथ टूट गया। परिजन उसे सीएचसी लाए, जहां इलाज के बाद ईएमओ डॉ. बृजेश कुमार ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शिवरीनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की थमीं सांसें

**कानपुर देहात।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर-रूरा मार्ग पर हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसा बरौला के ईंट भट्ठे के पास हुआ। बुजुर्ग की पहचान अकबरपुर क्षेत्र के मुक्तापुर निवासी रामआसरे संखवार (65) के रूप में हुई। घायल की पहचान रूरा थाना क्षेत्र के भंवर निवासी रोशन के रूप में की गई। एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस बोली, तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

### दहेज हत्या का आरोपी पुलिस के हाथ लगा

**मंगलपुर।** पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित कृष्ण कुमार उर्फ टिंकू को गांधी विद्यालय के सामने खम्हैला रोड से पकड़ा। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के खम्हैला निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी रंजना (22) का शव घर में फंदे पर लटका मिला था। रंजना की शादी फरवरी में ही हुई थी। पुलिस और नायब तहसीलदार जीतेंद्र द्विवेदी मौके पर जांच की थी। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे। मायके पक्ष ने 9 अप्रैल को थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने पति कृष्ण कुमार और ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ टिंकू पाल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

### पिटाई से मौत होने पर एफआईआर दर्ज

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर क्षेत्र में दूसरे धर्म की युवती के साथ प्रेम विवाह करने वाले मोनू की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। कुछ दिन पहले बेरहमी से मारपीट के बाद अकबरपुर के निजी अस्पताल में महीनों जिंदगी-मौत के बीच जूझने के बाद 7 अप्रैल को मोनू की सांसें थम गईं। मौत से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। करीब 24 घंटे तक घर में लाश रखी रही। माहौल तब और गरमा गया जब विहिप, बजरंग दल और गोरक्षा दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। हिंदू संगठनों ने हत्या करार देते हुए पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। तब पुलिस ने युवती पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। गांव में पुलिस का पहरा है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

### अलंकार अग्निहोत्री अकबरपुर पहुंचे

**कानपुर देहात।** नौकरी त्याग कर 'राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा' राजनीतिक दल गठित करने वाले पूर्व पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री शुक्रवार को अकबरपुर पहुंचे। बारा टोल प्लाजा में फूल मालाओं से स्वागत हुआ। रूरा रोड पर स्थित कालिका देवी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। समर्थकों को राजनीतिक दल बनाने की जरूरत के बारे में बताया। बताया कि 'राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा' समाज के हर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने 19 अप्रैल को अकबरपुर इंटर कॉलेज में होने वाले विप्र समागम और संत पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने घर-घर जाकर जनसंपर्क करने की अपील की।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुराचार में दो दोषियों को 20 वर्ष कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- रूरा थाना क्षेत्र में करीब सात साल पहले हुई थी घटना
- अदालत ने कठोर सजा के साथ ही 51 हजार जुर्माना लगाया

**अमृत विचारः** रूरा थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब सात साल पहले किशोरी के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मामले में शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आ गया। मामले के दो आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।



घटना के संबन्ध में चार फरवरी 2019 को मुकदमा कायम कराया गया था। लकी उर्फ पिंटू पुत्र परशुराम व संजय पुत्र गंगाप्रसाद ग्राम रैरी थाना रूरा को नामजद कराया गया था। थाना रूरा में धारा 376(डी), 328, 342 और सेक्सन 4 पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा कायम हुआ। मामले के विवेचक द्वारा विवेचना पूरी करते हुए वास्तविक तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित कर मुकदमे में नामित आरोपियों के विरुद्ध 15 जून 2019 को आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया गया। पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने लकी उर्फ पिंटू व संजय उपरोक्त को दोषी ठहराया। एडीजे 13/पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों, लकी उर्फ पिंटू पुत्र परशुराम और संजय पुत्र गंगाप्रसाद प्रत्येक को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवम 51 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर आरोपियों को दो माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# माफिया ने चोरी से बेच डाली खेत की माटी

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के लोहारी गांव में बेख़ौफ़ खनन माफिया ने रात के अंधेरे में एक किसान के खेत की मिट्टी चोरी कर बाजार में बेच दी। सुबह खेत पर पहुंचे किसान को खेत की जगह तालाब दिखाई दिया तो वह सन्न रह गया। शिकायत पर राजस्व टीम ने खेत की नाप-जोख कर रिपोर्ट अधिकारियों को दी है।

लोहारी के मजरा जिगनी पुरवा निवासी राजेश सिंह कच्छवाहा की लोहारी सैंथा चक मार्ग के पास गाटा संख्या 720 क में 13 विश्वा जमीन है जो कई वर्षों से परती पड़ी है। गुरुवार की रात अज्ञात खनन माफिया ने जे सी बी मशीन से खनन कर किसान के खेत को खोदकर उसकी मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर महंगे दाम पर बाजार में बेच दी। एक मीटर से भी गहराई तक मिटटी खनन से खेत तालाब सा दिखने लगा। शुक्रवार की सुबह खेतों की ओर पहुंचे किसान ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला राजस्व का बता पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद किसान ने तहसील के अधिकारियों से फोन पर शिकायत दर्ज कराई।



चोरी-छिपे खनन के बाद मिट्टी की नाप-जोख करती राजस्व टीम। अमृत विचार

- शिकायत पर राजस्व टीम ने खेत की नाप-जोख कर सौंपी रिपोर्ट

घटना से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले काफी दिनों से गजनेर क्षेत्र में जगह-जगह खनन माफिया रात में मिट्टी चोरी कर बाजार में बेच रहे हैं। शिकायत के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। इधर अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल रितेश कुमार ने जांच पड़ताल कर खनन वाली जगह की नाप जोख की। इस संबंध में लेखपाल रितेश तिवारी ने बताया की करीब 160 घन मीटर मिट्टी का खनन किया गया है, रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने मलासा ब्लाक के मावर गांव में पानी की टंकी का किया निरीक्षण

# घरों में कनेक्शन कर जल्द पहुंचाएं पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने शुक्रवार को विकास खंड मलासा की ग्राम पंचायत मावर वॉटर ओवरहेड टैंक का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टंकी की संरचनात्मक स्थिति, जल आपूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन कनेक्टिविटी, मोटर पंप की कार्यशीलता, स्वच्छता व्यवस्था एवं जल गुणवत्ता से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने घरों में कनेक्शन करा जल्द पानी सप्लाई शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने मौके पर उपस्थित जल निगम व ग्राम पंचायत के कार्मिकों से जलापूर्ति की नियमितता, समय-सारणी तथा उपभोक्ताओं को मिल रहे पानी के दबाव (प्रेशर) के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए तथा मोटर, वाल्व, पाइपलाइन आदि का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पानी की टंकी को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। अब तक 449 हाउस होल्ड के सापेक्ष मात्र 306 कनेक्शन किये गए हैं, जिस पर उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि सभी घरों में जल्द से जल्द कनेक्शन कराए जाएं और सड़क की मरम्मत भी कराई जाए।

जनरेटर प्वाइंट न होने पर शाम को 4 बजे से 6 बजे तक की जाने वाली पानी सप्लाई दोपहर में 1 बजे से 3 बजे तक की जा रही है। जिस पर उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जनरेटर प्वाइंट स्थगित करते हुए पानी की सप्लाई ससमय सुचारू रूप से की जाए। निरीक्षण के दौरान टंकी परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर को स्वच्छ रखा जाए, अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगे तथा जल स्रोत के आसपास गंदगी न होने दी जाए। पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराए जाने एवं क्लोरीनेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं परिसर के चारो तरफ वृक्षारोपण कराये जाने के भी निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की मांग बढ़ जाती है, अतः संबंधित विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और पानी से सम्बंधित किसी भी शिकायत का त्वरित निस्तारण करें एवं रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति की जाए। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं की जानकारी भी ली तथा आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।



पानी की टंकी देखने मावर गांव पहुंचे सीडीओ विधान जायसवाल। अमृत विचार

### ब्लाक में ई-ऑफिस के संचालन की समीक्षा

कानपुर देहात। मावर गांव का ओवर हेड टैंक देखने के बाद मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने मलासा ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। मानव संपदा पोर्टल एवं ई-ऑफिस के संचालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई, उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की व्यवस्था की भी जांच की। स्थापना पंजिका, वेतन बिल रजिस्टर, जीपीएफ बुक आदि अभिलेख अधूरे पाए जाने एवं ई-आफिस का संचालन सुचारू रूप से न किये जाने पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, स्थापना पटल, अभिलेखों की व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का भी गहन परीक्षण किया गया। वहीं बोरिंग टेकनिशियन शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार एवं बीएमएम सुनीत कुमार बिना अनुमति के अनुपस्थित मिले जिस पर उन्होंने स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए।

### देवीपुर सीएचसी में एक सप्ताह से दवा रजिस्टर में इंट्री नहीं, पूरे परिसर में पसरी मिली गंदगी

**कानपुर देहात।** सीडीओ सीएचसी देवीपुर भी पहुंचे। यहां स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों व कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। परिसर में गंदगी पाए जाने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई जो कि विगत एक सप्ताह से पूर्ण नहीं किया गया है जिस पर उन्होंने संबंधित अधीक्षक को निर्देश दिए कि उसे तत्काल पूर्ण किया जाए साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

# जिले में 11,83,604 वोटरों की सूची तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- नई सूची में बढ़े 27421 पुरुष और 23963 महिला मतदाता
- थर्ड जेंडर मतदाता एसआईआर के पहले 40 थे, अब 28 बचे

**अमृत विचारः** शुक्रवार को वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। विलोपन और संशोधन के बाद तैयार मतदाता सूची में 655200 पुरुष और 528376 महिला मतदाता शामिल किए गए हैं। 28 वोटर तृतीय लिंग के हैं। इस तरह कुल 1183604 मतदाताओं की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया।

एसआईआर में इस साल छह जनवरी से छह मार्च तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई। एसआईआर के पूर्व जनपद 716799 पुरुष मतदाता, 619338 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग के 40 मतदाता थे। वोटर लिस्ट में कुल 1336177 मतदाता दर्ज थे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 203957 मतदाताओं द्वारा डुप्लीकेट, मृतक, शिफ्टेड आदि होने के कारण गणना प्रपत्र जमा नहीं किए गए। उन्हे पृथक करते हुए छह जनवरी को 627779 पुरुष मतदाता, 504413 महिला मतदाता एवं 28 तृतीय लिंग मतदाता कुल 1132220 मतदाता आलेख्य सूची में प्रकाशित किए गए थे।

इसके बाद 124197 मतदाताओं द्वारा अपने परिवार से मैप न किए जाने तथा 147939 तार्किक विसंगति वाले मतदाता कुल 272136 मतदाताओं को नोटिस तामील करते हुए चार ईआरओ, 174 एईआरओ के माध्यम से सुनवाई करते हुये प्रत्येक मतदाता के प्रपत्रों को जांच करते हुये निस्तारित किया गया। जिले की सभी चार विधानसभाओं के 1666 बूथ लेवल अधिकारियों एवं 171 सुपरवाइजरों के सहयोग से तैयार सूची को अंतिम रूप दिया गया। बताया गया कि आलेख्य प्रकाशन के दौरान 27421 पुरुष मतदाता, 23963 महिला मतदाता कुल 51384 नए मतदाता जोडे.गए।

### रसूलाबाद में 52 हजार कटे, 14 हजार नए बढ़े

**रसूलाबाद।** तहसील सभागार में दलों के प्रतिनिधियों को उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तहसील में कुल 52 हजार मतदाता मृत्यु, अन्य स्थानों पर रहने, प्रपत्र प्रस्तुत न करने से कम हुए हैं। लगभग 14 हजार नए पंजीकृत हुए हैं। इस मौके भाजपा के मंडल अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई, सपा के हाजी फैजान खान, जिला पंचायत सदस्य राजू सिंह गौर, मनोज सेंगर आदि के साथ तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# डेढ़ साल से फरार 15 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** करीब डेढ़ साल से फरार 15 हजार रुपये का इनामी लुटेरा गुरुवार रात शिवली पुलिस के हफ्ते चढ़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के बलुआपुर गांव निवासी राजकुमार भाऊपुर बाजार स्थित अपनी ज्वैलरी शॉप से 9 जनवरी 25 की देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में दो बाइकों पर सवार तीन चार लुटेरों ने भीखर गांव के पास मारपीट कर बैग लूट लिया था। बैग में 10 ग्राम सोने, 550 ग्राम चांदी के आभूषण व 25 हजार नकद थे। मुकदमा दर्ज कर शिवली पुलिस ने सतेश्वर पूर्वी गेट के पीछे औरैया के जाहिद, शक्ति तालाब तकिया औरैया निवासी रिहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उनका साथी समरथपुर औरैया निवासी अरमान उर्फ अम्मू फरार चल रहा था। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय की ओर से फरार आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, भाऊपुर चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह, सिपाही मनीष कुमार ने अरमान उर्फ अम्मू को मैथा में राम गंगा नहर पुल के पास पकड़ लिया।

# टूटकर गिरा बिजली का तार, डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कस्बा शिवली के पास मवैया मार्ग के किनारे विद्युत लाइन का तार टूट कर गिरने से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर पहुंचे राहगीरों एवं किसानों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग लगने से किसान की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

नगर पंचायत शिवली निवासी सुधा ओमर पत्नी राम प्रकाश ओमर का खेत शिवली कस्बे के बाहर मवैया मार्ग के किनारे स्थित है। खेत को कस्बे के आजाद नगर मोहल्ला निवासी सतीश चंद्र कश्यप बटाई पर लिए है। खेत के ऊपर से विद्युत लाइन के तार गुजरे हुए है। सतीश चंद्र कश्यप के मुताबिक गुरुवार को विद्युत लाइन के तार लड़कर आपस में चिपक गए थे इसकी सूचना स्थानी विद्युत केंद्र पर की गई थी लेकिन शुक्रवार की दोपहर लापरवाही के चलते बिजली चालू कर दी गई। बिजली आपूर्ति चालू होते ही बिजली का तार टूट कर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गिर गया जिससे आग लग गई। खेत में आग लगने से आसपास मौजूद किसानों एवं ग्रामीणों ने काफी प्रयास कर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग बुझ जाने से आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बाल बाल बच गई। आग लगने से किसान की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है।



शिवली के पास आग लगने के बाद धू-धू कर जली फसल। अमृत विचार

### तारों की चिंगारी से 10 बीघे गेहूं की फसल राख

**रनियां।** गजनेर थाना क्षेत्र के बिलसरांया गांव में शुक्रवार की दोपहर बाबू प्रसाद तिवारी के खेत के ऊपर से गुजरी विद्युत लाइन में निकली चिंगारी गेहूं की फसल पर गिरी, जिससे तेज हवा के साथ आग फैल गई। कुछ देर में आग आसपास के खेतों में बढ़ गई और उनमें भी गेहूं की फसल जलने लगी। पास के खेत में मूंग की बुवाई के लिए जुताई कर रहे ट्रैक्टर चालक ने जिस ओर आग बढ़ रही थी उधर गहरी जुताई कर दी, जिससे काफी नियंत्रण हो गया। सूचना पर माती फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी पहुंची और आग बुझाई। आग से बाबू प्रसाद तिवारी, जीतू शुक्ला, रमाकांत तिवारी, विमलेश तिवारी, जयराम, मो. समी, खेमराज आदि की लगभग दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

**प्रतिमा पर माल्यार्पण** — समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का गूंजा संदेश, बाबा साहब के विचार अपनाने पर दिया गया जोर

# रसूलाबाद में झांकियों संग निकली आंबेडकर शोभायात्रा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** डॉ. आंबेडकर ने समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। लोगों को चाहिए कि हम सब बाबा साहब के विचारों को अपनाकर शिक्षित, संगठित व संघर्षशील बने। यह बात शुक्रवार दोपहर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के समापन पर मलखानपुर स्थित अंबेडकर पार्क में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष धनीराम पैंथर ने कही। उन्होंने लोगों से बाबा साहब के विचारों को अपनाने और शिक्षित, संगठित व संघर्षरत रहने का आह्वान किया।



शुक्रवार को निकली शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

सिंचाई विभाग लखनऊ के अधीक्षण अभियंता एनके गौतम ने इसका उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि धनीराम पैंथर ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सरदार सतनाम सिंह और जगजीत संखवार के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में जय भीम और बाबा साहब अमर रहें के नारे गूंजते रहे। भारतीय दलित पैंथर के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने भाग लिया और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोभायात्रा का शुभारंभ जमनीनिवादा के विकास नगर स्थित अंबेडकर पार्क से हुआ। ट्रैक्टरों झांकियों और निजी वाहनों के साथ निकाली गई लगभग तीन किलोमीटर लंबी यह शोभायात्रा विकास नगर से शुरू होकर मलखानपुर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। शोभा यात्रा के समापन पर मलखानपुर अंबेडकर पार्क में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष धनीराम पैंथर के साथ-साथ अधीक्षण अभियंता एन. के. गौतम, प्रोफेसर सुभाषचंद्र, बीएसपी मंत्री कुलदीप संखवार और जगजीत संखवार ने डॉ. अंबेडकर एवं भगवान गौतम बुद्ध के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। किसी भी अपनी स्थिति से निपटने के लिए पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया था।

शोभायात्रा में थाना प्रभारी एसएन सिंह, कस्बा प्रभारी प्रमोद दीक्षित, उप निरीक्षक केशव देव, उप निरीक्षक उदयभान और कांस्टेबल रामाधार सहित पुलिस टीम ने सतर्कता व्यवस्था संभाली। इससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सागर भारतीय, अंकित राव, मुन्नू, आलोक गौतम, एडवोकेट आराधना गौर, जिला अध्यक्ष दीपक राज, जगत सिंह धाकड़ आदि रहे।

# लखनऊ में आज सोनार बंधु समागम व सियासी शंखनाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** राजनीति में भागीदारी को लेकर शनिवार को लखनऊ में सोनार बंधु समागम एवं महापंचायत शंखनाद होगा। कार्यक्रम में संगठन के बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे। महापंचायत के माध्यम से सोनार संघ ने प्रदेश में बड़ा संदेश देने की तैयारी की है।

स्वर्णकार और सोनार बिरादरी भाजपा के साथ रही है, लेकिन चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। ऐसे में बिरादरी में असंतोष की भावना है। 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले सोनार समाज ने सत्ता में दावेदारी के लिए बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की है। 11 अप्रैल को लखनऊ के रविन्द्रालय में सोनार बंधु समागम एवं महापंचायत शंखनाद का आयोजन होगा। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदार विजय सोनी ने बताया कि भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों के हित के लिए योजनाएं बनाई और क्रियान्वयन कराया। पार्टी के शासन काल में जितना विकास हुआ, उतना पहले कभी नहीं हुआ। स्वर्णकार-सोनार समाज सदैव भाजपा के साथ रहा है। समाज को एक सूत्र में पिरोकर सभी को संगठित करने की मंशा से सोनार बंधु समागम एवं महापंचायत शंखनाद का आयोजन हो रहा है। बताया कि 'खींचना है तो हाथ खींचिए, पैर नही', 'देना है तो साथ दीजिए, उपदेश नहीं' आयोजन का स्लोगन है।



विजय सोनी।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मंत्री ने मारपीट में घायल लोगों से की मुलाकात

**बिल्हौर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव में बीते 6 अप्रैल को दो पक्षों में मारपीट हो गई थी जिसमें दलित समाज के राजू, पिंटू कोरी नाम के व्यक्तियों को रज्जन, मो हुसैन ने जमकर मारा पीटा था। जानकारी होने पर पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को पूर्व मंत्री अरुणा कोरी ने घायल परिवार के लोगों से बातचीत करते हुए तत्काल प्रभाव से पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर एसीपी मंजय सिंह के साथ अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे मामले में पुलिस को तत्काल प्रभाव से एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत आरोपियों की गिरफ्तारी के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### साढ़ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर साढ़ थाना प्रभारी ने क्यूआरटी और पीएसी के साथ फ्लैग मार्च किया। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम साढ़ क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में लगभग दो सौ पुलिस कर्मचारियों के द्वारा साढ़ थाना से साढ़ कस्बा चौकी तक पैदल मार्च किया गया। उन्होंने बताया कि साढ़ पुलिस क्यूआरटी और पीएसी सहित फ्लैग मार्च किया गया। इससे लोगों ने सुरक्षा का भाव महसूस किया।

### मातृ व वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ क्षेत्र के अमौर गांव के लॉर्ड शिवा राइजिंग स्टार एकेडमी अमौर में मातृ सम्मेलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त 11 शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं फूल माला व अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। साथ ही माताओं को बच्चों की जिम्मेदारी और घर में कैसे अनुशासित पर चर्चा की गई। विगत वर्ष के टॉपर्स बच्चों और उनकी माताओं को शिल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र त्रिपाठी ने की, एवं प्रधानाचार्य सूरज पाण्डेय ने आए हुए समस्त अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर के सिंह प्रबंधक, विनय सिंह डायरेक्टर, बृजेंद्र प्रताप, सूर्यबहादुर, अखिलेश गुप्ता, विमलेश प्रजापति, निधी शुक्ला, गोविंद शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### घर में घुसे और चना व धान चुरा ले गए चोर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना के सायर गांव निवासी चंदवदिया प्रजापति अपने घर के दरवाजा का ताला बंद कर एक सप्ताह के लिए बाहर रिश्तेदारी में चली गई थी। मौका पाकर पड़ोस के तीन युवक उसके घर के अंदर घुसकर 20 किलो चना, एक बोरी धान को अपने साथ ले गए। महिला के वापस घर में आने पर चना व धान को गायब पाकर जानकारी की तो पता चला कि गांव के ही तीन युवक उसके यहां चोरी कर ले गए। इस पर तीनों युवकों से उलाहना देने पर मारपीट करने के लिए आमादा हो गए।

### किशोरी घर से फरार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गांव से नाबालिग किशोरी घर पर रखी नगदी एवं जेवरात लेकर अपने पुरुष मित्र संग फरार हो गई। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिला की मौत

## मेहरअलीपुर गांव के पास हुआ हादसा, गेहूं लेकर घर लौट रही थी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती थाना क्षेत्र के मेहरअलीपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 38 वर्षीय महिला की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला खेत से गेहूं लेकर अपने घर लौट रही थी। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



शैलजा देवी।



पलटी पड़ी ट्रैक्टर की ट्राली। अमृत विचार

सजेती थाना के मेहरअलीपुर निवासी शैलजा देवी (38), पत्नी स्वर्गीय मनीष कुमार, गेहूं की कतराई कराने खेत गई थीं। कतराई के बाद वह गांव के ही अर्जुन सोनकर के ट्रैक्टर-ट्रॉली से गल्ला लेकर वापस घर आ रही थीं। बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली घर के करीब पहुंची, अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। इससे घबराकर शैलजा देवी नीचे उतर गईं, लेकिन तभी ट्रॉली पलट गई और वह उसके नीचे दब गईं।

ट्रॉली के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि सूचना मिली थी, महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाई टेंशन लाइन की चिंगारी से पेड़ व 10 बीघा फसल जली

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के बेहठा ग्राम सभा का मजरा चिरंजीवपुरवा गांव में शुक्रवार चार बजे अचानक हाईटेंशन लाइन से टकराकर एक पेड़ में आग लग गई। इससे निकली चिंगारी से 10 बीघा फसल राख हो गई।

चिरंजीवपुरवा गांव में शुक्रवार चार बजे हाईटेंशन लाइन से टकराकर एक पेड़ में लगी आग ने अपनी चपेट में खेत में खड़ी फसल को भी ले लिया। ग्रामीण ने मामले की जानकारी तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। साथ ही अपनी फसल को बचाने के लिए डंडों और पानी के सहारे आग पर काबू करने का प्रयास करने लगे। 1 घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि हाई टेंशन लाइन के नीचे एक पेड़ है जो हवा के कारण लाइन से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग ने देखते ही देखते 10 बीघे फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। गांव निवासी सुनील, परशुराम, धनीराम, सुलेखा रामशंकर, आरती, मेवालाल, कन्हैयालाल, अशर्फीलाल व रामदीन नें बताया खेत मे गेहूं खड़े थे जो आग से जल गए हैं।

# सखरेज गांव में जल्द शुरू होगी पेयजल की सप्लाई, विधायक ने किया भूमि पूजन

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को क्षेत्र के सखरेज गांव में ग्रामीणों को पेयजल की सप्लाई के लिए बोरिंग का काम शुरू कर दिया गया। इसका विधायक द्वारा विधिवत पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई।

क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने गांव पहुंचकर नई बोरिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि विकास कार्यों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जनता की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा जैसे ही मशीन आने की सूचना मिली कुछ लोग श्रेय लेने की लिए धरने बैठ गए । जनता भली भांति जानती है कि विकास कार्य केवल धरना देने से नहीं बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता से होते हैं

विकास खंड के सखरेज गांव में खारा पानी होने के कारण पेयजल की व्यवस्था सरकार द्वारा गांव में निर्मित पानी की टंकी के द्वारा होती थी। पानी की टंकी अपनी अवधि पूरी कर चुकी थी इस कारण से



भूमि पूजन करते राहुल बच्चा सोनकर।

ग्रामीणों को पेयजल की सप्लाई बंद हो गई थी। पेयजल के अभाव में ग्रामीण एक किलोमीटर दूर दूसरे गांव से पीने का पानी लेकर आते थे।

विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बताया कि विभाग से एक करोड़ 80 लाख रुपये का बजट पानी की टंकी एवं पानी सप्लाई की व्यवस्था के लिए स्वीकृत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ललित बच्चा सोनकर, प्रधान सुशील दुबे, सखरेज पूर्व प्रधान शंकर सिंह, विनोद तिवारी, मोहित शुक्ला, भोले सिंह, ध्यानु ठाकुर, बबलू कटियार आदि लोग मौजूद रहे ।

### नवनियुक्त सहायिकाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

**शिवराजपुर।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में आज विकासखंड शिवराजपुर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए एक भव्य 'नियुक्ति पत्र वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर और ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर शुभम बाजपेई उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी नेमचंद्र और बाल विकास परियोजना अधिकारी रुचि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जानकारी के अनुसार, शिवराजपुर ब्लॉक में आंगनबाड़ी सहायिका के कुल 44 पदों के सापेक्ष 30 पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 22 सहायिकाओं को व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे गए। वहीं नवनियुक्त सहायिकाओं ने संकल्प लिया कि वे पूर्ण संवेदना और मनोयोग के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी।

## साइबर फ्रॉड गैंग के बैंक खातों की जांच की तेज

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र में साइबर ठगों पर पुलिस ने विगत दिनों बहुत बड़ी कार्रवाई की थी। इस मामले में 20 लोगों को जेल भेजा गया है।

क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में साइबर ठग सक्रिय है। क्षेत्र के साइबर ठग अब तक 4000 लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। क्षेत्र में सक्रिय साइबर फ्रॉड गैंग के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। एनसीआरपी पोर्टल और प्रतिबिंब सिस्टम से मिली खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने ड्रोन और सर्विलांस की मदद से विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने रेउना क्षेत्र स्थित ग्रामीण बैंक और पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं में पहुंचकर संदिग्ध खातों की जांच कर रही है।

गिरफ्तार किए जा चुके साइबर अपराधियों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। इन खातों से जुड़े लेन-देन की पूरी चेन को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने फ्रीज किए गए खातों से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई है। इन खातों के जरिए हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जांच में कई नए नाम सामने आए हैं। पुलिस अब नए संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। फ्रीज खातों से मिले सुरागों के आधार पर पूरे नेटवर्क की परतें खोली जा रही हैं। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ और बैंक रिकॉर्ड के मिलान में जुटी है।

अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी भी जांच पड़ताल जारी है किसी को भी छोड़ा नहीं जायेगा। आरोपियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी। ताकि और लोग साइबर क्राइम करने से पहले सौ बार सोचें।

# बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का किया गया सर्वे

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र में बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को पहुंची भारी क्षति को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार राजस्व टीमों ने गांव-गांव सर्वे रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को नायब तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व टीम ने क्षेत्र के तीन गांवों में जाकर फसलों के नुकसान का आकलन किया।

क्षेत्र में बीते दिनों आंधी के साथ हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार दो दिनों हुई जबरदस्त बारिश से खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, उड़द, मूंग व सब्जियों की फसल चौपट होकर रह गई है। तेज हवाओं के साथ बारिश व ओला गिरने से गेहूं की फसल गिर गई है, जिससे गेहूं का दाना काला पड़ने के



खराब पड़ी फसल का मुआयना करतीं तहसीलदार दिव्या भारती व अन्य। अमृत विचार

- क्षेत्र के नोनहा नर्सिंग, अमिलिहा व मालौं में जाकर किया मुआयना

साथ गुणवत्ता में गिरावट आने की आशंका है। वहीं दलहनी फैसलें पूरी तरह से चौपट हो चुकी हैं। प्राकृतिक आपदा को देखते हुए शासन स्तर से अधिकारियों को फसलों के नुकसान की तत्काल सर्वे रिपोर्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नायब तहसीलदार दिव्या भारती की अगुवाई में राजस्व टीम ने क्षेत्र के नोनहा नरसिंह, मालौं व अमिलिहा गांव में जाकर किसानों की बर्बाद हुई फसलों को देखा। नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में निरीक्षण कर सर्वे रिपोर्ट जल्द शासन को भेजी जाएगी।

## परिवार गया मेला, चोरों ने घर को बनाया निशाना

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** मुस्ता गांव में मेला देखने गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बना लिया। चोरों ने घर में घुसकर नकदी और लाखों के आभूषण चोरी कर लिए।

गांव निवासी छुन्नालाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पड़ोस के गांव जगदीशपुर में मेला देखने गए थे। इसी दौरान सूना घर पाकर चोरों ने उनके घर में घुसकर बक्से के ताले तोड़कर नकदी और लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिये। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच शुरू कर दी गई है और चोरों की तलाश की जा रही है।

**जगदीशपुर गांव में मेले से बाइक चोरी : शिवराजपुर** क्षेत्र के बाकर गंज गांव निवासी संदीप ने मेला देखने के समय बाइक चोरी होने पर तहरीर देकर थाना पुलिस से चोरों



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि जगदीशपुर गांव में चल रहे मेले से उनकी बाइक चोरी हो गई है। संदीप ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक मेले में खड़ी की थी, लेकिन जब वे वापस आए तो बाइक गायब थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में जुट गई है। इससे पहले भी जगदीशपुर गांव में चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## पड़ोसियों के विरुद्ध मारपीट की तहरीर

**हमीरपुर।** पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के दौरान पड़ोसी तीन युवकों ने घर के अंदर घुसकर अभद्रता करते हुए पति पर लाठी डंडों से मारपीट की। पत्नी ने तीनों युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी शिवकांती पत्नी श्यामलाल कुशवाह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घर में घरेलू बात को लेकर पति विवाद कर रहा था। तभी पड़ोस का ब्रिज किशोर पुत्र भूरा कुशवाहा आकर गाली गलौज करने लगा। शोरगुल सुनकर पड़ोस के मुक्कू पुत्र घपलू, लक्ष्मण पुत्र राम सेवक अपने हाथ में लाठी डंडा लिए हुए घर के अंदर घुस आए हैं और तीनों युवक पति के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे।

# चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कुआखेड़ा एवं ग्राम बेरिया में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम-बस्ती चौपाल कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने ग्राम के सम्मानित वरिष्ठजनों को सम्मानित किया।

भाजपाइयों द्वारा वरिष्ठजनों को सम्मानित करने के साथ साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम कुआखेड़ा में मंदिर परिसर एवं ग्राम बेरिया में गौशाला में साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को केंद्र



वरिष्ठजनों को सम्मानित करतीं भाजपा नेत्री। अमृत विचार

एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष नौरंगा संदीप तिवारी, पंकज प्रजापति, प्रधान कुआंखेड़ा दिनेश सचान, रामजी सिंह जादौन, राजेश मिश्रा, प्रतिपाल खंगार, दीपक सैनी, निरंजन प्रजापति, विकल्प बाजपेई, जनार्दन सिंह रहे।

# स्वच्छता अभियान में बांटे पत्रक

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को ककवन कस्बे में विशेष स्वच्छता और जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सफाई की। इसके बाद सरकार की नीतियों का प्रचारकरते हुए पत्रक बांटे।

अभियान की शुरुआत कस्बे के ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर से हुई, जहाँ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिलकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया। इसके पश्चात, कार्यकर्ताओं ने कस्बे के मुख्य मार्गों



भाजपाई को पटका पहनाते विधायक ।

पर भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक (पम्फलेट) वितरित किए गए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई क्षेत्रीय नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित भी किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सानू राठौर, अखिलेश अवस्थी, राहुल पांडे समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

बिल्हौर विधानसभा | मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य हुआ संपन्न

# 65 हजार से अधिक नाम काटे गए

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद नई सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। शुद्धिकरण की इस प्रक्रिया के बाद विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद वर्तमान में बिल्हौर विधानसभा में कुल 3,40,950 मतदाता शेष बचे हैं। गौरतलब है कि पिछले



लोकसभा चुनाव के समय इस क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 4,06,178 थी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान कुल 65,228 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम किन्हीं कारणों से कट गए हैं, उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले समय में नियमानुसार अभियान चलाकर पात्र लोगों के नाम पुनः जोड़े जाएंगे।

**480 बूथों पर सूची का प्रकाशनः** क्षेत्र के सभी 480 पोलिंग बूथों पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। आम नागरिक अपने संबंधित बूथ पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। प्रशासन का लक्ष्य एक त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है ताकि आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया ।

**सपा विधानसभा अध्यक्ष ने देखी मतदाता सूची:** वहीं सपा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने बूथ स्तर पर जाकर नई प्रकाशित मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक बूथ पर जाकर सूची का मिलान करें और सुनिश्चित करें कि किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे। साथ ही18 वर्ष के युवाओं और नई बहुओं के नाम दर्ज कराने के साथ-साथ फर्जी नामों को हटवाने पर जोर दिया गया।

**सभी बूथों की सूची का हुआ प्रकाशनः** एसडीएम संजीव दीक्षित नेकहा कि 480 बूथों पर हो चुका है। अपात्रों के नाम हटाकर सूची को शुद्ध किया गया है, पात्र व्यक्ति नाम जुड़वाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।



बच्चों के साथ मौजूद डॉ. हेमंत मोहन व अन्य चिकित्सक। अमृत विचार

### होम्योपैथी के जनक हैनिमैन की मनाई जयंती

**कानपुर।** होम्योपैथी के जन्मदाता डॉक्टर हैनिमैन की जयंती समारोह नेहरू नगर स्थित अंध विद्यालय में विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई गई। 100 से अधिक दृष्टिहीन बच्चों ने के काटा। आरोग्यधाम की टीम ने बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किए। आरोग्यधाम के संस्थापक स्वर्गीय रेवती रमनमोहन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला, कॉलेज के प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह ने पुष्पा मोहन को सम्मानित किया। आनंद शुक्ला ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली होम्योपैथिक दवाएं यदि लक्षणों के आधार पर दी जाएं तो चमत्कारिक सफलता मिलती है। डॉ. हेमंत मोहन ने कहा कि हैनिमैन जी के सिद्धांत पर आधारित होम्योपैथिक दवाएं निरंतर प्रयोग में लेट रहने से एंटीबायोटिक स्टेरॉयड एवं दर्द निवारक दावों के दुष्प्रभाव दूर होते हैं और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। डॉ. आरती मोहन, खाटू श्याम समिति के अध्यक्ष राजू अग्रवाल, आरएसएस के महेश कुमार मिश्रा, संजीव निगम, किशोर आहूजा, भारतीय निगम, राहुल शर्मा, अनुज, सत्यम शुक्ला आदि रहे।


**CARBON SPECIALITIES LIMITED**

CIN: L65929UP1985PLC111401

REGD OFF: 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur-208002 (UP)

Email: carbonspecialities85@gmail.com Contact: +91-9838823600 Website: http://carbon.in.net/

**NOTICE TO SHAREHOLDER**

Pursuant to the provisions of Section 110 of the Companies Act, 2013 read with rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 approval of the shareholders were sought by the mean of Postal Ballot (in Physical & Electronic Form) for delisting of the Equity Shares of the Company from the Calcutta Stock Exchange Limited in terms of Security and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021 and considering amendments as and when made. As specified in the Postal Ballot Notice dated 23RD February, 2026 read with the Special Resolution and Explanatory Statement attached thereto.

The Director of the Company has announced the results of the Postal Ballot process on the basis of the report dated 09TH April, 2026 submitted by the Scrutinizer CS Mohammad Tausif of Tausif & Associates appointed in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013.

Details of the Postal Ballot received in Physical & Electronic mode and the results are as follows:

| Sl. No. | Particulars | No. of Shares | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Promoters | Public | Total |
| A | Postal Ballot with ASSENT – Physical | 00 | 00 | 00 |
| B | Postal Ballot with ASSENT – Electronic | 4706780 | 849860 | 5556640 |
| A+B | Total Postal Ballot with **ASSENT** in physical and electronic mode | 4706780 | 849860 | 5556640 |
| C | Postal Ballot with DISSENT – Physical | NIL | NIL | NIL |
| D | Postal Ballot with DISSENT – Electronic | NIL | NIL | NIL |
| C+D | Total Postal Ballot with DISSENT in physical and electronic mode | NIL | NIL | NIL |

Note: The terms "Public Shareholders" and "Promoter Shareholders" have the same meaning as assigned to them under Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021.

Accordingly, the Special Resolution as set out in the Notice dated 23RD February,2026 was declared as Carried Unanimously.

By order of the Board of Directors
**Carbon Specialities Limited**
**Sd/-**
**Prabha Kaya**
Managing Director

**Place: Kanpur**
**Date: 10.04.2026**

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## गोविंदपुरी से अलीगढ़ के लिए मेमू 13 अप्रैल से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने दैनिक यात्रियों को सुविधा देते हुए गोविंदपुरी (कानपुर) से अलीगढ़ तक 13 अप्रैल 2026 से मेमू ट्रेन चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 04189/90 (गोविंदपुरी-अलीगढ़ विशेष) गाड़ी का संचालन नियमित गाड़ी के रूप में गाड़ी संख्या 64703/64704 गोविंदपुरी-अलीगढ़ मेमू प्रतिदिन (रविवार छोड़) किया जाएगा। इस मेमू ट्रेन में कुल 12 कोच होंगे।

गोविंदपुरी से प्रातः 7.20 बजे चलेगी। पनकीधाम 7.33 बजे, झींझक 8.14 बजे, फफूंद 8.30 बजे, भरथना 8.54 बजे, इटावा 9.10 बजे, शिकोहाबाद 9.48 बजे,



फिरोजाबाद 10.05 बजे, टूंडला 10.33 बजे, अलीगढ़ दोपहर 12.40 बजे पहुंचेगी।

अलीगढ़ से दोपहर 1.40 बजे रवाना होगी। हाथरस दोपहर 2.10 बजे, फिरोजाबाद 3.38 बजे, शिकोहाबाद सायं 4.10 बजे, इटावा सायं 4.48 बजे, भरथना सायं 5.10 बजे, फफूंद रात 5.35 बजे, झींझक सायं 5.50 बजे, रुरा सायं 6.10 बजे, रुरा 6.10 बजे, पनकीधाम 6.40 बजे, गोविंदपुरी सायं 7.20 बजे आएगी।

## 7 मई से पोर्टल पर दर्ज करें अपना-परिवार का ब्योरा

**जनगणना- 2027**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इस बार जनगणना में पहली बार नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने का विकल्प दिया गया है। 7 मई से 21 मई तक स्व-गणना की प्रक्रिया संचालित की जाएगी, इसमें आमजन घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना करेंगे। जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिकों की गणना होगी।

- 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर करेंगे मकान सूचीकरण और आवास गणना
- जिले में 13 हजार से अधिक कार्मिकों की जनगणना कार्य के लिए की जा रही है तैनाती
- पहले चरण में गिने जाएंगे मकान फिर दूसरे चरण में की जाएगी नागरिकों की गणना
- पहली बार जनगणना में किस जाति के कितने नागरिक हैं, यह आंकड़ा भी होगा तैयार



**मकान सूचीकरण में दर्ज किए जाएंगे 33 विवरण**

आवास सूचीकरण चरण में सर्वेक्षक भवन के उपयोग, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, स्वामित्व की स्थिति, जल, विद्युत और शौचालय की उपलब्धता, खाना पकाने के ईंधन के प्रकार तथा फोन, वाहन और टेलीविजन जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार के विवरण दर्ज करेंगे।

**इस तरह कर सकेंगे स्व-गणना:** इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। पहली बार नागरिक जनगणना से पूर्व निर्धारित अवधि में सेंसस सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल के माध्यम से अपनी गणना कर सकेंगे। स्व-गणना के लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपने राज्य यूपी का चयन कर पंजीकरण करना होगा। परिवार के मुखिया का नाम और दस अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही परिवार का पंजीकरण होगा। इसके बाद नागरिक अपनी पसंद की भाषा चुनकर जिले, पिन कोड तथा गांव या शहर की जानकारी दर्ज कर सकेंगे और मानचित्र पर लाल संकेतक के माध्यम से अपने आवास का सटीक स्थान चिह्नित कर सकेंगे। इसके बाद मकान सूचीकरण और परिवार से संबंधित प्रश्नावली भरनी होगी। सभी विवरण दर्ज करने के बाद प्रिव्यू स्क्रीन पर भरी गई जानकारी की जांच कर सकेंगे। जानकारी सही होने पर "फाइनल सबमिट" करते ही एक विशिष्ट 11 अंकों की स्व-गणना पंजीकरण संख्या मोबाइल या ईमेल के माध्यम से उपलब्ध होगी। जब जनगणना प्रगणक घर पहुंचेगा तो नागरिकों को यह स्व-गणना पंजीकरण संख्या उपलब्ध करानी होगी। यदि दर्ज जानकारी उपलब्ध अभिलेखों से मेल खाएगी तो सत्यापन कर लिया जाएगा, अंतर मिलने पर प्रगणक आवश्यक जानकारी पुनः एकत्र करेगा।

### सिटी ब्रीफ

**आधार कार्ड मान्य नहीं, कोई प्रमाणपत्र दें**

**कानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम सागर ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में अब आवेदक की आयु निर्धारण के लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को मान्य नहीं माना जाएगा। इस संबंध में पूर्व शासनादेश में आंशिक संशोधन किया गया है। अब योजना के अंतर्गत आवेदन करते समय आयु प्रमाण के रूप में निम्न में से किसी एक अभिलेख को अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। जैसे परिवार या कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी केवल उन्हीं आवेदन पत्रों को अग्रसारित करेंगे, जिनमें उपरोक्त आवश्यक अभिलेख संलग्न होंगे। इसके अतिरिक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा भी भुगतान हेतु प्राप्त प्रतीक्षा सूची के आवेदन पत्रों का पुनः परीक्षण किया जाएगा।

**छात्रवृत्ति वितरण होगा आज**

**कानपुर।** ऑल इण्डिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेंशनर्स, द्वारा शनिवार 11 अप्रैल को पूर्वाह्न 11:30 बजे ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, जवाहर नगर, कानपुर में गरीब एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की जाएगी।

**सीडीटीपी योजना का समापन**

**कानपुर।** भारत सरकार की कौशल विकास योजना कम्युनिटी डेवलपमेंट थ्रू पॉलिटेक्निक (सी.डी.टी.पी.), जो उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक, कानपुर नगर द्वारा मुख्य एवं विस्तार केंद्रों पर संचालित की जा रही थी, का समापन शुक्रवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया। योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न ट्रेडों—कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेल्डिंग एंड फैब्रिकेशन, मोबाइल रिपेयरिंग तथा हाउस वायरिंग—के दोनों बैचों के प्रशिक्षुओं को पाठ्यक्रम पूर्ण होने एवं मूल्यांकन के उपरांत संस्थान सभागार में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**ऑटो वालों का कब्जा**

**कानपुर।** अति व्यस्त विजय नगर चौराहे पर मेट्रो के काम के कारण सड़क संकरी हो गई है और ऊपर से ठीक चौराहे पर दिन भर आटो और ई रिक्शा का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे वाहन तो छोड़िए, पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कत आती है।

# कानपुर में कुल 28,51,060 वोटर

### एसआईआर के तहत मतदाता सूची से 6 लाख 87 हजार से अधिक नाम काटे गए

**वोटर लिस्ट फाइनल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शुक्रवार को किया गया। जिसमें कानपुर नगर में 6 लाख, 87 हजार, 201 मतदाताओं के नाम कट गये हैं और अब कानपुर नगर में कुल 28,51,060 मतदाता हैं।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी मतदाता सूची के अनुसार सबसे ज्यादा छावनी विधानसभा और कल्याणपुर विधानसभा में मतदाताओं के नाम कटे हैं। जिलाधिकारी ने पांच मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों एवं दो राज्य स्तरीय दलों को अंतिम मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई। अभियान में सहयोग के लिए जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, राजनीतिक दलों, मीडिया प्रतिनिधियों, समस्त बीएलओ एवं एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्मिकों का आभार जताया। बताते चलें कि 27 अक्टूबर 2025 से 1 अप्रैल 2026 तक कुल 2,38,204 फॉर्म-6, 27,097 फॉर्म-7, तथा 76636 फॉर्म-8 स्वीकृत किए गए।



- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के बाद मतदाता सूची जारी
- सबसे ज्यादा छावनी विधानसभा और कल्याणपुर में मतदाताओं के नाम काटे गए

**10 विधानसभा क्षेत्र में कुल 28,51,060 में 13,15,656 महिला मतदाता**

- शुक्रवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कानपुर जनपद के 10 विधानसभा क्षेत्र में कुल 28,51,060 मतदाता हैं। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 15,35,294 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 13,15,656 है। थर्ड जेंडर के 110 मतदाता हैं। मतदाता सूची के अनुसार जनपद में कुल 23 919 दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें 15,186 पुरुष मतदाता तथा 8731 महिला मतदाता हैं, जबकि 2 दिव्यांग श्रेणी के मतदाता थर्ड जेंडर से संबंधित हैं। इसी प्रकार आयु के अनुसार 18-19 आयु वर्ग के 38,053, 20-84 आयु वर्ग के 27,99,560 तथा 85 आयु वर्ग के 13,447 मतदाता हैं।

**किस विधानसभा में कितने मतदाता**

- बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में 3,40,950
- बिठूर विधानसभा क्षेत्र में 3,44,036
- कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,64,636
- गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,57,330
- सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 2,12,940
- आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,21,779
- किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,73,355
- कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र में 2,69,396
- महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में 3,69,379
- घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,97,259

## मतदाता सूची में साजिश की बू आ रही: कांग्रेस

**कानपुर।** अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार को हो गया। मतदाता सूची की जांच कांग्रेस ने शुरू की है और कहा है कि इसमें साजिश की बू आ रही है।

शुक्रवार को कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि मतदाता सूची की जांच का कार्य कांग्रेस टीम ने घर-घर जाकर करने का काम शुरु कर दिया है। महानगर अध्यक्ष का आरोप है कि एक साजिश के तहत मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। ऐसे मतदाताओं के नाम पुनः सूची में जुड़वाने के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया गया। पार्टी के बीएलए फॉर्म 6 (मतदाता पंजीकरण फॉर्म) के तहत नए मतदाताओं का नाम जुड़वाएंगे। इसके लिए वार्ड स्तर पर कैंप लगाएंगे। बैठक में शंकर दत्त मिश्रा, हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खां, इकबाल अहमद, प्रमोद गुप्ता,चंद्रमणि मिश्रा आदि थे।

## हत्या में आजीवन कैद पाए कैदी की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हमीरपुर का रहने वाला था, पैनल व वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम
- नवंबर 2021 में हुई हत्या में बीती 24 फरवरी को हुई थी उम्रकैद

**अमृत विचार।** हत्या में सजायाफ्ता बुजुर्गकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अचानक बीपी लो होने पर कैदी को हैलट में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के पैनल व वीडियोग्राफी से कैदी का पोस्टमार्टम हुआ। परिजनों ने बताया कि हत्या में परिवार के सात लोगों को जेल भेजा गया था। जिसमें महिला को कोर्ट ने बरी किया था। कैदी के एक बेटे की अंडर ट्रायल मौत हो गई थी। चार कैदी अभी भी जेल में हैं।

हमीरपुर के राठ मवई निवासी अर्जुन की नवंबर 2021 में हत्या हुई थी। जिसमें एक ही परिवार के सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। 75 वर्षीय राम किशोरी, उनकी पत्नी संपतरानी, बेटा अरविंद, धीरेंद्र, वीर सिंह, भाई राम भरत उनका बेटा शत्रुघ्न के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सातों को हमीरपुर जेल भेजा था। संपतरानी को कोर्ट ने बरी किया, जबकि अरविंद की दो जनवरी 2024 को अंडर ट्रायल मौत हो गई थी। बाकी आरोपियों को दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने बीती 24 जनवरी को आजीवन कैद की सजा सुनाई थी।

राम किशोरी के भतीजे भान सिंह ने बताया कि बीती चार अप्रैल को जेल में राम किशोरी का अचानक बीपी लो हो गया था। जिस पर जेल में ही प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर किया गया था। यहां उनका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। स्वरूपनगर पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम भिजवाया। केपीएम के डॉ. शरद चंद्र व उर्सला के डॉ. जफर हयात के पैनल व वीडियोग्राफी में कैदी का पोस्टमार्टम हुआ।

## आठ शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली

**कानपुर।** शहर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में साउथ जोन में आठ शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। इनमें सेन पश्चिम पारा के कल्याणपुर निवासी अजय कुमार साहू पर अलग-अलग थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह 11 मुकदमे वाले गोविंद नगर दादानगर के मिश्री लाल चौराहा निवासी सुमित यादव, 9 मुकदमे वाले साढ़ के बेरीखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ युवराज, 7 मुकदमे वाले बाबूपुरवा खटिकाना के पीयूष सोनकर, 7 मुकदमे वाले बिधनू ग्राम भारू के कमल सिंह भदौरिया, 6 मुकदमे वाले घाटमपुर के पूर्वी कस्बा निवासी दिलशाद उर्फ लोहा, 6 मुकदमे वाले बर्रा एलआईजी निवासी आकाश प्रताप सिंह उर्फ किशन और 5 मुकदमे वाले नौबस्ता के बसंत विहार धरीपुरवा निवासी आयुष गुप्ता उर्फ पुच्ची की हिस्ट्रीशीट खोली गई।

## पुलिस ने अपराधियों को किया जिलाबदर

**कानपुर।** शहर में शातिर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई का दौर जारी है। इसी क्रम में जेसीपी मुख्यालय-अपराध संकल्प शर्मा ने सेंट्रल जोन के दो अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है। नवाबगंज के विष्णुपुरी निवासी पुनीत त्रिवेदी व रावतपुर कच्ची बस्ती शारदा नगर निवासी शिवम उर्फ चुनौटी उर्फ चिनौटी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुनीत पर 5 तो चुनौटी पर चार मुकदमे दर्ज हैं।

## प्लेटफार्म नंबर 1 पर आधुनिक भोजनालय की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण खानपान सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्लेटफार्म संख्या-1 पर एक नए आधुनिक भोजनालय का शुभारंभ किया गया है।

शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स), हरिमोहन के निर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/कानपुर, पवन कुमार एवं आईआरसीटीसी के सलाहकार, अनिल तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर भोजनालय का उद्घाटन किया गया । भोजनालय में यात्रियों को स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए विविध प्रकार के व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां दक्षिण भारतीय व्यंजन, पौष्टिक एवं संतुलित थाली, जन आहार, स्वल्पाहार, चाय, कॉफी तथा अन्य स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ उचित दरों पर उपलब्ध होंगे। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस भोजनालय के प्रारंभ होने से यात्रियों की यात्रा अधिक सुखद, आरामदायक एवं सुविधाजनक बनेगी।



सेंट्रल स्टेशन पर मौजूद रेलवे की टीम। अमृत विचार

- दक्षिण भारतीय व्यंजन, पौष्टिक, थाली, जन आहार, स्वल्पाहार, चाय, कॉफी मिलेगी

## सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे की गिरफ्तारी को लगीं दो टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुकानदार को कार से टक्कर मारकर घसीटने का मामला
- क्रेन से आरोपी के घर से कार उठाकर पुलिस ले गई थाने

**अमृत विचार।** चकेरी में सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगी हैं। वहीं उसकी कारण पुलिस क्रेन से उसके घर से खींचकर ले गई। बतादें कि नशे में धुत आरोपी का कई लड़कों से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने कार हाईस्पीड में दौड़ाकर लड़कों को कुचलने का प्रयास किया। कार के सामने सड़क किनारे फास्टफूड की दुकान किए युवक आ गया और बोनट में फंस गया। आरोपी ने उसे कुछ दूरी तक घसीटा था। इसके बाद नाली में गिराकर भाग निकला था।

सनिगवां के सजारी फेस-टू में बीती चार अप्रैल की रात को सेवानिवृत्त दरोगा का बेटा रोहित कुमार शराब के नशे में कार लेकर निकला था। उसका कई युवकों से विवाद हो गया था। जिसके बाद आरोपी ने सड़क पर स्पीड में कार दौड़ाई और फास्टफूड दुकानदार धूमित पांडेय को टक्कर मार दी थी। धूमित के बोनट में फंसने पर आरोपी ने उसे करीब पचास मीटर तक घसीटा था। घटना के बाद पीड़ित के भाई ने सनिगवां चौकी में शिकायत की थी। लेकिन उसे टरका दिया गया।

फिर चार दिन बाद घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। अब पुलिस की दो टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगी हैं। इसके अलावा बीते गुरुवार की रात पुलिस आरोपी के घर से कार को क्रेन से उठवाकर थाने ले आई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। कार सीज की कार्रवाई की जाएगी।

**सुविधा** | आम जनता को किफायती दरों पर फिजियोथेरेपी और अन्य चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी

## सीएसजेएमयू में 250 बेड के अस्पताल की जगह की गई चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) परिसर में 250 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण के लिए बजट आवंटन के बाद स्थान चिह्नित कर लिया गया है। यह अस्पताल चिकित्सा शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जिसमें आम जनता को किफायती दरों पर फिजियोथेरेपी तथा अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अस्पताल बनने पर विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ छह नए स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम मेडिकल लेबोरेटरी साइंस, फिजियोथेरेपी, ऑप्टोमेट्री और मेडिकल रेडियोलॉजी इमेजिंग टेक्नोलॉजी संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही बीएससी नर्सिंग कोर्स भी शुरू होगा, जिसकी मान्यता के लिए न्यूनतम 100 बेड के अस्पताल की अनिवार्यता होती है।

250 बेड के अस्पताल के लिए वित्त समिति की बैठक में 25 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने अस्पताल निर्माण के लिए मुख्य गेट के पास पार्किंग स्थल और उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय के बीच खाली पड़ी जमीन चिह्नित की है। अस्पताल का मुख्य द्वार जीटी रोड पर अलग से बनाया जाएगा, पार्किंग भी अलग बनेगी। तीन मंजिला अस्पताल की डिजाइन और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट लगभग बनाई जा चुकी है। अस्पताल में आईसीयू, एनआईसीयू और आपातकालीन सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल भवन का निर्माण विश्वविद्यालय प्रबंधन को करना है, जल्दी ही शिलान्यास कर काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। अस्पताल का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा।

**पहले खुलेगा दो मंजिला न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर:** विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार पहले चरण में अस्पताल के बगल में दो मंजिला न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसमें न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को विशेष उपचार और पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस परियोजना पर 19 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होगा, जिसमें शासन आठ करोड़ की पहली किस्त जारी कर चुका है। इसका निर्माण 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

- उच्च शिक्षा विभाग कार्यालय के पास खाली पड़ी जमीन पर जीटी रोड की तरफ होगा निर्माण
- जल्द काम शुरू करने की तैयारी अस्पताल का मुख्य द्वार और पार्किंग अलग से बनाई जाएगी
- अस्पताल बनने पर चिकित्सा शिक्षा से जुड़े छह नए स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू होंगे




- 250 बेड का अस्पताल शुरू होने पर छह पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इनमें पांच पाठ्यक्रमों में स्नातक और परास्नातक स्तर तक की पढ़ाई होगी, जबकि एनेस्थीसिया एंड आपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर की पढ़ाई होगी। विश्वविद्यालय की वित्त समिति और कार्य परिषद से स्वीकृति मिलने के बाद बाद इन पाठ्यक्रमों की रूपरेखा को नए सिरे से तैयार किया गया है।

**250** बेड अस्पताल की होगी क्षमता

**1.25** लाख स्क्वायर फिट होगा क्षेत्रफल

**50** करोड़ रुपये कुल बजट

**25** करोड़ रुपये स्वीकृत

**03** मंजिल ग्राउंड फ्लोर समेत



"वर्तमान में विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में रियायती दरों पर स्वास्थ्य एवं जांच परीक्षण सुविधाएं आमजन को उपलब्ध कराई जाती हैं, फिजियोथेरेपी सेंटर भी चल रहा है। 250 बेड का अस्पताल बनने पर ओपीडी और भर्ती दोनों में एडवांस हेल्थकेयर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें इलाज खर्च निजी अस्पतालों के मुकाबले काफी कम होगा।

-प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलपति।

सिटी ब्रीफ

### ऑटो चालक से वसूली करने पर मुकदमा

**कानपुर।** चकेरी के रामादेवी चौराहा पर अवैध टेंपो स्टैंड पर ऑटो चालक से वसूली करने पर एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चकेरी निवासी ऑटो चालक रोहित शुक्ला के अनुसार वह रामादेवी चौराहा से मंधना वाले रूट पर ऑटो चलाते हैं। आरोप है कि वह जब रामादेवी चौराहा पर सवारी भरते हैं तो अवैध स्टैंड संचालक के गुर्गे टिंकू शुक्ला वसूली करता है। जिसका विरोध करने पर मारपीट कर धमकाता है। इस पर पीड़ित रोहित ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### मुकदमा वापसी को लेकर मां-बेटे की हत्या का प्रयास

**कानपुर।** बर्रा-दो इलाके में मुकदमा वापस लेने के दबाव में पत्नी व बेटे की हत्या का प्रयास के मामले में कार्रवाई न होने पर पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। आरोप है कि पति ने 15 वर्षीय बेटे का गला दबाया और पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिससे मां-बेटे में दहशत है। सेक्टर तीन एमआईजी निवासी स्नेहा गुप्ता ने बताया कि छह अप्रैल को करीब 10 बजे रात में पति पारस गुप्ता, सास नीलम, देवर पार्थ और देवरानी इतिशा जबरन कमरे में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बेटे अध्यांश उर्फ ओम का गला दबाने की कोशिश की। शोर मचाने पर घर में तोड़फोड़ की। पीड़िता का कहना है कि अगली सुबह बर्रा थाने में शिकायत किया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। तब उनके निर्देश पर मामला दर्ज हुआ।

### मकान का ताला तोड़कर 16 लाख की चोरी

**कानपुर।** नजीराबाद के लक्ष्मीरतन कॉलोनी में रहने वाली रिंकी साहू के अनुसार बीती चार मार्च को उनकी सास का निधन हुआ था। इस पर वह परिवार समेत बिहार के मधुबनी तीसी बलिया गई थीं। 29 मार्च को वापस लौटने पर कमरे में दूसरा ताला लगा मिला। इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ताला तोड़कर देखा तो अलमारी भी टूटी मिली और उसमें रखे करीब 15 लाख के जेवर व एक लाख रुपये नकद गायब थे। आरोप है कि किराएदार गौरव व उसकी पत्नी नीतू ने कमरे का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद दूसरा ताला लटका दिया। यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद बिना किसी पूछताछ के छोड़ दिया।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दौड़ा रहे बाबू, दे रहे झूठे आश्वासन

## अपर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के 250 मामले लम्बित हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए कई लोग तीन माह या इससे भी अधिक समय से जोनल कार्यालयों व जन्म -मृत्यु कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके हैं। प्रमाण पत्र के नाम पर लिपिकों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। इसकी वजह से परेशान हो चुके कई लोग नगर मुख्यालय में नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय और महापौर प्रमिला पांडेय को पत्र लिखकर शिकायत कर रहे हैं।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में आ रही दिक्कतों की वजह जानने के लिए शुक्रवार को नगर आयुक्त जोनल कार्यालय-5 पहुंचे, जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, जोनल अभियन्ता कमलेश पटेल, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी-5 अवनीश यादव मौके पर पहुंचे। जब वह जन्म-मृत्यु कार्यालय के पहुंचे तो खिड़की के बाहर करीब 50 लोग लोग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए खड़े मिले। जन्म-मृत्यु के लिए आवश्यक जरूरी प्रपत्र का बोर्ड भी नहीं लगा मिला, जो पर्चा दीवार पर चस्पा था, वह भी फटा था। नगर आयुक्त ने लोगों की शिकायतें सुनीं। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते तीन माह से जन्म प्रमाण पत्र के लिए वह भटक रहे है, लिपिक द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता है, बस कल आने की बात कहकर टाल देते हैं। इस सम्बन्ध में जन्म-मृत्यु कार्यालय के लिपिक से नगर आयुक्त ने पूछताछ की तो उसने बताया कि ज्यादातर मामले पुराने हैं और अपर नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय में लगभग 250 जन्म-मृत्यु के मामले लम्बित हैं, जिससे अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि सबसे पहले खिड़की के बाहर जन्म-मृत्यु के लिए जरूरी प्रपत्र व नियम-शर्तो का बोर्ड लगाया जाए, साथ ही यहां पर एक छोटा हॉल लोगों के बैठने के लिए बनाया जाए। वॉटर कूलर व पंखे की व्यवस्था की जाए और जो भी नागरिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आए, उसे सही जानकारी दी जाए। जन्म-मृत्यु के सभी प्रपत्रों को जोन के सीएफसी पोर्टल पर दर्ज किया जाए, ताकि जन्म-मृत्यु की सही जानकारी हो सके। अपर नगर मजिस्ट्रेट से वार्ता कर तीन दिन में सारे लम्बित मामले निस्तारित कराए जाने के निर्देश दिए।



जोनल कार्यालय-5 में निरीक्षण करते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

### अनुपस्थित नौ लाइनमैनों का वेतन काटा

- नगर आयुक्त मार्ग प्रकाश विभाग में मौके पर लाइनमैन एक प्रकाश बिन्दु की मरम्मत करते मिला। मौके पर सम्बन्धित लिपिक द्वारा जॉब बुक व इंडेंट बुक नहीं प्रस्तुत किया गया। कार्यालय में पीछे काफी मात्रा में लाइटें पड़ी मिलीं, जिसके सम्बन्ध में लाइनमैन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। फेस रीडिंग मशीन पर लाइनमनों की जब उपस्थित चेक की तो नौ लाइनमैन अनुपस्थित मिले। नगर आयुक्त ने रोष व्यक्त करते हुए सभी नौ लाइनमैन का एक दिन का वेतन काटने और जोनल अधिकारी को इन सभी लाइनमनों की नियमित फेस रीडिंग से उपस्थिति चेक करने के निर्देश दिए।





डाकघर पर अग्निकांड पीड़ितों का प्रदर्शन। अमृत विचार

# अग्निकांड पीड़ितों ने किया व्यापारियों के साथ प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को डाक द्वारा ज्ञापन भेजकर मुआवजे की मांग
- आरोप है कि केस्को की लापरवाही से फल-सब्जी मंडी जली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के तत्वाधान में व्यापारियों ने फूलबाग फल एवं सब्जी मंडी में हुई भीषण आगजनी की घटना के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और इस घटना के लिए केस्को की कथित लापरवाही बताते हुए पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। इस संबंध में डाक के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा गया।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारी और पीड़ित व्यापारी बड़ा चौराहा स्थित प्रधान डाकघर (जीपीओ) पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया। मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार ने आरोप लगाया कि मंडी क्षेत्र में जर्जर बिजली के तारों और केस्को की अनदेखी की वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लगी। इस अवसर पर इस अवसर पर संगठन मंत्री आनंद गुप्ता, अजय आनंदी, अजय श्रीवास्तव शीलू, रूबी कटेरिया, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण अंचल तक परिवहन बसों को जोड़ने की योजना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री परिवहन योजना-2026 के अंतर्गत जनपद में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें बसों के संचालन तथा दूरस्थ क्षेत्रों को यातायात सुविधा से जोड़ने पर चर्चा की गई।

परिवहन अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत जनपद में कुल 10 बसों का संचालन प्रस्तावित है। इन बसों का संचालन ऐसे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से किया जाएगा जहां से नगर मुख्यालय तक नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा सीमित या उपलब्ध नहीं है। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को नगर मुख्यालय से जोड़ा जाएगा, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित आवेदकों की पात्रता एवं अभिलेखों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा आवश्यक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता हो। पात्र आवेदकों को बस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन, सहायक समाज कल्याण अधिकारी (प्रशासन), क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक किदवई नगर डिपो सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आर्थिक तंगी में बुजुर्ग ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में माली हालत से परेशान बुजुर्ग ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।



छिद्दन सक्सेना।

नक्टू गांव निवासी 75 वर्षीय छिद्दन सक्सेना खेती-किसानी के साथ सिलाई का काम करते थे। परिवार में पत्नी रामबेटी, शादीशुदा छह बेटियां व बेटा शिव है। बेटे ने बताया कि गुरुवार रात पिता घर के बाहर सोने के लिए चले गए। सुबह जब मां सोकर उठीं तो पिता को बिस्तर पर नहीं पाया। दो घंटे बाद उनकी तलाश शुरू की गई। इसी बीच ग्रामीणों से पता चला कि भाऊपुर-सुरार के बीच रेलवे लाइन पर बुजुर्ग का शव मिला है। परिजन पहुंचे तो शव देखकर फफक पड़े। शिव के अनुसार सभी बहनों की शादी के बाद पिता के पास जमा पूंजी नहीं बची थी। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण तनाव में रहते थे। जिसके चलते उन्होंने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है।

### डंपर की टक्कर से प्राइवेट कर्मी की मौत



हरिशंकर।

- **कानपुर।** सचेंडी में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस ने हैलट भेजा। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मूलरूप से बरेली के फरीदपुर ततारपुर गौटिया निवासी 22 वर्षीय हरिशंकर एक शीतलपेय कंपनी में नौकरी करते थे। परिवार में पिता पातीराम, मां टिकोला, भाई रमेश हैं। भाई ने बताया कि हरिशंकर किसाननगर में किराए पर कमरा लेकर अकेले रहते थे। गुरुवार दोपहर वह बाइक से कमरे पर खाना खाने जा रहे थे। तभी रास्ते में किसाननगर पेट्रोल पंप के पास तेज गति डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी थी। पुलिस ने हैलट भेजा। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालकर डंपर नंबर व चालक के बारे में पता लगा रही है।

# नशेबाजों ने मचाया बवाल रेस्टोरेंट में मारपीट, फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दक्षिणी जोन के गोविंदनगर इलाके में गुरुवार देर रात नशेबाजी के विवाद में रेस्टोरेंट के अंदर व बाहर जमकर मारपीट हुई। दहशत फैलाने के लिए ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की गई। आधी रात हुई इस घटना ने पुलिस की गश्त व मुस्तैदी पर सवाल खड़े हुए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

रेस्टोरेंट संचालक साहिब सिंह का सीटीआई चौराहा पर नॉनवेज का रेस्टोरेंट है। उनके अनुसार लेबर कॉलोनी निवासी जतिन व गौरव अरोरा देर रात खाना खाने आए थे। दोनों शराब के नशे में थे। रात करीब 1:30 बजे किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद जतिन ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में करीब आधा दर्जन बाइक से 10-12 युवक मौके पर पहुंच गए और गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे संचालक और कर्मचारियों को भी धमकाया। आरोप है कि इसी दौरान किसी ने एक के बाद एक तीन राउंड फायरिंग कर दिया। फायरिंग से वहां मौजूद लोग सहम गए और पीछे हट गए। फिर घटना की जानकारी यूपी 112 को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि मारपीट की बात सामने आई है। फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

# नगर निगम अभी तक नहीं हटा सका डालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को आई आंधी और जमकर हुई बारिश में गिरे पेड़ों को अभी तक सड़क, सड़क के किनारे व फुटपाथ से नहीं हटाए जा सके हैं जबकि नगर निगम के अधिकारियों का दावा किया गया है कि मुख्य मार्गों से पेड़ हटाए जा चुके हैं।

शहर में शास्त्री नगर, चैन फैक्ट्री चौराहा, फजलगंज से बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहा, कंपनी बाग चौराहा, अफीसर्स कॉलोनी, स्वरूप नगर, काकादेव थाने के पास, आरटीओ कार्यालय समेत आदि जगहों पर पेड़ गिरे हुए हैं, जिनकी कटिंग के बावजूद उनको मौके से नगर निगम द्वारा हटाया नहीं जा सका है, जिसकी वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय को भी शुक्रवार फजलगंज चौराहा से बैंक ऑफ बडौदा चौराहे तक पेड़ों की कटिंग काफी मात्रा में मिली। नगर आयुक्त के मुताबिक उन्होंने निर्देश दिया है कि शुक्रवार को ही यहां से पेड़ों की कटिंग को हटाया जाए। इसके अलावा मार्गप्रकाश विभाग के आईजीआरएस की समीक्षा में मार्गप्रकाश व्यवस्था का फीडबैक अत्यन्त खराब मिला है। प्रभारी अधिकारी मार्गप्रकाश के सख्त निर्देश दिये गए है कि जनता के बीच जाकर शिकायतों को निस्तारित किया जाए।

कहां है स्वच्छता अभियान



बड़ा चौराहे के पास प्लाट के बाहर सड़क पर लगा कूड़े का ढेर। • अमृत विचार

# भाइयों से विवाद के बाद फैक्ट्री कर्मी ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

- पुलिस कुछ देर पहले ही समझाकर लौटी थी, उसके बाद फंदे पर लटका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार में पारिवारिक विवाद के बाद फैक्ट्रीकर्मी ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह भाइयों से मामूली बात पर झगड़ा हुआ। इसके बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। मां जब उसे बुलाने पहुंची तो फंदे से लटका पाया।

नौबस्ता के संजयगांधी नगर निवासी 30 वर्षीय प्रदीप वर्मा दादानगर की जूता फैक्ट्री में काम करता था। परिवार में मां वसंती और तीन बड़े भाई शैलेश, बृजेश व संदीप साथ रहते हैं। परिजनों ने बताया कि प्रदीप का शादी के एक साल बाद ही तलाक हो गया था। वह अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करता था। शुक्रवार सुबह बाथरूम में पानी भरने को लेकर भाइयों से कहासुनी हो गई। समझाने पर उसने खुद ही यूपी 112 को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और समझाकर लौट गई। इसके बाद प्रदीप ने कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद मां जब उसे बुलाने पहुंची तो दरवाजा बंद मिला और अंदर उसका शव लटका देख चीख-पुकार मच गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या की है। जांच की जा रही है।

### व्यापार मंदा होने से परेशान युवक ने दी जान

- **कानपुर।** फीलखाना के करांचीखाना निवासी 42 वर्षीय मनीष गुप्ता कोल्डड्रिंक व नमकीन के थोक कारोबारी थे। परिवार में पत्नी कर्णिका और बेटा आरुण है। छोटे भाई मयंक ने बताया कि व्यापार मंदा होने की वजह से वह कई दिनों से परेशान चल रहे थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव फंदे से उतारा। फॉरेंसिक टीम ने जांच की। शव पोस्टमार्टम भेजा।

# युवाओं को स्किल बढ़ाने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में युवा अपने कौशल को निखारने के लिए अब प्रवेश ले सकेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से संस्थानों में लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इस लक्ष्य के तहत 1550 सीटों पर युवा विभिन्न ट्रेड में प्रवेश हासिल कर सकेंगे। प्रवेश के लिए युवाओं को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 30 अप्रैल तक संस्थानों को बैच बनाना तय किया गया है।

मिशन की ओर से आए सीटों के लक्ष्य में 150 सीटें सभी राजकीय आईटीबाई, यूपिका के लिए सौ सीटों का निर्धारत किया गया है। इसी तरह मिशन की ओर से कानपुर नगर के लिए निर्धारित प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर में 13 सौ सीटों को निर्धारित किया गया है। इन संस्थानों में युवा विभिन्न ट्रेड में अपने कौशल को निखारकर करियर बना सकते हैं। ट्रेड की बात की जाए जाए तो इनमें अपेरल, हेल्ड एंड केयर, ग्रीन जॉब, ब्यूटी एंड वेलनेस, निर्माण व ऑटो मोटिव सहित अन्य ट्रेड को शामिल किया गया है। इन ट्रेड में कक्षा 8 से 12वीं तक के अभ्यार्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।

युवाओं के लिए आए लक्ष्य पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं के लिए मिशन की ओर से जारी ट्रेड बेहद उपयोगी है। ऐसे युवा जो अपने कौशल को निखारना चाहते हैं वे इन ट्रेड में प्रवेश लेकर अपना करियर बना सकते हैं। मिशन की ओर से प्रवेश लेने वाले युवाओ को कई सहूलियतें भी हासिल होती है।

### प्रवेश में आरक्षण का भी मिलेगा लाभ

- कौशल विकास मिशन की ओर से जिले में सीटों के लक्ष्य के आधार पर प्रवेश लिए जाने हैं। इन सीटों पर आवेदन करने वाले युवा आरक्षण का भी लाभ उठा सकेंगे। मिशन की ओर से जारी गाइड लाइन में प्रवेश लेने के दौरान 33 फीसदी युवतियों व 5 फीसदी दिव्यांगों के लिए सीटें आरक्षित की गई है। इसके अलावा खास बात यह है कि बहुत अधिक योग्यता न होने के बावजूद युवा इन सीटों पर प्रवेश हासिल कर सकेंगे।

# नरवल में गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**कानपुर।** शुक्रवार को नरवल के एक गांव में भीषण आग लगी जिसकी सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गेहूं का खेत जलकर पूरा तरह खाक हो गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि मिनी कंट्रोल से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बुकनई पाली थाना नरवल में गेहूं की फसल में आग लगी है जिस पर तत्काल फायर अफसर नरवल से दमकल के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि किसी ने बीड़ी या सिगरेट पीकर खेत में फेंक दिया जिससे घटना हो गयी।

सख्ती | स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल्याणपुर में निजी अस्पतालों पर की कार्रवाई

# चार अवैध अस्पताल सील, 10 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किडनी कांड के बाद स्वास्थ्य विभाग अपना सख्त रूख अपना रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल्यानपुर थाने की पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चार निजी हॉस्पिटलों पर सील की कार्रवाई की। एक अस्पताल की ओटी सील की और 10 निजी अस्पतालों के मानक अधूरे मिलने व प्रशिक्षित स्टाफ न होने पर उनको नोटिस थमाया। नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि कल्यानपुर स्थित 15 निजी अस्पतालों का शुक्रवार औचक निरीक्षण किया गया है, जिनमे दिव्य हॉस्पिटल, एमएस हॉस्पिटल, जी-वन हॉस्पिटल व रिलैक्स हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित मिले और तय मानक भी अधूरे थे, जिनपर तत्काल प्रभाव से टीम के साथ सीलिंग की कार्यवाही की गई। सील अस्पतालों का अगर संचालन होते मिलता है तो उनपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इनके अलावा अनुष्का प्रांजुल हॉस्पिटल में ऑपरेशन थियेटर को सील किया गया, यहां पर बिना मानक के ओटी का संचालन किया जा रहा था। वहीं, प्रांजुल हॉस्पिटल, खाटू श्याम हॉस्पिटल, मां वैष्णवी हॉस्पिटल, एएस मल्टीस्पेशिलिटी पॉलीक्लीनिक, मोहित हॉस्पिटल, शिव हॉस्पिटल, भूमि हॉस्पिटल, केडीएम हॉस्पिटल व न्यू तुलसी हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है।





अनुष्का प्रांजुल हॉस्पिटल के बाहर टीम के साथ मौजूद एसीएमओ डॉ .रमित रस्तोगी।

## सिटी ब्रीफ

### दबंग ने पड़ोसी परिवार को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवईनगर के जूही लाल कॉलोनी में नशे में धुत पड़ोसी ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर वृद्ध महिला समेत पूरे परिवार को लोहे की रॉड व डंडों से पीटा। हमले में 70 वर्षीय सरोज शर्मा का सिर फट गया, जबकि बहन प्रतिमा समेत अन्य परिजन घायल हो गए। लाल कॉलोनी निवासी ज्ञानेंद्र शर्मा के अनुसार आरोपी समीर गांजा पीता है। शुक्रवार को वह नशे की हालत में घर में घुस आया और पैसे मांगने लगा। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की। विरोध पर लाठी डंडा व लोहे की रॉड ले आया और हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। ज्ञानेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने समीर शर्मा, उसके पिता वीरेंद्र और मां बबली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराकर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क से चौड़ा फुटपाथ बनाया

**कानपुर।** विजय नगर चौराहे से फलमंडी की ओर जाने वाली सड़क पर मेट्रो निर्माण के बाद सड़क से भी चौड़ा फुटपाथ बना दिया गया है। इससे यह अति व्यस्त सड़क बहुत संकरी हो गई है। फुटपाथ के कारण आधी सड़क खत्म हो गई है। दिनभर यहां जाम लगा रहता है।

# इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग पार्क के लिए 41 एकड़ भूमि

## यूपीसीडा ने कर दिया इकाइयों के लिए अलग जमीन का प्रावधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ट्रांसगंगा सिटी विकसित हो रही है। अमृत विचार

**1144** एकड़ से ज्यादा भूमि पर फैली है ट्रांस गंगा हाईटेक सिटी

- इलेक्ट्रानिक वस्तुओं ऑटोमोटिव, चिकित्सा उपकरण, और कंप्यूटर हार्डवेयर का होगा विनिर्माण

**अमृत विचार।** ट्रांस गंगा सिटी में इलेक्ट्रानिक एंड मैन्यूफैक्चरिंग पार्क की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। यूपीसीडा ने इसके लिए 41 एकड़ जमीन रिजर्व करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है। अब इस पार्क में कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रानिक सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और संचार उपकरणों का विनिर्माण करने वाली इकाईयां लगाई जा सकेंगी। माना जा रहा है कि भूमि रिजर्व किए जाने से अब यहां कई स्टार्टअप और एमएसएमई इकाइयां जल्दी ही स्थापित होंगी।

ट्रांस गंगा सिटी परियोजना 1144 एकड़ से ज्यादा भूमि पर फैली है। यहां औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय भूखंडों को मिलाकर एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय डिजाइन मानक, अबाध बिजली और जलापूर्ति, सीवेज और सड़कों की बेहतर व्यवस्था तथा कानपुर तथा लखनऊ से तेज कनेक्टिविटी को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि यहां इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट तेजी से स्थापित हो सकेंगी। जानकारी के मुताबिक कुछ कंपनियां इस संबंध में पहले से ही प्रयासरत भी हैं।

ट्रांस गंगा सिटी में अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी फैक्ट्री जल्दी ही स्थापित होने वाली है। इसे मार्स मोबिलिटी कंपनी बना रही है। इस फैक्ट्री के शुरू होने से इलेक्ट्रिक व्हीकल कारोबार को आगे बढ़ाने में बड़ा कदम साबित होगी। करीब 9,800 वर्ग मीटर (लगभग 2.4 एकड़) में बन रही इस यूनिट का सिविल कंस्ट्रक्शन लगभग पूरा हो चुका है। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार जल्द ही मशीनरी का इंस्टॉलेशन शुरू किया जाने वाला है। इस यूनिट में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स और थ्री व्हीलर्स के लिए हाई-कैपेसिटी बैटरी पैक तैयार किए जाएंगे।

## महिला डॉक्टर से दुष्कर्म में आरोपी किया गिरफ्तार

**कानपुर।** कर्नलगंज में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी को कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पिता के इलाज के दौरान आरोपी ने नजदीकियां बढ़ाकर महिला को शिकार बनाया था। पुलिस ने पूछताछ कर उसे जेल भेजा है। आर्यनगर में रहने वाली एक डॉक्टर महिला के अनुसार अप्रैल-2025 में गीतानगर के ब्लॉक निवासी शशांक सिक्का अपने पिता के इलाज के सिलसिले में उनके संपर्क में आया था। इसके बाद वह अपने घर पर इलाज के लिए बुलाने लगा। इस दौरान उसने नजदीकियां बढ़ा ली। बीते साल अगस्त में आरोपी जबरन घर में घुस आया और बंधक बनाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद से वह लगातार डराकर वहीं हरकत करता रहा। विरोध पर गाली-गलौज कर धमकी दी। हरकतों से तंग आकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से गुरुवार रात 25 हजार के इनामी शशांक सिक्का को गिरफ्तार किया गया है। जेल भेजा गया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


स्मार्ट मीटर लगाने वाली जीनस कंपनी के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन देते पार्षद अर्पित यादव व उपभोक्ता। अमृत विचार

# रिचार्ज के बाद भी बिल दिखा रहा माइनस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परेशान उपभोक्ताओं ने थाना प्रभारी को जीनस कंपनी के खिलाफ दिया ज्ञापन

**अमृत विचार।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ताओं ने जीनस कंपनी के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया।

बर्रा विश्व बैंक ई-ब्लॉक में प्रीपेड स्मार्ट मीटर की वजह से सैकड़ों उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है, वह शुक्रवार को पार्षद अर्पित यादव से मिले । इसके बाद पार्षद सैकड़ों उपभोक्ताओं के साथ बर्रा थाने पहुंचे, उन्होंने स्मार्ट मीटर के खिलाफ नारेबाजी की। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव को स्मार्ट मीटर लगाने वाली जीनस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए ज्ञापन दिया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि रिचार्ज कराने के बावजूद बिजली का बिल माइनस में दिख रहा है। बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की। पार्षद अर्पित यादव ने कहा कि क्षेत्र के दर्जनों उपभोक्ता इस समस्या से जूझ रहे हैं। मामले में अधिशासी अभियंता सुनील कुमार का कहना है कि दिक्कतों को जल्द ठीक कराया जाएगा।

## संसद कार्यवाही का सिंधी भाषा में अनुवाद गर्व की बात

**कानपुर।** 10 अप्रैल 1967 को सिंधी भाषा को भारतीय भाषाओं के आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया तब से देश में सिंधी भाषा का निरंतर विकास हो रहा है। देश में रहने वाले 2 करोड़ सिंधी भाषी लोगों के लिए गर्व का विषय है जो संसद में हो रही कार्यवाही का सिंधी भाषा में अनुवाद पढ़ सकते हैं।

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा सिंधु इंटरनेशनल स्कूल बर्रा 2 में सिंधी भाषा दिवस समारोह मनाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी ने भगवान श्री झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कहा कि सिंधी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसमें 52 शब्द आते हैं पूरी दुनिया में 7 करोड़ सिंधी भाषी लोग विभिन्न देशों में रहकर अपने को एवं देश को समृद्धशाली बना रहे हैं। विशिष्ट वक्ताओं में डॉ. चंपा रामनानी, टीना अंशवानी , ज्योति बलेचा, कैलाश झुर्यानी ने विचार रखे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सिंधी भाषा में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। संचालन अंकिता ने किया। अतुल अंशवानी, पूनम केसवानी, रिया, अनुष्का, कन्हैया गुलवानी, रिचा जश्नानी, कोमल सिंह, नम्रता आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख चौराहों पर ऑटो व ई-रिक्शा खड़े करने पर रोक लगाई जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


पुलिस कमिश्नर के साथ उद्यमियों की बैठक हुई। अमृत विचार

- उद्यमियों ने पुलिस आयुक्त को बताईं समस्याएं

**अमृत विचार।** शहर के उद्यमियों ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त से उद्योग संबंधी समस्याएं बताईं। औद्योगिक क्षेत्रों में लगने वाले जाम की समस्या प्रमुखता से उठीं। उद्यमियों ने कहा कि बैठक हर महीने होनी चाहिए, जिससे उद्यमियों की दिक्कतें उच्च अधिकारियों के भी संज्ञान में हों। शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रमुख चौराहों पर ऑटो व ई-रिक्शा न खड़े करने का सुझाव दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने की। इस दौरान उद्यमियों में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिनव तिवारी, शिवकुमार गुप्ता विनय अग्निहोत्री, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य, को आपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे। फीटा के महामंत्री उमंग अग्रवाल ने कहा कि हर महीने इस तरह की बैठक होना बेहद जरूरी है। इन बैठकों में बड़े अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इससे उद्यमियों की सुरक्षा संबंधी समस्याएं जल्द दूर हो सकेंगी। इसी तरह उद्यमी भी इन बैठकों में सुझाव दे सकेंगे। फजलगंज क्षेत्र में सड़कों पर बसों का खड़े होने से लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा उद्यमियों ने कहा कि किसी भी औद्योगिक दुर्घटना में फैक्ट्री मालिक के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई बिना पुलिस आयुक्त की अनुमति के न किए जाए। इसी तरह एक अन्य सुझाव में सड़क पर भीख मांग रहे छोटे-छोटे बच्चों को रोका जाए और उन्हें स्कूलों से जोड़ने की बात कही गई। इसके साथ ही ऐसे गिरोह के सरगना के विषय में जानकारी करके उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिये कहा। उद्यमियों ने कहा कि रमईपुर औद्योगिक क्षेत्र में चमड़े का व्यापार अत्यधिक बढ़ाने की संभावना है। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र में नया फायर स्टेशन खोलने की मांग की गई।


परेड के पास लगा जाम। अमृत विचार

## ट्रैफिक पुलिस पुरानी तकनीक पर उतरी, फिर भी लगा जाम

**कानपुर।** एक दशक पूर्व कानपुर को जाम से बचाने के लिए सड़कों के दोनों ओर रस्सी लगाकर सीमा तय कर दी गयी थी लेकिन ये व्यवस्था खत्म हो गयी। एक बार फिर 10 वर्षों बाद ट्रैफिक पुलिस इस फार्मूले को लागू कर रही है लेकिन जाम से निजात नहीं मिल पा रहा है। घंटाघर में एक वरिष्ठ अधिकारी जाम में फंसे थे, उसके बाद दो चौकी इंचार्जों पर कार्रवाई हो गयी थी और अब ट्रैफिक पुलिस जाम से निजात दिलाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रही है। गुरुवार को घंटाघर में रस्सी लगाकर दुकानों की सीमा तय की गई लेकिन शुक्रवार को घंटाघर जाम में जकड़ा रहा। इसी प्रकार जरीब चौकी, टाटमिल चौराहा, एक्सप्रेस रोड वीआईपी रोड, मूलगंज, लाटूश रोड, मेस्टन रोड, बड़ा चौराहा, परेड समेत शहर के विभिन्न चौराहे जाम में जकड़े रहे। बताते चलें कि कानपुर में 10 वर्ष पूर्व तत्कालीन सीओ ट्रैफिक राकेश नायक ने पूरे शहर में रस्सी लगाकर दुकानों, ऑटो, टेंपो की सीमा तय की थी लेकिन उनके तबादले के बाद ये फार्मूला बंद कर दिया गया था। सीओ ट्रैफिक ने दिव्यांगजनों को भी प्रमुख चौराहों पर लगाया था लेकिन उनके तबादले के बाद ये योजना भी बंद हो गयी।

# गंगा बैराज से मैनावती मार्ग को जोड़ने वाली सड़कें होंगी चौड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**25** करोड़ रुपये से होगा चौड़ीकरण का कार्य

**1.15** करोड़ से एक सड़क की मरम्मत होगी

**11** करोड़ रुपये शासन ने केडीए को दिए

- सड़कों के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण कराएगा केडीए
- डेढ़ से दो लाख से अधिक आबादी को होगा इस परियोजना से लाभ

**अमृत विचार।** मैनावती मार्ग से गंगा बैराज तक जाने वाली दो सड़कों के चौड़ीकरण की कवायद शुरू हो गई है। केडीए इन सड़कों को चौड़ा करने के लिए 25 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इनके चौड़ीकरण से डेढ़ से दो लाख की आबादी को लाभ होगा। अभी बैराज से मैनावती मार्ग तक आने वाली दोनों सड़कें साढ़े तीन मीटर चौड़ी हैं। एक सड़क की मरम्मत किया जाएगा। अभी इस मार्ग पर अनगिनत गड्ढे हैं।

केडीए मैनावती मार्ग पर ही न्यू कानपुर सिटी बसा रहा है, जबकि केडीए की एक आवासीय योजना पहले से ही यहां मौजूद है। इसके साथ ही इस्कॉन मंदिर भी मैनावती मार्ग पर है। अभी मैनावती मार्ग पर रहने वाले लोगों को बैराज जाने के लिए जागेश्वर मंदिर से होकर जाना पड़ता है। हालांकि बैराज से मैनावती मार्ग को जाने वाली सड़कों से लोग जाते हैं पर आवागमन कम है। बड़े पैमाने पर मैरिज लॉन मैनावती मार्ग पर है। ऐसे में जाम भी लगता है। जब ये सड़कें चौड़ी हो जाएंगी तो जाम की समस्या से निजात मिलेगी। दो सड़कों को चौड़ा करने पर 25 करोड़ रुपये और एक सड़क की मरम्मत पर 1.15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिन सड़कों को चौड़ा किया जाना है उनमें से एक जागेश्वर महादेव मंदिर के सामने से बैराज को जोड़ती है तो दूसरी डीपीएस स्कूल के पास से जाती है। चौड़ीकरण के लिए 1.8 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जाएगी। 25 करोड़ रुपये निर्माण और भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगा। 11 करोड़ रुपये शासन ने आवंटित कर दिया है। बनियापुरवा बैराज से मैनावती मार्ग को जोड़ने वाली सड़क के मरम्मत कार्य पर 1.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे।


विकास खंड का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

# टूर लिखकर आफिस से गायब मिला कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विकास खंड कल्याणपुर में सीडीओ का छापा, कई खामियां मिलीं

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा विकास खंड कल्याणपुर में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें एक बीटी कार्यालय के रजिस्टर में टूर अंकित करके शहर में ही मस्त थे। इसी प्रकार लघु सिंचाई विभाग की अवर अभियंता प्रिया मिश्रा अनुपस्थित मिली।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कल्यानपुर का औचक निरीक्षण किया गया और कार्यालय के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया जिसमें विकास खण्ड में कार्यरत बीटी/एबीटी द्वारा उपस्थिति कॉलम में टूर का अंकन किया गया था जबकि कार्यक्षेत्र में उपस्थित की पुष्टि के लिए जब सेवालाल बीटी से फोन पर बात की गई तो उनके द्वारा अपनी उपस्थिति शहरी क्षेत्र में बताई गई। उनके द्वारा भ्रमण पंजिका में विभागीय कार्य से सहायक अभियंता कार्यालय में उपस्थिति का अंकन किया गया था एवं उपस्थिति के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट स्थिति नहीं बताई जा सकी।

इसी प्रकार निरीक्षण के समय प्रिया मिश्रा, अवर अभियंता लघु सिचांई अनुपस्थित पाई गईं। सहायक अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिये गये कि आशीष मौर्य बीटी एवं रामनरेश बीटी को छोड़कर विकास खण्ड में कार्यरत समस्त बीटी/एबीटी एवं अवर अभियंता लघु सिंचाई का 10 अप्रैल का वेतन रोका जाए। विकास खण्ड में कार्यरत दिनेश कुमार यादव अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये गये जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बेस्ट कंस्ट्रक्शन में मेट्रो सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नई दिल्ली स्थित अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में पुरस्कार समारोह में कानपुर मेट्रो परियोजना को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की ओर से निदेशक सीपी सिंह और कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्टता व गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया।

नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में यूपीएमआरसी के निदेशक व वर्क्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सीपी सिंह को सीआईडीसी का अध्यक्ष प्रशंसा पुरस्कार भी प्रदान किया। आयोजकों ने कहा कि रिकॉर्ड समय में कानपुर मेट्रो परियोजना का क्रियान्वयन, कुशल योजना व नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है।


पुरस्कार लेते यूपीएमआरसी के निदेशक सीपी सिंह व कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा। अमृत विचार

## दबंग ने सगे भाइयों को बेरहमी से पीटा

**कानपुर।** नवाबगंज में पुलिस कमिश्नर से शिकायत की खुन्नस में दबंगों ने सगे भाइयों को बेरहमी से पीटा। बेटी की शिकायत पर पुलिस पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट लिखी। ख्योरा बागर निवासी संजना की तहरीर के अनुसार 8 अप्रैल को पिता राजेंद्र व चाचा घर का सामान लेने गए थे। तभी सूरज, सूइया, कुन्नू, पिंटू व भोला ने अचानक पिता व चाचा को घेरकर गाली-गलौज और मारपीट की।

**मंथन** आईआईए कानपुर चैप्टर की कार्यशाला आयोजित

# उद्यमियों को दी भू-जल प्रबंधन की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कार्यशाला में मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कानपुर चैप्टर की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भू-जल उपयोग के संबंध में सरकार द्वारा उद्योगों के लिए अनिवार्य किए गए ग्राउंड वाटर रजिस्ट्रेशन व एनओसी की प्रक्रिया के विषय में उद्यमियों को बताया गया। आईआईए भवन में हुई कार्यशाला में बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विशेषज्ञ अर्चना सिंह ने भू-जल प्रबंधन से संबंधित वर्तमान सरकारी प्रावधानों, नियमों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा भू-जल के संरक्षण एवं उसके संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योगों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं कुछ श्रेणियों के लिए एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विस्तारपूर्वक समझाया कि किन-किन प्रकार के उद्योगों को केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है तथा किन उद्योगों को केंद्रीय व राज्य भू-जल प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने आवेदन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेजों की सूची, तकनीकी विवरण, जल उपभोग की गणना, एवं अनुमोदन की समय-सीमा पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान संस्था के चैप्टर अध्यक्ष आरके अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल एक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि हम सभी की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कार्यशाला में संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य, आलोक अग्रवाल, आरके अग्रवाल, जय हेमराजानी, दिनेश बरासिया, नवीन खन्ना, हर्षल अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल, सुरेश गुरनानी सहित अन्य मौजूद रहे।


असम के सीएम का पुतला दहन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प, पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बारादेवी चौराहे पर किया प्रदर्शन पुतला जलाने में सफल रहे कांग्रेसी

**अमृत विचार।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रवक्ता पवन खेड़ा एवं अन्य कांग्रेस नेताओं के प्रति की गई अमर्यादित एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। असम के सीएम का पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच छीना-झपटी हुई और कांग्रेसियों ने पुलिस को चकमा देकर पुतला फूंक दिया।

शुक्रवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में बारादेवी चौराहा पर कांग्रेसजनों ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

इस दौरान पुलिस द्वारा पुतला छीनने की कोशिश भी की गई लेकिन कांग्रेसी पीछे नहीं हटे। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस अपने नेताओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। रमणीक चतुर्वेदी, हरप्रकाश अग्निहोत्री, नरेश त्रिपाठी, विकास अवस्थी, जेपी पाल, प्रतिभा अटल पाल, राम नवल कुशवाहा, हरीश बाजपई, राम स्वरूप तिवारी, रमाकांत शर्मा,टिल्लू ठाकुर,डा. संतोष त्रिपाठी,अंजना आर्या,मनोज वाल्मीकि,ओम तिवारी,अजय तिवारी, फहद अब्बासी,पदम मोहन मिश्रा,अजय श्रीवास्तव शीलू,धर्मेंद्र सिंह आदि थे।

## सिटी ब्रीफ

### आज से परीक्षाएं

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर की परीक्षायें 11 अप्रैल से शुरू हो रहीं है। परीक्षाओं में लगभग चार लाख पचास हजार विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे है। यह परीक्षा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 7 जनपदों- कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, इटावा, कन्नौज, औरैया एवं फर्रूखाबाद में होगी। परीक्षाओं के लिए 57 नोडल केन्द्र एवं 413 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इसमें स्नातक द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षार्थी सम्मिलित होगे। जिनमें बीए, बीएससी, बीकाम, एमए, एमएससी, एमकाम, बीसीए, बीबीए की परीक्षाएं होगी। इसी तरह मई महीने में बीएससी, एमएससी कृषि, एलएलबी, बीएएलएलबी, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड परीक्षायें होगी।

### नए प्रावधान समझाए

**कानपुर।** नए आयकर अधिनियम 2025 में प्रस्तावित बदलावों, संक्रमणकालीन प्रावधानों तथा कर प्रणाली में आने वाले व्यापक परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ आईसीएआई द्वारा कार्यशाला आयोजित हुई। लखनपुर में हुई 'डिकोडिंग द न्यू इनकम टैक्स एक्ट' विषय पर हुई कार्यशाला में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सीए अंकुर गोयल, चेयरमैन, सीआईआरसी ने किया। इस दौरान सीए राजीव मेहरोत्रा, सीए वैभव गुप्ता, अध्यक्षता सीए सुधीन्द्र जैन, सीए निकिता अग्रवाल ने विचार प्रस्तुत किए। इसी तरह सीए पंकज अग्रवाल, सीए संदीप जैन, सीए गोविन्द कृष्णा ने नए प्रावधानों को बताया।

### आईआईटी में वैश्विक साइबर सुरक्षा हैकाथॉन ग्रैंड फिनाले के विजेताओं की घोषणा

# साइबर हमलों का खोजा समाधान, बने विजेता



विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के सीथ्रीआई हब की ओर से आयोजित वैश्विक साइबर सुरक्षा हैकाथॉन के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस वर्ष हैकाथॉन का मुख्य विषय 'महत्वपूर्ण अवसंरचना सुरक्षा' रहा था। जिसका उद्देश्य डिजिटल युग में उभर रही साइबर सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान खोजना था।

कार्यक्रम में दो प्रमुख श्रेणियों में समाधान ट्रैक और कैप्चर द फ्लैग (सीटीएफ) ट्रैक में प्रतिस्पर्धा रही। इसमें देशभर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया। समाधान ट्रैक में जहां महत्वपूर्ण प्रणालियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नवाचारी तकनीकी समाधानों को सम्मानित किया गया। आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे की टीम शैडो बाइट ने पहला स्थान प्राप्त किया और उन्हें 3 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। टीम नाइट म्याउल्स ने दूसरा स्थान हासिल किया और उन्हें 2 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। फादर कोंसिसाओ रोड्रिग्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाशी, नवी मुंबई की टीम ब्लाइंड कोडर्स को तीसरा स्थान मिला और उन्हें 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह कैप्चर द फ्लैग (सीटीएफ) ट्रैक में प्रतिभागियों ने 12 घंटे तक चलने वाली कठिन साइबर सुरक्षा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें वास्तविक समय की साइबर सुरक्षा चुनौतियों को हल करना था। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर (गुजरात) की टीम क्यूट कैट ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए 3 लाख रुपये का पुरस्कार जीता। इसके बाद उसी विश्वविद्यालय की टीम दिग्गज ने दूसरा स्थान हासिल किया और उन्हें 2 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी की टीम ईहैक्स को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ और उन्हें 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल, राजीव स्वरूप, अध्यक्ष, शिव नादर विश्वविद्यालय तथा वरिष्ठ कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष, एचसीएल टेक्नोलॉजी सौमित्र सनाढ्य, प्रोजेक्ट निदेशक सहित अन्य मौजूद रहे।

#### सर्वश्रेष्ठ नवाचार पुरस्कार

- मुख्य पुरस्कारों के अलावा कुछ टीमों को विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। टीम वीएनआईटीएक्स को उनके नवाचारी कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ नवाचार समाधान पुरस्कार के साथ 50 हजार रुपये की राशि दी गई। वहीं टीम वैलियम रिसर्च को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ सीटीएफ दृष्टिकोण पुरस्कार और 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

#### टीमों ने प्रतिभा का फहराया परचम

- हैकाथॉन में समाधान ट्रैक में टीमों ने कई जटिल समस्याओं पर काम किया, जिनमें स्थानीय एलएलएम आधारित नीति अंतर विश्लेषण, जिसके तहत सुरक्षा नीतियों में मौजूद कमियों की पहचान और सुधार करने वाले मॉड्यूल विकसित किए गए। पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, जिसमें भविष्य के क्वांटम कंप्यूटिंग खतरों से सुरक्षा के लिए सुरक्षित ओपनआईडी कनेक्ट और केईएमटीएलएस को लागू करना शामिल था। कृत्रिम बुद्धिमत्ता एजेंट सुरक्षा, जिसमें वॉयस और बहु-माध्यमीय एआई एजेंटों को डीपफेक और प्रॉम्प्ट इंजेक्शन जैसे हमलों से सुरक्षित बनाने के उपाय विकसित किए गए।

## बांग्ला मेला में रंग बिखेरेंगे गायक अनिर्बान

**कानपुर।** बांग्ला मेला में गायक अनिर्बान भट्टाचार्या और डांस ग्रुप 'दर्पणी' रंग बिखेरेंगे। मेले में इस बार दिव्यांग बच्चो की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी सभी को आकर्षित करेगी। लाजपत भवन लॉन में लगने वाले मेले में बांग्ला व्यंजन व साहित्य भी उपलब्ध होगा।

यह जानकारी उत्सारन संस्था के मीडिया प्रभारी पुलक भट्टाचार्या ने दी। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल से शुरू होने वाला यह मेला दो दिन तक चलेगा। मेले में बांग्ला साड़ियों के साथ ही वहां के पारंपरिक व्यंजन भी लोगों का आकर्षित करेंगे। इसके अलावा इस मेले में इस बार पब्लिशर्स एंड बुक सेलर्स गिल्ड द्वारा ''''बुक फेयर' का भी आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि पिछले कई वर्षों से 'उत्सारन' संस्था की ओर से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बार बंगाल का डांस ग्रुप 'दर्पणी', और प्रसिद्ध अभिनेता व गायक अनिर्बान भट्टाचार्य का म्यूजिकल बैंड 'हुलिगानिस्म' शामिल होने जा रहा है। दिल्ली की बंगाली संस्था पूर्वी दिगोतो द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं वंदना देबराय द्वारा नृत्य मंचन भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। साहित्यिक चर्चा के लिए मशहूर बंगला अभिनेता व लेखक भास्वर चैटर्जी एवं बुक सेलर्स गिल्ड के सचिव व लेखक त्रिदिव चैटर्जी मौजूद रहेंगे।



अतिथियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# सम्राट चंद्रगुप्त का इतिहास भारतीय गौरव का प्रतीक

**कानपुर।** केशवपुरम, आवास विकास स्थित अशोक वाटिका चौराहे पर सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य फाउंडेशन ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंतीमनाई। बाबू सिंह कुशवाहा ने अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के आदर्शों पर चलने पर जोर दिया। पूर्व सांसद बृजलाल खबरी ने अखंड भारत की संकल्पना और चंद्रगुप्त मौर्य के ऐतिहासिक संघर्षों की जानकारी दी। अध्यक्ष नरेंद्र चंचल कुशवाहा ने कहा कि सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का इतिहास भारतीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने बिखरी हुई रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की। राजीव द्विवेदी ने कहा कि चाणक्य के मार्गदर्शन में उन्होंने एक ऐसी शासन व्यवस्था दी, जिसने भारत को आर्थिक और राजनीतिक रूप से बेहतर बनाया। यूनानी शासकों को पराजित कर भारत की सीमाओं को सुरक्षित किया।

इस दौरान तुफैल अहमद, बृजेश कुशवाहा, विधायक अमिताभ बाजपेई, आलोक मिश्रा, एडवोकेट राकेश सचान, नरेंद्र सेंगर, सरिता सेंगर, उमेश दीक्षित, ब्रज मौर्य, धर्मेन्द्र कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, राजभान सिंह, प्रशांत कुशवाहा आदि रहे।

# ऑनलाइन पीजी प्रोग्राम के दूसरे चरण के लिए प्रवेश

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (आईआईटी कानपुर) ने अपने ऑफिस ऑफ आउटरीच एक्टिविटीज के माध्यम से ऑनलाइन पोस्टग्रेजुएट कार्यक्रमों के दूसरे चरण के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस प्रवेश चक्र में कुल लगभग नौ सीनेट-स्वीकृत कार्यक्रम पेश किए जाएंगे, जो उभरती तकनीकों, सस्टेनेबिलिटी और उद्योग की बदलती जरूरतों से जुड़े क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। एमटेक (ऑनलाइन) कार्यक्रमों में वायरलेस नेटवर्क्स एंड मशीन लर्निंग, आरएफ इंजीनियरिंग, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड वीएलएसआई, कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, सस्टेनेबल एनर्जी टेक्नोलॉजीज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग तथा स्मार्ट ग्रिड शामिल हैं। इसके अलावा आईआईटी कानपुर एमएससी (ऑनलाइन) कार्यक्रम इकॉनॉमिक्स एंड डेटा एनालिटिक्स में तथा पीजी डिप्लोमा (ऑनलाइन) कार्यक्रम साइबर सिक्योरिटी में भी प्रदान करेगा। एमटेक और एमएससी कार्यक्रमों को दो से चार वर्षों में पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जबकि पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम एक से दो वर्षों में पूरा किया जा सकता है। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को अपने पेशेवर और व्यक्तिगत



दायित्वों के अनुसार पूरा करने की सुविधा मिलती है। आईआईटी कानपुर के ऑफिस ऑफ आउटरीच एक्टिविटीज के प्रभारी प्रो. विमल कुमार ने कहा कि प्रवेश के दूसरे चरण में कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को फ्लेक्सिबल ऑनलाइन पढ़ाई के साथ विश्व-स्तरीय शैक्षणिक विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम कामकाजी पेशेवरों और नए स्नातकों दोनों के लिए खुले हैं। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास अपनी योग्य डिग्री में कम से कम 5.5 सीपीआई या 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए। प्रवेश के लिए मान्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं, जैसे गेट या जैम के स्कोर जो विभागीय कट-ऑफ को पूरा करते हों, के आधार पर या आईआईटी कानपुर की अपनी ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा। अलग-अलग विभाग अतिरिक्त पात्रता शर्तें भी निर्धारित कर सकते हैं। जिन पेशेवरों के पास संबंधित क्षेत्र में पांच या अधिक वर्षों का अनुभव है, उनके लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता में छूट दी जा सकती है।

## प्रयोगशाला में आयुक्त ने जांचीं व्यवस्थाएं

**कानपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रयोगशाला का आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषिध प्रशासन डॉ. रोशन जैकब ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला में स्वच्छता पर संतुष्टि जाहिर की। प्रयोगशाला में मंडलीय और जिला स्तरीय कार्यालय संचालित होना है लेकिन अभी तक नहीं हुआ इस पर वह नाराज दिखीं। कहा कि जल्द से जल्द कार्यालयों को यहां शिफ्ट करें। उन्होंने नमूनों की जांच में तेजी लाने के आदेश दिए। कहा कि संविदा कर्मियों की भर्ती जल्द करें। इस अवसर पर अभिहित अधिकारी संजय सिंह मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



## आखिर कब टूटेगी सिलेंडर की लंबी लाइन

**कानपुर।** सरकार का दावा है कि गैस की कोई कमी नही है लेकिन उसके बाद भी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन कम होने का नाम नहीं ले रही है। सारा सारा दिन लोग लाइन में लगे रहते हैं और शाम को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को जेके मंदिर के पास आधा किमी लंबी लाइन गैस सिलेंडर के लिए लगी थी। दरअसल 35 दिन की बुकिंग की समय सीमा तय होने के कारण लोग परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले पर्ची बनवाने के लिए गैस एजेंसी के बाहर लाइन में लगते हैं और उसके बाद फिर गैस की ट्रक के पास सिलेंडर के लिए लंबी लाइन लग रही है। यही हाल माल रोड पर गैस एजेंसी के बाहर का नजारा है, इस गैस एजेंसी के अंदर भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस तैनात की गई थी।

# गुरुद्वारा बन्नो साहिब में गुरमत समागम 13 व 14 को

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** जीटी रोड स्थित गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब जी में खालसा साजना दिवस एवं वैसाखी पर्व पर दो दिवसीय गुरुमत समागत 13 व 14 अप्रैल को मनाया जाएगा।

शुक्रवार को गुरुद्वारा में आयोजित पत्रकार वार्ता में गुरुद्वारा के प्रधान सुरेन्द्रजीत सिंह, महामंत्री अजीत सिंह भाटिया, जसवंत सिंह, परमजीत सिंह बाबी, कंवलबीर सिंह, लवली सिंह (लंगर इंचार्ज), जसपाल सिंह एवं अमरजीत सिंह ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञानी हरमित्तर सिंह, मुख्य कथावाचक मंजी हाल दरबार साहिब अमृतसर, हजुरी रागी दरबार साहिब अमृतसर के भाई हरदीप सिंह व भाई सरबजीत सिंह अमृतसर वाले विशेष तौर पर पधार रहे है और इन महानुभाव द्वारा दोनो दिन कथा कीर्तन का प्रवाह चलेगा। उन्होंने बताया कि 13-अप्रैल 2026 को अमृतसर से आये पंजप्यारों द्वारा अमृत संचार दोपहर 12 बजे से आरंभ होगा। दोनों दिन शबद गायन से संगत निहाल होंगे। 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आदि बीड भाई बन्नो साहिब जी के दर्शन संगत को कराए जाएंगे।



गुरुद्वारा में पत्रकारों से वार्ता करते आयोजक। अमृत विचार

**खेल** | प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

# अंतर विवि खो-खो में सीएसजेएमयू चैम्पियन

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन पुरुष खो-खो अंतर विश्वविद्यालयीय टूर्नामेंट में मेजबान सीएसजेएमयू की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली और चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा टॉस जीतकर मैच की शुरुआत की गई, किन्तु चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने संतुलित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 18-16 के अंतर से विजय प्राप्त कर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित किया। फाइनल मुकाबले में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर का सामना लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब से हुआ।



खो-खो की विजेता टीम। अमृत विचार

मेजबान टीम ने उत्कृष्ट रणनीति एवं समन्वित खेल का प्रदर्शन करते हुए 18-10 के अंतर से निर्णायक जीत दर्ज की और 8 अंकों से विजय प्राप्त कर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के फिरोज को 'सर्वश्रेष्ठ आक्रमणकर्ता', लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के सत्यम को 'सर्वश्रेष्ठ रक्षक' तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के बब्बन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में डॉ. वंदना पाठक (वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या), कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, प्रो. सुधांशु पांडे (निदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट), डॉ. नरेश सिंह (एआईयू पर्यवेक्षक), डॉ. निमिषा सिंह कुशवाहा (खेल सचिव), डॉ. श्रवण कुमार यादव (विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा), डॉ. प्रभाकर पाण्डेय (सह- आचार्य), सौरभ तिवारी (सहायक आचार्य) तथा अभिषेक मिश्रा (सहायक आचार्य) सहित सभी खेलों के प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# सुगंध पर आधारित स्टार्टअप प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** डीएवी कॉलेज में महाविद्यालय की आईआईसी एवं एफएफडीसी, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय 'सुगंध आधारित स्टार्टअप' प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नवाचार और उद्यमिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में स्टार्टअप आधारित सोच युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है और सुगंध उद्योग में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। एफएफडीसी, कानपुर के निदेशक डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी संस्थान उनकी नवाचारी उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। वहीं, आईआईसी संयोजक डॉ. विनोद कुमार दुबे ने भी प्रतिभागियों को स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और संस्थान की ओर से निरंतर मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया। प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की मांग की। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के तीन संकाय सदस्य—प्रो. स्विंदरजीत सिंह कालरा, डॉ. नरेंद्र कुमार शुक्ला एवं डॉ. सावितुर प्रकाश गंगवार ने भी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम संतराम पुत्र दादू पता ग्राम नोनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतराम पुत्र दादू को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतराम पुत्र दादू निवासी नोनापुर कानपुर देहात**

**सूचना**

मैं **सरोज शर्मा पुत्र सोनेलाल शर्मा निवासी मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर,** मैंने अपनी पुत्री नीलाक्षी शर्मा से संबंध विच्छेद कर चल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक और अनैतिक कार्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई भी लेना-देना नहीं होगा।

**सूचना**

मेरी कक्षा 11 एफ 1 संस्थान वर्ष 2020 की अंक तालिका अनुक्रमांक 1098 534 एग्रीकल्चर यूपी बोर्ड प्रयागराज वास्तव में खो गई है। **पंडित भगवती प्रसाद शुक्ला इंटर कालेज करिया झाला झींझक कानपुर देहात आशीष कुमार पुत्र अशोक बाबू ग्राम नार खुर्द परगना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात**

**सूचना**

मैं **प्रिया पाण्डेय, पुत्री स्व0 संतोष कुमार पाण्डेय, निवासी 193 जगतपुरी, पुराना शिवली रोड, कल्याणपुर, कानपुर नगर**, मैंने अपनी 10वीं ICSE) एवं 12वीं (ISC) की परीक्षाएँ Bishop Westcott School, Civil Lines, Kanpur Nagar से क्रमशः वर्ष 2013 एवं 2015 में उत्तीर्ण की हैं कि मेरी उपरोक्त परीक्षाओं की मूल मार्कशीट/सर्टिफिकेट वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANJAY KUMAR SINGH था मैने अपना नाम बदलकर SANJAY SINGH RATHORE रख लिया हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SANJAY SINGH RATHORE S/0-SHIV KUMAR SINGH **निवासी- मकान नंव-988 बी बलाक पनकी पनकाबहादुर नगर कानपुर नगर (उ0प्र0)**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAVI SHANKAR PANDEY था से बदलकर RAVI SHANKER PANDEY हो गया है। अब मुझे RAVI SHANKER PANDEY के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PUNIT KUMAR PANDEY ADD-NEAR SHRI MARRIAGE HALL MOOR GHAT ROAD KATRA CHUNGI POST-ITI DIST-BASTI-272001 (U.P.)

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नंबर 296195356567 में त्रुटिवश मेरा नाम मनोज कुमारी, जन्मतिथि 01/01/ 1994 व पिता का नाम शिव राम सिंह चौहान दर्ज है। मेरा सही नाम काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान जन्म तिथि 28/06/ 2004 है। जो सही है। **काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान निवासी-दौलतपुर (ठठिया) कन्नौज**

**सूचना**

कु. मन्जू पुत्री रामअशीष ग्राम चकेसर पो0 रसूलपुर जनपद मऊ। मेरी आग्जिलयरी नर्स मिडवाइफ प्रमाण पत्र सर्टिफिकेक नं. 36280 रोल नं0- 122713262 अप्रैल 2013 है एवं रजिस्टेशन नं. 27611 ट्रेनिंग पीरियड अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2013 है कही खो गया है।

**सूचना**

हम **अय्यूब पुत्र गुलाम व जुबेदा खातून पत्नी अय्यूब निवासी ग्राम-बसारा, परगना व तहसील फतेहपुर, जनपद-बाराबंकी** चूंकि हमारे पुत्र तौकीर का चाल-चलन अच्छा व सभ्य हो गया है इसलिए समाचार पत्र अमृत विचार 04-07-2024 में प्रकाशित अपने पुत्र तौकीर की बेदखली की सूचना का हम लोग खण्डन करते है, हमारा पुत्र तौकीर समस्त चल-अचल सम्पत्ति में उत्तराधिकारी है तथा सभी पर समान हक व अधिकार निहित है

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै **रामतीरथ पुत्र रामगनेश निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेंडी, ब्लाक सोहावल ,तहसील सोहावल, जिला अयोध्या** का निवासी है। मुझे आवश्यक कार्य हेतु अपने जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मेरा जन्म घर पर ही हुआ है मेरी वास्तविक जन्मतिथि दिनांक 02 /03/1970 है माता का नाम जुगुना है तथा पिता का नाम राम तीरथ है ।इसलिए मै जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता है ।इसके पूर्व मेरा कोई जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है । **रामतीरथ पुत्र रामगनेश निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेंडी ब्लॉक सोहावल तहसील सोहावल जिला अयोध्या**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनु कश्यप का नाम सुकन्या समृद्धि खाता संख्या 3161483538 डाक घर तेरवा सिधौली में गलती वश अनु हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम अनु कश्यप है। **रमेश कुमार निवासी- प्लॉट नं0 859 खसरा नं0 1415 जेहटा बरवां कालोनी लखनऊ।**

**NOTICE**

I, Krishan Kumar Negi S/o Madan Singh R/o- L-II/234, Sector-G, L.D.A. colony, Kanpur Road Lucknow- 226012 have changed my name and shall hereafter be known as KRISHAN KUMAR.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **बिमला उम्र लगभग 58 वर्ष पत्नी ओम प्रकाश निवासी एकता कालोनी रोहतक हरियाणा हाले निवास राज कुमारी पुत्री राम दुलारे निवासी सोहावल जिला अयोध्या** है । मेरा नाम राज कुमारी पुत्री राम दुलारे है ।विवाह के समय भी मेरा नाम राज कुमारी था जो कि रोहतक में अपने पति ओम प्रकाश के साथ एकता कालोनी रोहतक हरियाणा में रहती है। मेरा आधार कार्ड संख्या 3045 2349 6549 में मेरा पुराना नाम बिमला अंकित है। जबकि सही नाम राज कुमारी है। इसलिए बिमला और राज कुमारी दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। यानी शपथी ही बिमला और राज कुमारी दोनों एक ही है। प्रार्थी द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतया सही है।

**सूचना**

हम **मृत्युजय वर्मा पुत्र राजेश कुमार वर्मा एवं बृजेश कुमार वर्मा निवासीगण -सी-725 इन्दिरा नगर लखनऊ उ0प्र0,** उक्त पते के निवासी है तथा उक्त मकान आवास विकास परिषद से आवंटित है। यह कि हमारा उक्त मकान का आवंटन प्रमाण पत्र एवं पजेशन पत्र वास्तव में कही खो गया है जो कि काफी प्रयास होने के बाद भी नहीं मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से मजदूर घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मियागंज मार्ग पर गौरी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें ट्राली सवार मजदूर घायल हो गया। बता दें कि हरदोई जिला के संडीला थानाक्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी दिनेश (42) पुत्र भगवानदीन निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की कंपाउंड बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य में मजदूरी करता है। शुक्रवार को वह ट्रैक्टर-ट्राली में पोल लादकर जा रहा था। तभी गौरी गांव के पास ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पोल की चपेट में आकर वह घायल हो गया। साथी मजदूर उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

### बाइकों की टक्कर में तीन युवक हुए घायल

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव के पास शुक्रवार शाम 2 बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बाइक सवार दही थानांतर्गत गांव ओरहर निवासी अमन (22) पुत्र बिंदा प्रसाद व राजू (24) पुत्र श्रीराम व दूसरी बाइक सवार अंकुल (20) पुत्र सुंदर निवासी जनसार अजगैन गंभीर घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज लाया गया। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल भेज दिया। घायल राजू ने बताया कि वह मुस्तफाबाद गांव निवासी मामा के पास रहता है। शुक्रवार को दोस्त अमन के साथ बाइक से लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एसेंट कालेज गया था। जहां से लौटते समय हादसा हो गया।

# करोड़ों की परियोजनाएं मंजूर, जून तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

## गंगा की कटान के कहर से बचाव को सिंचाई विभाग गंभीर, सिद्धनाथ घाट, रौतापुर घाट, मुक्ताघाट समेत गंगा की उपधारा को नियंत्रित करने के कार्य होंगे

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगा किनारे बसे गंगाघाट क्षेत्र को बाढ़ व कटान से राहत दिलाने के लिए सिंचाई विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में करोड़ों की 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनके तहत सिद्धनाथ घाट, रौतापुर घाट, मुक्ताघाट समेत गंगा की उपधारा को नियंत्रित करने के कार्य होंगे। विभाग ने सभी कार्यों को जून माह के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने की समय-सीमा तय की है। ताकि मानसून व संभावित बाढ़ से पहले सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उन्नाव खंड शारदा नहर द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को 12 दिसंबर 2025 को आयोजित 60वीं बैठक व 28 जनवरी 2026 को हुई विशेष समिति की बैठक में स्वीकृति मिली थी। अफसरों का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद गंगा किनारे बसे गावों व मोहल्लों को कटान से राहत मिलेगी और बाढ़ से होने वाले नुकसान में कमी आएगी। एक्सईएन शारदा नहर खंड गगन कुमार ने बताया कि परियोजनाओं के लिए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दे दिए गए हैं और तैयारियां तेजी से चल रही हैं। स्पष्ट किया कि समय-सीमा का सख्ती से पालन होगा। जिससे निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण हो सके।



मिश्रा कॉलोनी के सामने कटान रोकने का होता कार्य। ● अमृत विचार

### सिद्धनाथपुर में स्टेप निर्माण से रुकेगी कटान

सिद्धनाथपुर गांव के पास गंगा किनारे हो रही कटान देख यहां विशेष कटान निरोधक कार्य प्रस्तावित हुआ है। करीब 300 मीटर लंबाई में स्टेप बनाकर नदी का बहाव कम किया जाएगा। परियोजना पर करीब 7.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्य की जिम्मेदारी मे. आर्यन इंटरप्राइजेज को मिली है। 2 अप्रैल से शुरू हुआ कार्य 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। लोगों को उम्मीद है कि इससे कटान पर स्थायी नियंत्रण मिलेगा।

### रौतापुर घाट पर डेढ़ सौ मीटर में होगा सुदृढ़ीकरण

रौतापुर घाट क्षेत्र में भी कटान रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। करीब 150 मीटर में स्टेप बनाकर किनारे मजबूत होंगे। इस परियोजना की लागत करीब 2.72 करोड़ निर्धारित है। कार्यदायी संस्था के रूप में मे. ममता शर्मा को जिम्मेदारी मिली है। 30 मार्च से शुरू यह कार्य 27 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। इससे घाट क्षेत्र व आसपास की बस्तियों को सुरक्षा मिलेगी।

### मुक्ताघाट डाउनस्ट्रीम में बड़े पैमाने पर काम

मुक्ताघाट के डाउनस्ट्रीम हिस्से में कटान रोकने को बड़े स्तर पर कार्य होगा। यहां 350 मीटर में स्टेप निर्माण कर किनारे सुरक्षित होंगे। इस परियोजना पर करीब 6.27 करोड़ खर्च होंगे। कार्य 2 अप्रैल से शुरू हो चुका है और 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। यह कार्य भी मे. आर्यन इंटरप्राइजेज द्वारा कराया जा रहा है।

### उपधारा मोड़कर नियंत्रित किया जाएगा बहाव

गंगा के मुख्य बहाव को संतुलित करने के लिए शुक्लागंज ब्रिज से जाजमऊ ब्रिज के बीच उपधारा को नियंत्रित करने की योजना भी शामिल है। करीब 4.87 करोड़ की इस परियोजना में नदी की धारा मोड़कर कटान प्रभावित क्षेत्रों पर दबाव कम किया जाएगा। कार्य की जिम्मेदारी मे. अरुण कंस्ट्रक्शन को मिली है। 31 मार्च से शुरू यह कार्य 28 जून तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

# डीजी फायर ने ट्रेनिंग सेंटर का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक (फायर सर्विस) ने दोस्ती नगर फायर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने के साथ समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वापसी में उन्होंने सदर क्षेत्र के अग्निशमन केंद्र का भी जायजा लिया।

डीजी फायर सर्विसेस सुजीत कुमार पांडेय शुक्रवार को दोस्ती नगर स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम गौरांग राठी व एसएसपी जयप्रकाश सिंह के साथ सेंटर को उच्च स्तरीय किए जाने को लेकर जारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के आदेश दिए। कहा कि अग्नि शमन विभाग का कार्य सिर्फ आग बुझाने तक सीमित नहीं है बल्कि आपदा प्रबंधन में भी विभाग प्रमुख भूमिका निभाता है। उनके पहुंचने पर दमकल कर्मियों की टोली ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसकी सराहना करते हुए डीजी ने टोली को नगद पुरुस्कार भी दिया। वापसी में वह गांधी नगर तिराहा स्थित फायर स्टेशन भी गए। इस दौरान एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीएफओ अनूप सिंह, एफएसओ राम मिलन भारती आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान डीजी फायर सर्विस व एसएसपी। ● अमृत विचार

● सेंटर में चल रहे निर्माण कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश

# सड़क हादसे में ट्रक चालक की गई जान, परिजन बेहाल

**उन्नाव, अमृत विचार:** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में दो ट्रकों की टक्कर में घायल हुए ट्रक चालक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। इससे परिजनों में चीखपुकार मच गई। शव लेकर मोर्चरी पहुंचे पिता ने पुलिस को इसकी सूचना दी है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव निवासित रवि शंकर (25) पुत्र मुन्नीलाल ट्रक चालक था। इस समय वह हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद शहर में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक चलाता था। बुधवार को भाड़ा उतारकर लौटते समय मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में उसके ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर हुई थी। वहां की पुलिस ने उसे गंभीर हालत में गजरा राजा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा परिजनों को जानकारी दी। इस पर पिता व अन्य परिजन उसे लेकर उन्नाव आए और सदर कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर मोहल्ला स्थित एक नर्सिंगहोम में उसे भर्ती कराया। शुक्रवार दोपहर 2 बजे उसकी सांसे थम गई। यह देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। निजी अस्पताल ने एंबुलेंस में शव रखवाकर मोर्चरी भेज दिया। बेटे की मौत से पिता मुन्नीलाल, मां छुन्ना आदि बेहाल हो गए। चचेरे भाई विनय ने बताया रवि शंकर की अभी शादी नहीं हुई थी। वह 2 भाइयों में कल्लू से बड़ा था। दो बहनें हैं जिनकी शादी हो गई है। पिता ने पुलिस को सूचना दी।

### यूपीपीसीएस में सफलता पर आकांक्षा का सम्मान



आकांक्षा तिवारी संग प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक।

**शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा आकांक्षा तिवारी ने यूपीपीसीएस परीक्षा में 101वीं रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया और नायब तहसीलदार बनी हैं। वर्ष-2014 में इंटर पास करने के बाद उन्होंने लगातार मेहनत व लगन के साथ तैयारी जारी रखी। पोनी रोड श्रीनगर निवासी आकांक्षा ने बताया कि उनके पिता राघवेंद्र तिवारी प्राइवेट नौकरी करते हैं। जबकि मां उर्मिला गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई अभय भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार के सहयोग व दृढ़ संकल्प से उन्होंने यह उपलब्धि पाई है। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार ने अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। वहीं प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने भी उन्हें बधाई दी।

### भाजपा स्थापना दिवस पर बस्ती संपर्क अभियान



संपर्क अभियान के दौरान संबोधित करते मंडल अध्यक्ष।

**शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे बस्ती संपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के गांधी नगर व अवधपुरी सेक्टर में कार्यक्रम आयोजित हुए। 7 से 12 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी घर-घर संपर्क कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। सदर विधायक पंकज गुप्ता व मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों को केंद्र सरकार के पत्र बांटे और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को माला व घड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती व अंत्योदय की भावना के साथ भाजपा कार्य कर रही है। गांधी नगर में सेक्टर संयोजक दुर्गेश गुप्ता, अवधपुरी में राजू सविता की अगुवाई में कार्यक्रम हुए। इस दौरान सूर्य कुमार बाजपेई, विनोद त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, जितेन सिसोदिया, दीपू पंडित, जितेंद्र अवस्थी, संदीप मिश्रा, हिमांशु निषाद, धीरज सिंह, सुरेश गौड़, विजय राज सिंह, प्रदीप योगी, अनिल शुक्ला, अमरेन्द्र गुप्ता, अजय मणि पांडे व पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।

### खेत में लगी आग, दो बीघा गेहूं की फसल राख

**हसनगंज-उन्नाव, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के खपुरा भट्ट गांव में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई। इसमें दो बीघा तैयार फसल जल गई। ग्रामीणों की तत्परता व मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, खपुरा भट्ट निवासी उमाशंकर पुत्र जमुना प्रसाद व गुलाब पुत्र सत्येंद्र के गेहूं के खेत में अचानक लपटें उठने लगीं। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शुरु में लोगों ने लाठी-डंडों व मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थिति बिगड़ती देख आनन-फानन पानी का टैंकर मंगवाया गया। इसके बाद करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। राजस्व टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराई गई है। जल्द ही शासन के नियमानुसार पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

# सिर में आई गहरी चोट से गई थी विवाहिता की जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें दो डॉक्टरों ने उसका पोस्टमार्टम किया। जिसमें सिर में आई गहरी चोट से उसकी मौत की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष को शव सुपुर्द किया गया। बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा गांव निवासी रामकिशन पुत्र रामआसरे ने बेटी नेहा (23) की शादी दही थानाक्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव निवासी शिवम यादव से डेढ़ साल पहले की थी। अभी उसके कोई संतान नहीं थी। बताते हैं कि दो दिन पूर्व उसकी ससुराल में हालत बिगड़ी तो उसे परिजन आवास विकास कालोनी स्थित एक डॉक्टर के यहां लाए। जहां से मायके पक्ष के लोग उसे एक दूसरे निजी अस्पताल ले गए। जहां गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए और अचलगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। विवाहिता की मौत का मामला होने से नायब तहसीलदार सुरभि गौतम ने जांच कर पंचनामा कराया। शुक्रवार को डॉ. पवन अग्रवाल व डॉ. असलाउद्दीन ने पोस्टमार्टम किया। जिसमें उसकी सिर में आई एक गहरी चोट से मौत होने की पुष्टि हुई। फिलहाल मायके पक्ष को पुलिस ने शव सुपुर्द किया। इसके बाद वह अंतिम संस्कार के लिए ले गए। एसओ अचलगंज ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि पिता की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

● दो डॉक्टरों के पैनल ने किया था नेहा का पोस्टमार्टम

### निजी स्कूलों की लूट के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिले के निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा के नाम पर की जा रही मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाए है कि शहर के अधिकांश निजी स्कूल शिक्षा को सेवा की जगह व्यापार बना चुके हैं। नए सत्र की शुरुआत होते ही अभिभावकों पर री-एडमिशन व मनमानी फीस का बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने 'कमीशन के खेल' पर कहा कि स्कूलों ने चुनिंदा दुकानों से साठगांठ कर रखी है। समिति ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर कहा कि निजी स्कूलों की फीस का उचित निर्धारण हो। किताबों व यूनिफॉर्म के नाम पर चल रहे कमीशनखोरी के सिंडिकेट को खत्म किया जाए।

# आयोग उपाध्यक्ष ने जाना गौशालाओं का हाल

नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** विकासखंड क्षेत्र की दो गौशालाओं का गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य ने निरीक्षण किया। इसमें उन्होने गौवंशों के रखरखाव व चारे-पानी की व्यवस्था देखी और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

गौसेवा आयोग उपाध्यक्ष अतुल सिंह व सदस्य राजेश सिंह ने विकासखंड की अजगैन व रुदवारा गांव स्थित गौशालाओं का भ्रमण किया। इसमें अजगैन गौशाला में 83 गौवंश मिले। यहां अधिकारियों ने वर्मी कम्पोस्ट के बने गड्ढों का सही उपयोग करने व खाद उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। रुदवारा गौशाला में 90 गोवंश मिले। यहां सफाई व्यवस्था में सुधार लाने व पशुओं के लिए बनी नाद में पानी की सुचारु आपूर्ति करने को कहा। उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि गर्मी को देखते हुए गौवंशों के लिए चारे व पानी की व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। निर्देशित किया कि गौशालाओं में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि गौवंशों को संक्रमण से बचाया जा सके। इसमें लखनऊ मंडल के अपर निदेशक डॉ. अजय कन्नौजिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार, नवाबगंज पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मौर्य, चमरौली पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सईद अहमद, पशुधन प्रसार अधिकारी संजीव कुमार व रुदवारा प्रधान विजयपाल सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



गौशाला का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष व सदस्य। ● अमृत विचार

● चारे और पानी की व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

# शिक्षकों ने डीआईओएस को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक व शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चन्देल के नेतृत्व व मंडलीय संयोजक वीरेन्द्र विक्रम सिंह की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित व जिला मंत्री राम शंकर द्वारा डीआईओएस सुनील दत्त को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

डीआईओएस ने उनके स्तर की समस्याओं को समय से निस्तारित करने का आश्वासन दिया और प्रांतीय स्तर की समस्याओं को उच्चाधिकारियों को भेजने के लिए कहा। इससे पहले शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चन्देल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। शिक्षकों की समस्याओ का निस्तारण त्वरित व निरन्तर किया जाना चाहिए। ताकि शिक्षक पूरे मनोयोग से अपने काम को अच्छी तरह से कर सके। ज्ञापन देने के पहले बड़ी संख्या में शिक्षकों ने कार्यालय के बाहर पहुंचकर डीआईओएस कार्यालय की कार्यशाली पर आक्रोश जताया। इसमें चंद्र प्रकाश शुक्ला, सत्य नारायण सिंह, सूर्यकांत तिवारी, विनोद अवस्थी, मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता, हरीलाल, डा. प्रशांत पाल, चित्रा कुमारी, वन्दना यादव, विमलेश शुक्ला, ताराचन्द्र शुक्ला, कुतुबुद्दीन, उमेश श्रीवास्तव, विमल अवस्थी, देवेन्द्र सिंह, जंग बहादुर सिंह, मनोज कुमार व सूर्य प्रकाश शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।



डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक विधायक व नेता। ● अमृत विचार

# पोनी रोड का काम शुरू होने से पहले उठा विरोध, चौड़ीकरण बना मुद्दा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** लंबे इंतजार के बाद पोनी रोड निर्माण कार्य को शासन से मंजूरी मिलने व धनराशि जारी होने के बावजूद लोगों में असंतोष दिख रहा है। इसका कारण सड़क का चौड़ीकरण न होना बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पोनी रोड तिराहा से आजाद मार्ग तक सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली थी। बीते वर्ष ग्रामीण क्षेत्र में सीसी सड़क का निर्माण पूरा भी हो चुका है। वहीं हाल ही में शहरी क्षेत्र में डामरीकरण के लिए 1.80 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। लेकिन सड़क को चौड़ा किए बिना केवल डामरीकरण कराने के निर्णय पर लोगों ने सवाल खड़े कियो हैं। लोगों का कहना है कि यदि सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ तो जाम की समस्या व अन्य परेशानियां बनी रहेंगी। लोगों ने यह भी सवाल किया कि जब योजना स्वीकृत हुई थी तब जनप्रतिनिधियों ने चौड़ीकरण को लेकर पहल क्यों नहीं की। अब कार्य शुरू होने से पहले ऐसे मुद्दे उठाना संदेह पैदा करता है। इस पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में चौपाल लगाकर लोगों की राय ली जाएगी। आश्वासन दिया कि जनता की सहमति के अनुसार ही कार्य होगा। जरूरत पड़ने पर विधायक निधि से भी धन उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

● धनराशि जारी होने के बावजूद लोगों में दिख रहा है भारी असंतोष




बार चुनाव

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद जिले में कुल 20 .33 लाख मतदाता

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को निर्वाचन कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया।

डीएम ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम प्रकाशन के बाद अब जिले में 20 लाख 33 हजार 438 मतदाता हैं। इनमें पुरुष 11,12,655, महिला 9,20,750 व थर्ड जेंडर 33 हैं। अभियान में सक्रियता दिखाते हुए 1,28,684 नए नाम भी फॉर्म-6 जोड़े गए हैं। जबकि मृत्यु, शिफ्टिंग या डुप्लीकेसी के कारण 13,128 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। डीएम ने बताया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में घर-घर गणना का कार्य 4 नवंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच पूरा किया गया। अंत में जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के बंडल भी दिये। इसमें एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड, भाजपा से दिनेश गुप्ता, सपा से छोटेलाल भारती, अपना दल से सुरेंद्र वर्मा व कांग्रेस से सुरेंद्र कुशवाहा आदि पदाधिकारी व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



निर्वाचन कार्यालय में बैठक करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

### डीएम ने फिश फूड कार्ट के तहत मत्स्य पालकों को बांटे आधुनिक उपकरण

**उन्नाव :** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व मत्स्य पालकों के लिए कई लाभकारी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। डीएम ने स्वयं सहायता समूह की सखियों द्वारा संचालित 'फिश फूड कार्ट' का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह स्टॉल शहर के गांधी नगर चौराहा पर रोज लगाया जाएगा। जहां समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित मछली के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन आम नागरिकों को उपलब्ध होंगे। डीएम ने महिलाओं के इस प्रयास की सराहना कर इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। मछलियों को लंबे समय तक ताजा रखने व व्यवसाय को पेशेवर रूप देने के लिए डीएम ने मत्स्य पालकों को आइस बॉक्स व फिश स्केल (तराजू) भी बांटे। सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा ने बताया कि मुंबई की निजोना कंपनी मछली के अपशिष्ट यानी छिलकों को 65 रुपये प्रति किलो खरीदने को तैयार है। उन्होंने विक्रेताओं को स्वच्छता के साथ फिश कटिंग करने व ग्लव्स व फिश कटर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# अमृत विचार

शनिवार, 11 अप्रैल 2026






जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है,
उसी प्रकार मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है।
**-रवींद्र नाथ टैगोर**, बांग्ला साहित्यकार

## वार्ता का प्रतिफल

अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता निर्णायक मोड़ साबित होगी या फिर एक और अस्थायी ठहराव इसका जवाब बहुत मुश्किल है, क्योंकि जमीन पर तनाव अभी भी चरम पर है। क्या यह युद्धविराम आगे बढ़ेगा? फिलहाल तो इसी पर खतरा नजर आता है। सच यह है कि दोनों पक्ष फिलहाल 'रणनीतिक विराम' के ही पक्ष में लगते हैं। अमेरिका को अपने सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों को पुनर्गठित करने का समय चाहिए, जबकि ईरान भी प्रतिरोध की अपनी क्षमता को बनाए रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय दबाव कम करना चाहता है। अतः युद्धविराम का सीमित विस्तार संभव है, पर स्थायी शांति की संभावना नहीं के बराबर।

दोनों पक्षों के मूल रुख में बदलाव के संकेत नहीं हैं। ईरान स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण से पीछे नहीं हटेगा। दूसरी ओर, अमेरिका के लिए परमाणु प्रसार और समुद्री व्यापार की निर्बाधता 'रेड लाइन' है। ऐसे में समझौता केवल 'टैक्टिकल एडजस्टमेंट' के रूप में ही संभव है, न कि मूल मुद्दों के समाधान के रूप में। इजराइल की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में जटिल और कुछ हद तक अलग-थलग दिखाई देती है। सतह पर भले अमेरिका-इजराइल की एकजुटता दिखे, पर युद्ध और युद्धविराम को लेकर दोनों के दृष्टिकोण में सूक्ष्म अंतर स्पष्ट है। इजराइल जहां निर्णायक सैन्य बढ़त को बनाए रखना चाहता है, वहीं अमेरिका व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक दबावों को ध्यान में रखकर संयम दिखाना चाहता है। यही कारण है कि लेबनान और गाजा जैसे मोर्चों पर जारी तनाव शांति प्रयासों को कमजोर करता है। होर्मुज का प्रश्न वार्ता की धुरी है। यदि ईरान नियंत्रण रखते हुए टोल या शर्तें लागू करता है, तो यह वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री कानून दोनों के लिए चुनौती होगी। अमेरिका के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा, पर पूर्ण सैन्य टकराव से बचने के लिए कोई 'मध्य मार्ग', जैसे- अंतर्राष्ट्रीय निगरानी खोजा जा सकता है। पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल हैं। एक ओर वह इस्लामाबाद को कूटनीतिक केंद्र बनाने की कोशिश कर रहा है, दूसरी ओर उसकी आंतरिक राजनीति में इसका विरोध इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि मध्यस्थ पर ही संदेह हो, तो वार्ता की सफलता स्वतः सीमित हो जाती है। अमेरिका की घरेलू राजनीति भी इस समीकरण में महत्वपूर्ण है। डोनाल्ड ट्रंप पर गिरती लोकप्रियता और महाभियोग की आशंकाएं उन्हें आक्रामक बयानबाजी और त्वरित 'जीत' की तलाश की ओर धकेल सकती हैं। पर यही जल्दबाजी किसी स्थायी समाधान के रास्ते में बाधा भी बन सकती है।

यदि वार्ता विफल होती है तो इसका सीधा अर्थ होगा कि क्षेत्र फिर से तीव्र संघर्ष की ओर बढ़ेगा, होर्मुज में अस्थिरता बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव आएगा। ऐसी स्थिति में एक संतुलित, विश्वसनीय और तटस्थ शक्ति की आवश्यकता होगी, जहां भारत की भूमिका उभर सकती है। भारत के दोनों पक्षों से संवाद और क्षेत्र में उसके हित उसे संभावित मध्यस्थ बना सकते हैं। इस्लामाबाद वार्ता से चमत्कार की उम्मीद करना बेमानी है। यह अधिक से अधिक 'तनाव प्रबंधन' का मंच बन सकती है, न कि स्थायी समाधान का।

### प्रसंगवश

## शुरुआती पोषण ही होती है उज्ज्वल जीवन की कुंजी




शिवालिक अवस्थी
लेखक


कहते हैं सही पोषण तो देश रोशन। जी हां, यहां यह समझाया जा रहा है कि यदि किसी देश में सही पोषण की भूमिका प्रबल होगी, तभी देश मजबूत बनेगा और प्रकाशमय बनेगा। आज समाज में सही पोषण की कमी देखी जाने लगी है। नतीजन कुपोषण अपने पैर पसारने लगा है और जहां कुपोषण अपने चरम पर होगा, वहां खुशहाल जीवन भला कैसे बन सकेगा? सही पोषण से किसी भी मनुष्य का शारीरिक स्वास्थ्य निखर सकता है, परंतु न केवल शारीरिक अपितु मानसिक एवं सामाजिक स्वाथ्य भी आजकल एक जटिल चुनौती बनकर उभर रहा है।

आज के दौर में, न केवल शारीरिक अपितु मानसिक और सामाजिक स्वाथ्य का होना बेहद अहम माना जाता है और यह तीनों स्वास्थ्य लाभ हमें केवल सही पोषण से ही प्राप्त होते हैं। यदि जीवन के शुरुआती दौर से ही कोई व्यक्ति अपने पोषण पर सही ध्यान देने लग पड़ा हो, तो निःसंदेह उसे पूर्ण स्वाथ्य लाभ प्राप्त हो जाता है, इसीलिए जीवन के शुरुआती दौर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जरा सी लापरवाही जीवन भर घातक सिद्ध हो सकती है। यदि हमारा स्वास्थ्य पुष्ट होगा तभी रोग रुष्ट होगा।

संभवतः हर गर्भवती महिला का एक सपना होता है कि उसका होने वाला शिशु स्वस्थ हो। जीवन के शुरुआती दौर से ही हमें सही पोषण की आदत डालनी चाहिए, लेकिन यहां तो बात गर्भावस्था से ही शुरू हो चुकी है। जी हां, जीवन का शुरुआती दौर मां के गर्भ से ही शुरू हो जाता है, इसलिए गर्भवती स्त्री को चाहिए कि स्वस्थ शिशु प्राप्त करने के लिए वह भी अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखे। पौष्टिक आहार का सेवन, गर्भवती स्त्री और उसके होने वाले बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे प्रारंभ में ही कुपोषण पर प्रहार किया जा सकता है, जिसने प्रारंभिक अवस्था में ही कुपोषण पर विजय प्राप्त कर ली, उसका जीवन मानो सफल हो गया। सही खान-पान की आदत से किसी भी व्यक्ति की फिर चाहे वह गर्भवती हो या कोई शिशु, रोग प्रतिरोधक क्षमता जिसे हम इम्युनिटी भी कहते हैं, बढ़ जाती है। नतीजन बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। किसी भी बीमारी से लड़ने में इंसान की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिस व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी उससे बीमारियां भी दूर भागेंगी और जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होगी उसे बार बार बीमारी से लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

हम क्यों आज पोषण पर चर्चा कर रहे हैं, दरअसल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वां पोषण पखवाड़ा 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक देशभर में मनाया जा रहा है। 15 दिन चलने वाले इस बार के पोषण पखवाड़े का विषय यानी थीम है, 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास'।

इसके अलावा इस बार के पोषण पखवाड़े में अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। आइए अन्य प्रमुख केंद्रों पर प्रकाश डालते हैं जिनमें शामिल हैं; मां और बच्चे का पोषण। 0-3 वर्ष के बच्चों के दिमाग का शुरुआती विकास। 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना। आंगनवाड़ी को मजबूत बनाने के लिए समाज का सहयोग।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक






नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री


आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200 वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं, इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा, लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200 वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### आमने सामने



राज्य में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। सरकार का खजाना खाली है। कर्मचारियों, मंत्रियों और यहां तक कि उन्हें खुद भी वेतन नहीं मिला है। साथ ही पेंशन भुगतान में भी देरी हो रही है।

**-तेजस्वी यादव**
नेता, आरजेडी



ऐसे बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं। निशांत कुमार की सक्रियता से तेजस्वी का दिमाग खाली हो गया है। सरकार का खजाना कभी खाली नहीं हो सकता। मार्च महीने में एक-दो दिन की देरी संभव है, लेकिन वेतन जरूर मिलता है। तेजस्वी यादव खुद बताएं कि उन्हें वेतन मिला है या नहीं।

**-नीरज कुमार**
जदयू प्रवक्ता

## कांग्रेस में नेतृत्व नहीं, पुनर्गठन की अनिवार्यता




डॉ. राजीव सागर
असिस्टेंट प्रोफेसर
लखनऊ यूनिवर्सिटी


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आज जिस राजनीतिक संकट से गुजर रही है, उसे अक्सर एक सरल सवाल में समेट दिया जाता है, नेतृत्व कौन करेगा? हर कुछ महीनों में यह बहस लौट आती है कि क्या नया अध्यक्ष पार्टी को पुनर्जीवित कर सकता है? क्या नया चेहरा चुनावी किस्मत बदल सकता है? लेकिन यह बहस जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। कांग्रेस की समस्या नेतृत्व की कमी नहीं है, बल्कि उसकी असली समस्या यह है कि वह किस तरह का संगठन बन चुकी है। एक कमजोर ढांचे में मजबूत नेता भी टिकाऊ बदलाव नहीं ला सकता, लेकिन एक मजबूत, लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत संगठन औसत नेतृत्व के साथ भी आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस मूलभूत सत्य को नजरअंदाज किया है और यही उसकी सबसे बड़ी भूल रही है।

कांग्रेस के भीतर और बाहर, दोनों जगह यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा हुआ है, इसलिए समाधान भी उसी तर्क में खोजा जाता है, चेहरा बदलो, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अगर समस्या केवल चेहरा होती, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था। वास्तविकता यह है कि नेतृत्व में बदलाव के बावजूद पार्टी की संरचनात्मक कमजोरियां जस की तस बनी हुई हैं, दरअसल 'चेहरा बदलो' की राजनीति एक सुविधाजनक बहाना है, क्योंकि इससे संगठन के भीतर मौजूद कठिन सवालों से बचा जा सकता है कि क्या पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है? क्या नेतृत्व चयन पारदर्शी है? क्या जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए ऊपर आने का रास्ता खुला है?

कांग्रेस का सबसे बड़ा संरचनात्मक दोष उसकी 'हाई कमान' संस्कृति है। पिछले दो दशकों में पार्टी का संगठन धीरे-धीरे केंद्रीकृत होता गया है, जहां महत्वपूर्ण फैसले सीमित लोगों के दायरे में लिए जाते हैं। संगठनात्मक चुनाव होते जरूर हैं, लेकिन वे वास्तविक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बन पाए हैं। कांग्रेस कार्यसमिति जैसे निकाय, जो कभी पार्टी की सामूहिक बुद्धिमत्ता के केंद्र थे, अब मनोनयन-आधारित संरचना में बदल चुके हैं। इसका असर सीधा है जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को असंबद्ध महसूस करते हैं, स्थानीय नेतृत्व उभर नहीं पाता और पार्टी एक जीवंत राजनीतिक संगठन के बजाय एक बंद नेटवर्क में बदल जाती है। जब राजनीतिक ऊर्जा ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर बहती है, तभी संगठन मजबूत होता है। कांग्रेस ने इस प्रवाह को उलट दिया है।

अगर कांग्रेस के संरचनात्मक संकट को समझना हो, तो उत्तर प्रदेश से बेहतर उदाहरण शायद ही कोई हो। देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य में पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होती गई है। संगठनात्मक ढांचा बिखरा हुआ है, जमीनी कार्यकर्ता निराश हैं और चुनावी प्रदर्शन गिरता गया है। इस संदर्भ में अजय राय के नेतृत्व को लेकर उठते सवाल महज व्यक्तिगत आलोचना नहीं हैं। वे उस व्यापक प्रणालीगत विफलता की ओर संकेत करते हैं, जिसमें नेतृत्व चयन, प्रदर्शन और जवाबदेही के बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं बचा है। स्थानीय स्तर पर पार्टी नेताओं द्वारा खुला असंतोष, पंचायत और नगर निकाय चुनावों में कमजोर उपस्थिति और संगठन से नेताओं का पलायन, ये सब संकेत हैं कि समस्या गहरी है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संकट केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं है। यह उस संरचना का परिणाम है, जो नेतृत्व को जवाबदेह नहीं बनाती और प्रदर्शन से उसका सीधा संबंध नहीं जोड़ती।

कांग्रेस लंबे समय से सामाजिक न्याय, समावेशन और भागीदारी की राजनीति की बात करती रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में संगठनात्मक संरचना इस दावे के विपरीत दिखाई देती है। संगठन के शीर्ष पदों पर सीमित सामाजिक समूहों विशेषकर ऊपरी जातियों का वर्चस्व बना हुआ है, जबकि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। यह केवल सामाजिक असंतुलन नहीं है, बल्कि यह एक गहरा राजनीतिक विरोधाभास है। जब पार्टी उन वर्गों के लिए राजनीति करती है, लेकिन उन्हें अपने संगठन में वास्तविक शक्ति नहीं देती, तो उसकी विश्वसनीयता कमजोर हो जाती है। उत्तर प्रदेश में यह विरोधाभास और भी स्पष्ट है, जहां सामाजिक आधार और संगठनात्मक संरचना के बीच असंगति पार्टी की चुनावी कमजोरी का कारण बनती रही है।

कांग्रेस में केंद्रीकरण केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है अपितु यह जवाबदेही को भी प्रभावित करता है। जब फैसले ऊपर से होते हैं और कार्यान्वयन नीचे से, तो असफलता की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। कांग्रेस की राजनीति का केंद्रीय आधार है संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा, लेकिन जब पार्टी अपने भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करती है और सामाजिक प्रतिनिधित्व को सीमित करती है, तो उसका नैतिक आधार कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा है, अगर समस्या केवल चेहरा होता, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था।

### सोशल फोरम

## अपनी आवाज सुनिए




संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार


अमेरिकी लेखक हेनरी डेविड थोरो ने एक ऐसी बात कही थी, जिसे अगर आदमी सच में समझ ले तो उसका पूरा जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा था कि संसार में स्वविवेक से बड़ा कोई कानून नहीं होता। अब जरा ठहर कर सोचिए, कानून क्या है? स्वविवेक क्या है? कानून किताबों में लिखा होता है, अदालतों में पढ़ा जाता है, पुलिस उसे लागू कराती है, लेकिन स्वविवेक, वो आपके भीतर बैठा होता है, चुपचाप, बिना शोर के, हर वक्त आपको देखता हुआ।

थोरो ने सिर्फ यह कहा ही नहीं, उन्होंने इसे जिया भी। उन्होंने सिटी टैक्स देने से इंकार कर दिया था। वजह यह थी कि उन्हें दिख रहा था कि सरकार उस पैसे का इस्तेमाल गलत काम में कर रही है। अब कानून की नजर में टैक्स नहीं देना अपराध था, लेकिन टैक्स के पैसों का गलत इस्तेमाल होने पर उसके खिलाफ आवाज उठाना स्वविवेक था। उन्हें सजा मिली, जेल जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझसे गलती हो गई। उन्होंने साफ कहा कि अगर कानून गलत है, तो उसे तोड़ना ही सही है, क्योंकि मेरे भीतर जो आवाज है, वो उससे बड़ा कानून है। आप मुझसे जिस मद के लिए टैक्स लेते हैं, उसे उसी मद में खर्च करें। हम टैक्स न्यूयार्क के मेयर की मौज के लिए नहीं देते, जिसे वो सरकारी भ्रमण के नाम पर उड़ाते हैं, खर्च करते हैं।

यहीं से फर्क शुरू होता है। एक तरफ वो लोग हैं जो भीड़ का हिस्सा बनकर सब मान लेते हैं। गलत का विरोध भी नहीं करते। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो पहले अपने मन से पूछते हैं, विरोध करते हैं। सच के लिए खड़े होते हैं।

आपको तीन नाम याद दिलाता हूं, सुकरात, प्रह्लाद और मीरा बाई। तीनों ने वही किया जो उनके भीतर की आवाज ने कहा। सुकरात ने सच बोलना नहीं छोड़ा, सजा में उन्हें जहर का प्याला मिला। प्रह्लाद ने अपने विश्वास को नहीं छोड़ा, उसे आग में बैठाया गया (वो बच गया, उसका भाग्य)। मीरा ने अपने कृष्ण के लिए जहर का प्याला भी स्वीकार कर लिया (वो भी बच गईं, उनकी किस्मत)। इन तीनों के पास एक ही चीज थी, अपने मन पर भरोसा।

महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी कि कानून का पालन करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन जब कानून असत्य, अराजकता को बढ़ावा देने लगे तो उसकी अवज्ञा करना भी हमारा कर्तव्य हो जाता है। यह बात सुनने में बहुत सीधी लगती है, लेकिन इसे जीना बहुत मुश्किल है, क्योंकि इसमें जिम्मेदारी पूरी आपकी हो जाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता व विवाह संस्था पर अहम फैसले




रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार


इधर कुछ सालों से भारतीय न्यायपालिका ने ऐसे फैसले सुनाए हैं, जिन्हें बेशक प्रगतिशील फैसले कहा जा सकता है। जाहिर है कि ऐसे फैसले सामाजिक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम साबित होते हैं। इसी हफ्ते मेघालय हाईकोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि रोमियो-जूलियट कैटेगिरी के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को रद्द किया जा सकता है। खासकर जब दो किशोरों के बीच सहमति से संबंध हो।

इसी तरह, हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि शादीशुदा शख्स भी किसी एडल्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, बशर्ते वो सहमति के साथ हो। इन दोनों फैसलों से साफ झलकता है कि कोर्ट प्यार और रिश्तों को जुर्म की कैटेगरी से बाहर रखने के पक्ष में है। इससे ये भी साफ होता है कि अदालत व्यक्तिगत गरिमा को प्रोटेक्शन देने के पक्ष में है। ऐसे फैसले समाज की पारंपरिक मानसिकता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मामलों में ऐसा फैसला दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप के मामले में सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकारों का जिक्र किया। साथ ही, जोड़े की सुरक्षा की बात कही। वहीं, लव मैरिज के मामले की सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने कहा कि प्रेम विवाह को जोड़ा सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन में रह रहे जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा है कि अंतर्धार्मिक कपल की सुरक्षा आवश्यक है।

सोनभद्र के अंतरधार्मिक कपल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि उन्हें अपने परिजनों से खतरा है। पुलिस से संपर्क करने पर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने कहा कि सहमति से अगर वयस्क जोड़े लिव इन में रह रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ वर्ष 2021 के विशेष अधिनियमों का जिक्र करते हुए कहा कि लिव इन में रहना किसी भी प्रकार का अपराध नहीं है।

हाईकोर्ट ने लव मैरिज के एक मामले की सुनवाई के क्रम में भी बड़ा आदेश जारी किया। हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बालिगों की अपनी पसंद से की गई शादी यानी लव मैरिज को सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में सरकार का दायित्व है, वह कपल के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे। कोर्ट ने कहा कि भले ही कपल को उनके परिवार से ही खतरा क्यों न हो।


भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद भी, यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है, जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




सहारनपुर की हवेलियां देखने के लिए मैं तीन बार आया और इन्हें मुख्य मार्ग और फिर कुदरती नदी जो अब गंदा नाला बना दिया गया है, का पुल पार करते हुए नगर के दिल कहे जाने वाली पुरानी बस्ती की तरफ कटरा में गया। ये हवेलियां भारतीय वास्तु कला के अच्छे नमूने हैं और हमारी निर्मित वास्तु-सांस्कृतिक विरासत के जीते-जागते प्रतीक। नगर के पुराने हिस्सों को ये एक सजीव चरित्र देती हैं। अब ऐसे भवनों का निर्माण नहीं होता और न ही इन्हें निर्मित किए जाने और मरम्मत के लिए पारंपरिक चूना अवलेह और मुगलिया ईंटों जैसी सामग्री आसानी से उपलब्ध होती है। हवेलियों के वास्तु-वैभव में संस्कृति, आर्किटेक्चरल हिस्ट्री, भू-दृश्य और अलंकरण शामिल हैं। यहां आने से पहले इस जनपद की जियोग्राफी, भू-दृश्यावली और हिमालय की निकटता और प्राकृतिक संपदा को समझना जरूरी है, तभी हवेलियों की मौजूदगी और इनसे जुड़े कृतित्व को ठीक से समझा जा सकता है।



रणबीर सिंह
लेखक

# सहारनपुर की बूढ़ी हवेलियां खस्ताहाल



## वास्तुकला का भरपूर इस्तेमाल

हवेलियों के निर्माण में विजुएल एस्थेटिक्स का जिस प्रकार से ध्यान रखा जाता था और इसके बाहरी एवं भीतरी हिस्सों को आकर्षक और अलंकृत किया जाता था, उनके सृजन के लिए सामग्री को स्थानीय तौर से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों यथा शिवालिक पर्वतमाला, नदी तट और जंगल से लिया जाता था, जिसे मानव कौशल से संवारा जाता था। एक हवेली का मुखौटा अथवा फसाद इसका सबसे प्रमुख हिस्सा होता है, जिसका अभिकल्प मेहराबदार और छोटी-छोटी मेहराबों या बंगड़ियों अर्थात फोलियेटेड और कस्प्ड आर्क्स से किया जाता था। इसके नीचे दायां-बायां दो छोटी चौंतरियां बनाई जाती, दोनों के बीच धरती से सटी हुई सपाट और पत्थर की पाद-शिला या दांसा लगाया जाता था, जिसकी तीन इंच मोटी सतह के सामने वाले हिस्से पर पीपल के पत्ते की कार्विंग की जाती थी, जो एक पंक्ति के रूप में दिखती थी। चौंतरी की बाहरी मुख-शिला पर एक चित्रार्ध उकेरा जाता था, जिसका विषय आम जनजीवन से लिया गया एक दृश्य, जियोमेट्रिकल प्रतीक या फूल-पत्तियां और मंगलकारी जानवर या पक्षी हो सकते थे। फसाद की रचना को कलात्मक और दीर्घजीवी बनाने के लिए वास्तुकला का भरपूर इस्तेमाल किया जाता था। घर में जो भी प्रवेश करता, उसे यह मनमोहक लगता था और सकारात्मक प्रभाव छोड़ता था। देखा गया कि जर्जर होने के बाद जब पूरी ईमारत ढहने को हो, तब भी मुखौटा डटकर खड़ा रहता था।



## तत्काल संरक्षण की पहल जरूरी

इस क्षेत्र की अधिकांश हवेलियां सन् 1960 तक मौजूद रहीं, लेकिन अब कुछेक उपेक्षित है और अन्य ध्वस्त हो हैं। नगर के पुराने हिस्सों के चरित्र को बचाने के लिए इन हवेलियों के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए तत्काल पहल होनी चाहिए। सहारनपुर ही क्यों, उत्तराखंड के दो-तीन जिले और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नगरों और गांवों की बिल्ट हेरिटेज अथवा भवन निर्माण विरासत के समग्र संरक्षण की जरूरत है। पहले इन सभी की सूची और जीपीएस लोकेशन की डॉक्यूमेंटेशन होनी चाहिए। थोड़ा सा ऐसा काम अखिल भारतीय संस्था इंटेक ने किया है, लेकिन यह अपर्याप्त है। स्थानीय वास्तुकला या वर्नाक्युलर आर्किटेक्चर के दृश्य तत्वों और सजावट के लिए स्थानीय आवश्यकताओं, पर्यावरण, सामाजिक परिवेश, काम-धंधा और संस्कृति हेतु एक चित्रात्मक प्रतिनिधित्व को समझना जरूरी है। अतीत का प्रतिनिधित्व करने वाली सहारनपुर की कुछ हवेलियां में क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के बतौर शीशम की लकड़ी का उपयोग दरवाजों, दरवाजों के चौखटों, खिड़कियों और ब्रैकेट आदि के कलात्मक रूप में देखा जा सकता है। सहारनपुर लकड़ी की नक्काशी के कारीगरों का शहर है। पहले सारा काम हैंड टूल्स से किया जाता था, लेकिन बिजली के उपकरण आने से इसमें तेजी बेशक है, लेकिन अनगढ़ सौंदर्य तत्वों का ह्रास हुआ है। सहारनपुर शहर की दो-तीन पुरानी हवेलियों में लकड़ी की नक्काशी से बनाए गए विशिष्ट डिजाइनों को दल्हों में अपनाया गया है। ये विशुद्ध रूप से भारतीय बटन डोर या गुजराती किवाड़ों की नकाशी जैसी नहीं हैं। छत्ता जंबुदास की विशाल हवेली, बरताला यादगार की हवेली, दीनानाथ बाजार में आत्मा राम की हवेली हिन्दुस्तानी-मुगल मिश्रित प्रभाव वाले वास्तुशिल्प और अलंकरण शैली में हैं। मुगल काल के दौरान, लकड़ी पर नक्काशी का काम सहारनपुर के इतिहास में एक नई घटना के रूप में सामने आया। अनुमान है कि यहां काम करने वाले कारीगरों के कुछ वंश मुल्तान, चिनियोट (पाकिस्तान) और कश्मीर से यहां लाकर बसाए गए थे। सहारनपुर के मुगल गवर्नरों शाह रणबीर सिंह और मुहम्मद बक्का के कार्यकाल के दौरान कुछ बेहतरीन हवेलियां बनाई गईं थी। शाह रणबीर सिंह एक समृद्ध जैन समुदाय से ताल्लुक रखते थे और उन्होंने जैन व्यापारी लोगों को सहारनपुर में अपना कारोबार स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। जैन परिवार सहारनपुर में बस गए और उन्होंने अपनी हवेलियां और 'छत्ते' बनवाए। इस क्षेत्र की मशहूर हवेलियां जैन समुदाय द्वारा ही बनवाई गई थीं। हवेलियां में मुख भित्ति में मुख द्वार के आजू-बाजू बाहर निकले हुए गोखे अथवा गवाक्ष, बारीक जाली का काम और कस्पड आर्च या नोकदार मेहराब जिसे बंगड़ी कहा गया, का इस्तेमाल हवेलियों के निर्माण के समय हुआ। कुछेक मालिकों ने इन हवेलियों पर नए और कंजर्वेशन के लिहाज से असंबद्ध मटीरियल से रंग-रोगन करवाकर इनके मूल रूप को बदल दिया है। हवेलियों का बाहरी हिस्सा अब बेजान और उदास दिखने लगा है।

## भित्ति चित्रकला



सहारनपुर की वास्तुकला में कुछ पहाड़ी तत्व तो हैं, लेकिन इनमे शैली ज्यादातर हिन्दुस्तानी-मुगल प्रभाव की है, जो उत्तर भारत की स्थानीय आवश्यकताओं, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और संस्कृति का एक नायाब प्रतिनिधित्व है। हिन्दू व्यापारी वर्ग जैन और अग्रवाल समुदाय की जो हवेलियां कटरा में मौजूद हैं या रहीं, उनके वास्तुशिल्प को प्रभावी अभिव्यक्ति देने के लिए को भित्ति चित्रांकन किया गया और मुखद्वार की चौखट में काष्ठ-नक्काशी वाले पल्ले लगाए गए थे, जिसमें स्थानीय मुस्लिम कारीगरों को महारत हासिल है। नगर की सर्वाधिक शानदार हवेलियों में से एक नंदा गाटे की हवेली हुआ करती, जिसे ढहा दिया गया है। भित्ति चित्र दीवार की सतह पर और धनुषाकार मेहराब की बाहरी परत पर चूने का पलस्तर करने के बाद गीली सतह पर अंकित किए जाते थे। भित्ति चित्रकला के विज्ञान और तकनीकों में हमारे चितेरे प्रवीण थे, क्योंकि इससे पहले इन्होंनें औरंगजेब के शासन काल के मध्य समय में देहरादून में गुरु राम राय निर्मित झंडा साहेब के विशाल प्रवेश द्वार की सपाट सतहों पर शानदार चित्रांकन किया है। इसे संभवत: सन् 1790 के आसपास बनाया और अलंकृत किया लगता है। इस पद्धति में फ्रेस्को, सेक्को-फ्रेस्को और टेंपेरा पद्धति के चित्र हमें सहारनपुर और देहरादून के अलावा इस क्षेत्र के कुछ गांवों में कनखल तक बने हुए भवनों में देखने को मिलते थे, जिनमें से अब कुछ ही भवन बचे हैं। ये चित्र सिक्को-टेंपरा पद्धति से बनाए गए थे न कि फ्रेस्को पद्धति से, जैसा कि कुछेक अध्येताओं ने कहा है। हवेलियों के बुनियादी ढांचे और रखरखाव और संरक्षण के प्रति वर्तमान मालिकों में विशेष उत्साह नहीं है। हालांकि फोटोग्राफी करते समय मुझसे इनके मालिकों ने सद्व्यवहार किया।

## जीवनशैली ने खराब की खूबसूरती

छत्ता जंबुदास में हवेलियों के सामने के हिस्से को बीड़ी, सिगरेट और पान-मसाला बेचने के स्टॉल, ठेले और खोखे लगाने के लिए इस्तेमाल करते पाए गए। हवेली के मुखावरण दीवार की बाहरी सतह पर कीलें गाड़कर बड़े होर्डिंग लगा दिए गए हैं। इन हवेलियों के सामने बिजली, टेलीफोन और इंटरनेट केबल्स के लटकते हुए तारों के जाल ने इनकी दृश्यावली को दूषित किया है। बरताला यादगार की यह खूबसूरत हवेली हमें ब्रिटिश शासन की याद दिलाती थी। यह हवेली मुगल, ब्रिटिश और भारतीय वास्तुकला के मेल का सबूत थी। इसकी दीवारों पर किए गए चित्रांकन में ब्रिटिश व्यक्तियों के चित्र और प्रवेश द्वार पर फूलों और ज्यामितीय आकृतियों के पैटर्न बने हुए थे। लोगों की जीवनशैली में आए बदलावों के साथ, इन हवेलियों का ऑर्गेनिक ढांचा खराब कर दिया है।

# कार्यक्षेत्र का माहौल देखकर हुआ जिम्मेदारी का एहसास

**जॉब का पहला दिन**

मेरे जीवन का वह दिन आज भी ताजगी के साथ याद आता है, जब मैंने 2 सितंबर 2012 को शाहजहांपुर की तहसील तिलहर में बैंक ऑफ बड़ौदा में क्लर्क के रूप में अपनी नौकरी में पहला कदम रखा था।



सुबह से ही मन में उत्साह और हल्की-सी घबराहट का मिश्रण था। नए कपड़े पहनकर, आवश्यक दस्तावेजों को संभालते हुए जब मैं बैंक की शाखा में पहुंचा, तो वहां का वातावरण मेरे लिए बिल्कुल नया और अलग था। बैंक का विशाल हॉल, ग्राहकों की लंबी कतारें, कंप्यूटर की लगातार चलती आवाजें और कर्मचारियों की व्यस्तता यह सब देखकर मन में एक जिम्मेदारी का एहसास हुआ।

शाखा प्रबंधक ने मुस्कुराते हुए मेरा स्वागत किया और अन्य कर्मचारियों से परिचय कराया। सभी ने पूर्णतः सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा गया। मुझे पहले दिन काउंटर पर बैठाकर पासबुक अपडेट और छोटे-मोटे लेन-देन का कार्य सौंपा गया। शुरुआत में उंगलियां कीबोर्ड पर थोड़ी धीमी चल रही थीं और हर एंट्री को दो बार जांचने की आदत पड़ रही थी। एक-दो बार छोटी-सी गलती भी हुई, लेकिन वरिष्ठ सहकर्मी ने धैर्यपूर्वक समझाया। उनके सहयोग ने मुझे काम को समझने में सहज बना दिया।

ग्राहकों से संवाद करना मेरे लिए नया अनुभव था। कोई जल्दी में था, तो कोई अपनी समस्या लेकर परेशान। एक बुजुर्ग व्यक्ति जब पासबुक अपडेट कराने आए और काम होने पर मुस्कुराकर आशीर्वाद दिया, तो वह पल मेरे लिए बेहद खास बन गया। उस समय महसूस हुआ कि यह नौकरी सिर्फ लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सेवा और विश्वास से भी जुड़ी है। दोपहर तक काम का दबाव बढ़ गया, लेकिन धीरे-धीरे मैंने गति पकड़ ली।



पुलकित कुमार
इटावा

दिन के अंत में जब कैश मिलान सही निकला, तो मन में एक संतोष और आत्मविश्वास की भावना जागी। लगा कि मैंने अपने पहले दिन की परीक्षा सफलतापूर्वक पार कर ली। शाम को घर लौटते समय थकान जरूर थी, लेकिन उससे कहीं ज्यादा खुशी और गर्व का एहसास था। पहला दिन मेरे लिए केवल एक शुरुआत नहीं था, बल्कि जिम्मेदारी, सीख और आत्मविश्वास की नई यात्रा का आरंभ था। यह अनुभव हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

# मुरीद रूमी के लिए ईरान से तुर्की पहुंचे शम्स

शम्स तबरेजी 13 वीं सदी के एक महान फारसी सूफी संत, दार्शनिक और कवि थे, जिन्हें प्रसिद्ध कवि जलालुद्दीन रूमी के आध्यात्मिक गुरु के रूप में जाना जाता है। मौलाना शम्स अल-दीन मुहम्मद इब्ने मलिकदादे तब्रीजी का जन्म लगभग 1184 ईस्वी में ईरान के अजरबैजान प्रांत की राजधानी तब्रीज में हुआ था।


'शम्स' अरबी शब्द है, जिसका अर्थ सूरज होता है और वे सचमुच अपने समय के आध्यात्मिक आकाश में सूर्य की भांति चमके। उनके पिता का नाम इमाम अलाउद्दीन या अली बताया जाता है, जबकि उनके दादा मलिक दाद थे। उस समय का परिवेश राजनीतिक और धार्मिक उथल-पुथल से भरा हुआ था। धर्मयुद्ध, मंगोल आक्रमण और सत्ता परिवर्तन ने पूरे क्षेत्र को प्रभावित किया था।

बाल्यावस्था में ही शम्स को शिक्षा हेतु शेख अबू बक्र-ए-सल्लह बाफ के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने अपने गुरु से आध्यात्मिक साधना के अनेक आयाम सीखे, किंतु स्वयं शम्स का मानना था कि उनके भीतर कुछ ऐसा था, जिसे कोई पूरी तरह पहचान नहीं सका। ईश्वर की खोज की तीव्र लगन उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती रही, इसी कारण वे "शैख परिंदा" अर्थात उड़ता हुआ संत कहे जाने लगे। वे साधारण जीवन जीते हुए भी गहन आध्यात्मिक ज्ञान के धनी थे। फारसी और अरबी साहित्य, सूफी दर्शन, इस्लामी कानून तथा विज्ञान में उनकी गहरी पकड़ थी।



करन सिंह मौर्य
बरेली

युवावस्था में शम्स ईश्वर प्रेम में इतने डूब जाते थे कि कई-कई दिनों तक भोजन की सुध तक नहीं रहती थी। वे दरवेशों और सूफी संतों के साथ समय बिताते और परमात्मा से एक ऐसी आत्मा की प्रार्थना करते, जो उनके प्रेम और अनुभूति को समझ सके। अंततः 21 नवंबर 1244 को तुर्की के कोन्या में उनकी मुलाकात जलालुद्दीन रूमी से हुई।



यह ऐतिहासिक मिलन दोनों के जीवन में परिवर्तन का कारण बना। शम्स ने रूमी को केवल एक विद्वान मौलवी से उठाकर प्रेम और भक्ति में डूबे महान सूफी कवि में परिवर्तित कर दिया।

रूमी शम्स के व्यक्तित्व और उनके दिव्य प्रेम से इतने प्रभावित हुए कि वे पूरी तरह उनके समर्पित हो गए। किंतु रूमी के शिष्यों और स्थानीय विद्वानों को यह संबंध स्वीकार नहीं हुआ। ईर्ष्या और विरोध के कारण शम्स को कोन्या छोड़ना पड़ा। उनके जाने से रूमी गहरे विरह में डूब गए। बाद में जब यह ज्ञात हुआ कि शम्स दमिश्क में हैं, तो रूमी ने अपने पुत्र वलद को उन्हें वापस लाने के लिए भेजा। शम्स पुनः कोन्या लौटे, किंतु विरोध की भावना समाप्त नहीं हुई।

अंत में परिस्थितियां ऐसी बनीं कि शम्स एक बार फिर कोन्या से चले गए और फिर कभी दिखाई नहीं दिए। उनके जीवन के अंतिम चरण को लेकर अनेक कथाएं प्रचलित हैं, किंतु सत्य आज भी रहस्य बना हुआ है। शम्स का जीवन सादगी, आत्मिक खोज और ईश्वर प्रेम का प्रतीक था। वे बाहरी आडंबर से दूर, केवल आंतरिक साधना में विश्वास रखते थे। उनका संपूर्ण जीवन इस सत्य को उजागर करता है कि सच्ची आध्यात्मिकता बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में बसती है।

# मानवता की पुकार, युद्ध नहीं समाधान

पिछले 40 वर्षों में उसने इराक, सीरिया, लेबनान और यमन जैसे देशों के भीतर एक ऐसा गुप्त नेटवर्क खड़ा किया है, जिससे उसकी रणनीतिक गहराई का पता मिलता है। यह नेटवर्क राजधानी तेहरान से शुरू होकर भूमध्य सागर से लाल सागर तक फैला हुआ है। सीरिया की सरकार, लेबनान का हिजबुल्लाह, यमन का हूती आंदोलन और फिलिस्तीन का हमास जैसे समूह शामिल हैं, ये सभी किसी न किसी रूप में ईरान के समर्थन और संसाधनों पर निर्भर हैं और अक्सर अमेरिका और इजराइल के खिलाफ सक्रिय रहते हैं, इनका मकसद अपने क्षेत्र से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव को खत्म करना है। ईरान इन समूहों को फंडिंग, हथियार और ट्रेनिंग देकर इतना मजबूत करता है, ताकि देश के भीतर शांति बनी रहे और संघर्ष बाहर ही बाहर चलता रहे। इस दौरान ईरान ने अपनी सैन्य और साइबर ताकत को भी लगातार बढ़ाया, पर्शियन गल्फ के पास स्थित भूमिगत मिसाइलों के बसे शहर इसका उदाहरण हैं।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मार्च 2026 तक भारतीय नया रुपया 94 से 95 प्रति डॉलर के आसपास पहुंच चुका था और यह गिरावट जारी है। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश तेल आयात करता है और जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है, तो भारत को ज्यादा डॉलर खर्च करने पड़ते हैं, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ता है और उसकी कीमत गिरती है। वैश्विक बाजार में उत्पन्न किसी भी




अनिश्चितता का असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों की मुद्रा पर पड़ता है। हमारा रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। हम तो यही चाहेंगे कि मिडिल ईस्ट जितनी जल्दी संघर्ष विराम लग जाय, हमारे लिए हितकर है। ट्रंप की हालत तो बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसी है। उनके मनः स्थिति पल-पल में बदल रही है। ये दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष का व्यवहार तो बिल्कुल भी नहीं है। इजराइल और ईरान के बीच चल रहा तनाव अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले महीने यानी मार्च में भी इजरायल ने ईरान के इसी गैस प्लांट को निशाना बनाया था, जिसके बाद ट्रंप का बयान आया था कि अब ईरान के एनर्जी इंफ्रा, खासकर साउथ पार्स प्लांट पर हमला नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि साउथ पार्स ईरान का सबसे बड़ा गैस इंफ्रा है। ईरान की 70 प्रतिदिन गैस यहीं से आती है। यह ईरान के लिए सोने की खान से कम नहीं है। कह सकते हैं कि यह सीधे तौर पर ईरानी अर्थव्यवस्था पर हमला है। साउथ पार्स का इसका होर्मुज से बेहद नजदीक है, अब होर्मुज रूट पर भी संकट मडराने लगा है।

तेल गैस फैसिलिटी पर चुन-चुनकर मिसाइल दागकर हमला करना और हबशान फुजैरा पाइपलाइन में आग लगना सिर्फ यूएई के लिए ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। हम एलपीजी के लिए लाइन में खड़े हैं। इस तरह के हमले हमारी भी चिंता के विषय हैं। ईरान इजराइल युद्ध ने दुनियाभर में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है, जहां कई देशों को एनर्जी इमरजेंसी लगानी पड़ रही है। भारत में चलने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर हैं। कुछ बंद हो चुके हैं। भारत सरकार द्वारा मुश्किल समय आने का संकेत दिया गया है। हमारे तेल भंडार पर्याप्त नहीं हैं। उड़ीसा और कर्नाटक में नए तेल भंडार बनने जा रहे हैं, जिन्हें पूरा होने में 2030 तक का समय लगेगा। हालांकि पेट्रोलियम को लेकर अभी देश में बांग्लादेश और पाकिस्तान की तरह मारामारी नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने करीब 5 मिलियन बैरल ईरानी क्रूड खरीदा है।

रेल हमारे देश में सबसे बड़ा यातायात का साधन है और राहत की बात यह है कि हमारे पास कोयले का रिजर्व भंडार है और हाइड्रो पावर भी है, जो रेल यातायात को सुचारू रखने में मददगार साबित होंगे, लेकिन युद्ध के लंबा खींचने पर विषम स्थिति आ सकती है। युद्ध के ठेकेदारों को आम जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं रहता। ऋषिकेष में रहने वाले एक मित्र सपरिवार एक महीने के लिए सैन फ्रांसिस्को से भारत आए थे। जैसे ही वापस जाने का समय आया तो फ्लाइट कैंसिल होने लगीं। टिकटों के दाम बढ़ने लगे। आनन-फानन में लंबा ले-ओवर लेकर टिकट कराई ताकि समय से पहुंच कर नौकरी ज्वाइन कर सकें और आर्थिक संकट से भी बचें। एक ईरानी गीतकार अपना गिटार लेकर प्लांट के पास ही बैठ गया था। ऐसे मौके पर देश में एकता होनी बहुत जरूरी है। क्योंकि सबसे बड़ी बात यह कि कोई भी युद्ध केवल हथियारों का टकराव नहीं होता, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी लंबे समय तक गहरा प्रभाव छोड़ता है। दुनियाभर में बैठे युद्ध के ठेकेदारों को इस बात को समझना होगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,550.25 | 24,050.60 |
| बढ़त | 918.60 | 275.50 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 1.16 |

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,47,000 प्रति किलो


अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 92.83 पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआत बढ़त को गंवाते हुए 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए नेट ओपन पोजिशन 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

### प्राकृतिक शहद के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को प्राकृतिक शहद पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की अवधि को नौ महीने यानी इस साल 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया। यह कदम सस्ते शहद के निर्यात खेपों को रोकने के मकसद से उठाया गया है। सरकार ने प्राकृतिक शहद के लिए 1,400 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) तय किया हुआ है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कहा, प्राकृतिक शहद के निर्यात पर मौजूदा 1,400 डॉलर एफओबी (फ्रेट ऑन बोर्ड) प्रति टन एमईपी को 31 दिसंबर, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

### इफको का नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए 560 जिलों में अभियान

**नई दिल्ली।** इफको ने नैनो तरल उर्वरकों के बारे में जागरूकता पैदा करने और पारंपरिक मिट्टी के पोषक तत्वों के उपयोग को कम करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। सहकारी संगठन ने कहा कि उसने किसानों के बीच 'इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान' शुरू किया है। यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों को अपने दायरे में लेगा।

# ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी

## ओएनजीसी के चेयरमैन ने कहा- नए भूराजनीतिक परिदृश्य ने बदल दिए हैं हालात

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के चेयरमैन एवं सीईओ अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा गतिरोध के बाद भारत को तेल एवं गैस की आपूर्ति के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की अपनी जरूरतों का करीब आधा एवं गैस का 30 प्रतिशत और एलपीजी का 85 से 90 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आयात करने वाले भारत को ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति और कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाव के लिए रणनीतिक भंडारण क्षमता बढ़ानी चाहिए।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों से निर्यात के लिए उपयोग होने वाला प्रमुख समुद्री मार्ग के छह सप्ताह तक बंद रहने से कई आयातक देशों में ऊर्जा संकट पैदा हो गया और भारत को भी गैस आपूर्ति में प्राथमिकता तय करनी पड़ी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के प्रमुख ने कहा, यह मानकर चलना कि पश्चिम एशिया हमारे नजदीक है और वहां से संसाधन आसानी से मिल जाएंगे, अब सही नहीं रह गया है। भविष्य में यह धारणा भूल साबित हो सकती है। सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और बढ़ते तनाव ऊर्जा सुरक्षा को लेकर स्थापित धारणाओं को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, परिस्थिति में अब बुनियादी बदलाव आया है। अगर दुनिया भूमंडलीकरण के रुझानों से अधिक उलट जाती है तो फिर हमें और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



### संकट से बचाव के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाएं

सिंह ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने की जरूरत बताते हुए कहा कि देश में जहां भी तेल एवं गैस के संसाधन हैं, उनका उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत के लिए अपने ऊर्जा स्रोतों एवं आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। एलपीजी के संदर्भ में ओएनजीसी प्रमुख ने कहा कि भारत ने इसकी घरेलू आपूर्ति को पहले के 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक पहुंचाया है लेकिन इस काम में एक लागत भी आई है। सिंह ने घरेलू रसोई गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी को प्राथमिकता देने की वकालत करते हुए कहा कि इससे संकट की स्थिति में रसोई गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। वैश्विक बाजार में बढ़ती अस्थिरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रिफाइनिंग मार्जिन अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित हो गए हैं।

### कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्ति करने का भरोसा दिया

**नई दिल्ली।** कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने का संकल्प दोहराया है। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। भारत सरकार ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि पुरी 9-10 अप्रैल तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। दोनों पक्षों ने आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत किया और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने आपूर्ति शृंखला को बनाए रखने के लिए निर्बाध नौवहन के महत्व पर भी बल दिया। कतर भारत को एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी क्रमशः 45 प्रतिशत और 20 प्रतिशत है।

## आयात और निर्यात के रुझानों पर नजर रखेगी सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात-आयात के रुझानों और क्षेत्रीय तनाव संकेतकों पर नजर रखने के लिए एक साप्ताहिक निगरानी तंत्र स्थापित करेगा।

यह कदम इन चिंताओं के बीच उठाया गया है कि वैश्विक तनाव के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, लॉजिस्टिक बाधाएं और बढ़ती लागत से उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। इस क्रम में आयोजित दो बैठकों में निर्यातकों ने पैकेजिंग सामग्री की बढ़ती लागत और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र, विशेष रूप से पश्चिम एशिया क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पैकेजिंग सामग्री और उससे जुड़े कच्चे माल की कमी से पैदा चुनौतियों पर विचार किया गया। देखा गया कि वैश्विक घटनाक्रम पॉलीमर और रेजिन जैसे प्रमुख पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता और कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## वित्तीय शेयरों में खरीदारी से 919 अंक उछला सेंसेक्स

मुंबई, एजेंसी

### अमेरिका-ईरान वार्ता शुरू होने से निवेशकों का बढ़ा हौसला




घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता से उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों का हौसला मजबूत हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया।

#### लाभ में रहे ये शेयर

एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

#### इनमें आई गिरावट

सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

#### 955.90 करोड़ की खरीदारी

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 1,711.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 955.90 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी। दरअसल, पश्चिम एशिया संकट के बाद रुपये पर बने हुए दबाव के बीच केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करता रहा है।

## बेमौसम बारिश से 2.49 लाख हेक्टेयर रबी फसलों को क्षति, गेहूं सर्वाधिक प्रभावित

**भोपाल।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से अब तक 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिसमें सबसे अधिक गेहूं की खेती प्रभावित हुई है। फसलों को हुए नुकसान का तीन विभागों की ओर से सर्वेक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकारों से भी तुरंत नुकसान का आकलन करने को कहा गया है।

मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में 'उन्नत कृषि मेला' शुरू होने से पहले यहां चौहान ने कहा कि असामान्य मौसम से आठ अप्रैल तक हुए नुकसान में गेहूं को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है और इसके बाद आम और लीची जैसी बागवानी फसलें प्रभावित हुई हैं। जून से खरीफ की बुवाई के लिए किसानों की तैयारी के बीच चौहान ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया के तनाव से वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचने के लिए उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

## एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है।

'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।




● कहा- पश्चिम एशिया संघर्ष लंबा खिंचा तो देश के आर्थिक प्रदर्शन पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और जीएसटी में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश को माना जा रहा है। कहा गया, वैश्विक आर्थिक और भूराजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर बनी रहने का अनुमान है।

## राज्य सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच महंगाई भत्ते में भेदभाव नहीं कर सकता: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य महंगाई भत्ते को बढ़ाते समय सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता।

सेवानिवृत्त लोगों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल सरकार और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि महंगाई का प्रभाव सेवारत और सेवानिवृत्त, दोनों कर्मचारियों पर समान रूप से पड़ता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने फैसले में लिखा, समानता एक गतिशील अवधारणा है और इसे पारंपरिक सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। वास्तव में, समानता और मनमानापन एक-दूसरे के एकदम विपरीत हैं, एक गणराज्य में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा एक निरंकुश शासक की सनक है। उन्होंने अपने फैसले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला दिया।

## शत-प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बाद परियोजनाओं को मिले मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी नए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को मंजूरी देने से पहले उसके लिए शत प्रतिशत भूमि अधिग्रहण होना चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर यह सड़क निर्माण में एक बड़ी बाधा बनता है।

विकसित भारत 2047 पर आयोजित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय के पास 15 लाख करोड़ रुपये मूल्य की राजमार्ग परिसंपत्तियां हैं जिनका मौद्रीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण, वन एवं पर्यावरण मंजूरी राजमार्ग परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली बड़ी समस्याएं हैं। हमने यह अनिवार्य किया था कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना कोई नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना शुरू नहीं होगी। अब मेरा मानना है कि 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना नई परियोजनाओं के लिए अपॉइंटेड डेट नहीं दी जानी चाहिए। अपॉइंटेड डेट राजमार्ग परियोजनाओं के लिए औपचारिक शुरुआत की तारीख होती है जो यह संकेत देती है कि निर्माण शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण एवं आवश्यक मंजूरियां पूर्णतः पूरी हो चुकी हैं।

गडकरी ने एकबार फिर दोहराया कि राजमार्ग निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकार ही सड़कों की खराब हालात के असली जिम्मेदार हैं।



● गडकरी ने कहा- पूरा अधिग्रहण न होने से निर्माण में आती है बाधा



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा

## अमित शाह ने जारी किया भाजपा का घोषणापत्र, बोले- ये सोनार बांग्ला की रूपरेखा

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी करते हुए घुसपैठ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने, समान नागरिक संहिता लागू करने और महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां संकल्प पत्र जारी कर इसे सोनार बांग्ला के निर्माण की रूपरेखा बताया और ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले 15 वर्षों का शासन राज्य की जनता के लिए बुरे सपने जैसा साबित हुआ है।

शाह ने चुनावी मुकाबले को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनमत-संग्रह में बदलने का आह्वान करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस से ऊब चुका पश्चिम बंगाल अब बदलाव चाहता है। घुसपैठ और सीमा सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार घुसपैठियों के खिलाफ डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति अपनाएगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार घुसपैठ को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगी। पार्टी ने राज्य की सीमाओं को मजबूत करने, मवेशी तस्करी पर रोक लगाने और सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों और घुसपैठियों से मुक्त कराने का भी वादा किया।



कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा का संकल्पपत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

### प्रमुख वादे

- शाह ने कहा, भाजपा शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है। हम इसे पश्चिम बंगाल में भी छह महीने के भीतर लागू करेंगे, ताकि हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो।
- अल्पसंख्यकों की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा कानून बनाएगी जिसमें हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता मिलेगी।
- उन्होंने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण और सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा का वादा भी किया। दरअसल राज्य के मतदाताओं में करीब 50% महिलाएं हैं।
- संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 3,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 15,000 रुपये अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

## असम में जीत का भरोसा नहीं था इसलिए भाजपा ने यूपी से भेजे 50,000 लोग: ममता

**तेंतुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा असम में वहां के निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव में बाहर से लोगों को लेकर आई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार के रहते देश में कोई भी एजेंसी तटस्थ नहीं है क्योंकि उसने सबको खरीद लिया है।

ममता बनर्जी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर एक पूरी ट्रेन असम भेजी गई। ममता बनर्जी ने कहा, सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भी बाहर से लोगों को लाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है और इसी कारण अधिकारियों का तबादला किया गया। उन्होंने कहा, लोगों, पैसे और मादक पदार्थों को लाया जा रहा है लेकिन हमारे कार्यकर्ता मुकाबला करेंगे और जीतेंगे।

● कहा- देश में कोई एजेंसी निष्पक्ष नहीं, भाजपा ने सबको खरीद लिया



### हटाए गए 90 लाख नामों में 30 लाख मुसलमान, 60 लाख हिंदू

ममता ने कहा कि बंगाल में एसआईआर के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार के अनुसार, इनमें से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुसलमानों के हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में एनआरसी प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए 19 लाख नामों में से 13 लाख हिंदुओं और छह लाख नाम मुसलमानों के थे।

### रिकॉर्ड: तमिलनाडु में 4,618 उम्मीदवार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को नाम वापसी के बाद अब 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं जो अब तक के सर्वाधिक हैं। आंकड़ों के अनुसार, नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने तक रिकॉर्ड 7,599 नामांकन दाखिल किए गए जिनमें 6,216 पुरुष और 1,380 महिलाओं के हैं। इनमें से 4,618 नामांकन स्वीकार किए गए, 2,640 खारिज कर दिए गए। 521 ने नाम वापस ले लिए हैं। आयोग ने 911 नामांकनों को प्रतिस्पर्धी के रूप में वर्गीकृत किया है।

## एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल में हुमायूं कबीर से तोड़ी साझेदारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के साथ अपना गठबंधन तोड़ने की घोषणा की है। यह कदम हुमायूं कबीर का वह स्टिंग वीडियो सामने आने के बाद उठाया गया है जिसमें वह कहते दिखाई दिए कि ममता बनर्जी को हराने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उनका 1,000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है।

एआईएमआईएम ने स्पष्ट किया है कि वह अब पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में पार्टी ने कहा कि वह ऐसे किसी कृत्य के साथ नहीं जुड़ सकती जो मुसलमानों की निष्ठा पर सवाल खड़ा करे। यह अलगाव तब हुआ है जब राजनीतिक हलकों में एक स्टिंग वीडियो सामने आया है, जिसमें हुमायूं कबीर को विवादित टिप्पणी और राजनीतिक सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है। इन दावों ने राज्य में एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। यह वीडियो सामने आने के बाद कबीर के ओवैसी की पार्टी से गठबंधन पर भी सवाल उठे थे। हालांकि, कबीर ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

### भाजपा से 1,000 करोड़ रुपये का सौदा करने के कुबूलनामे के बाद उठाया कदम

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को थोड़ी राहत देते हुए तेलंगाना हाईकोर्ट ने उन्हें असम पुलिस की ओर से दर्ज मामले में शुक्रवार को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत दे दी।

मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा, याची को अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। खेड़ा ने पांच अप्रैल को आरोप लगाया था कि हिमंत की पत्नी रिनिकी भुइयां के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियां हैं, जिनका खुलासा मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया।

### मुख्यमंत्री स्टालिन ने मेट्रो ट्रेन में यात्रियों से किया सीधा संवाद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेन्नई मेट्रो में सफर कर चुनाव प्रचार किया। स्टालिन ने आम यात्रियों के साथ ट्रेन में यात्रा की और उनसे शासन और सरकारी योजनाओं पर फीडबैक लिया। स्टालिन चेन्नई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन से डीएमएस मेट्रो स्टेशन तक गए। अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर यात्री हैरान रह गए।

## चुनावी लाभ के लिए महिला आरक्षण पर बुलाई गई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावी लाभ लेने के लिए महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाई है, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।

उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत के अनुपात में वृद्धि को लेकर जिस परिसीमन की बात हो रही है, उसके गंभीर परिणाम होंगे। ऐसे में परिसीमन को लेकर गहन विचार-विमर्श की जरूरत है। खरगे ने निर्वाचन आयोग पर गृह मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय की तरह काम काम करने का आरोप लगाया और कहा कि उससे यह उम्मीद करना बेमानी है कि वह आचार संहिता के उल्लंघन के इस मामले पर गौर करेगा।



# भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर को दुनिया ने सराहा

वाशिंगटन, एजेंसी

- आईएईए ने कहा, भविष्य की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम

भारत के परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत का प्रतीक माने जा रहे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सराहना की है।

वैश्विक परमाणु नियामक आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा पहली बार क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल किया जाना ईंधन की दीर्घकालिक स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य की दिशा में एक अहम व निर्णायक कदम है। परमाणु रिएक्टर में 'क्रांतिकता' नाभिकीय श्रृंखला प्रतिक्रिया की वह स्थिर, स्व-पोषक अवस्था है, जिसमें न्यूट्रॉन उत्पादन न्यूट्रॉन हानि को संतुलित करता है, जिससे नियंत्रित मात्रा में विद्युत उत्पादन संभव हो पाता है। ग्रॉसी ने एक्स पर कहा कि कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रांतिकता हासिल करने की दिशा में भारत ने प्रभावशाली प्रगति की है, जो ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में रूस के बाद यह दूसरा रिएक्टर है।

## 23 करोड़ की ठगी में सीबीआई ने की चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए गुलमोहर पार्क निवासी एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मी से 23 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 15 मार्च को मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने सिलीगुड़ी निवासी साग्निक रॉय और उसकी कंपनी 'सिक्योरिंग वर्ल्ड सोशल एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल' के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया, जिसके खातों में कथित रूप से ठगी की रकम अंतरित हुई थी।

# गगनयान मिशन : इसरो का दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट सफल

- यह प्रणाली कैप्सूल में प्रवेश और निकासी के लिए आवश्यक

नई दिल्ली, एजेंसी



### इसरो को एआईएमए का पब्लिक सर्विस एक्सीलेंस पुरस्कार

**नई दिल्ली/ चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) ने सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता के लिए एआईएमए विशेष पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एआईएमए प्लैटिनम जुबली (70वें) नेशनल लीडरशिप कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसरो को यह पुरस्कार प्रदान किया। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन की ओर से ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने इस सम्मान को ग्रहण किया। एआईएमए ने राष्ट्रीय विकास के समर्थन में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों और अनुप्रयोगों को संचालित करने में इसरो की सराहना की।

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष स्टेशन पर आगामी गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह प्रणाली कैप्सूल कर्मी दल मॉड्यूल के कैप्सूल के पुनः प्रवेश और लैंडिंग के दौरान उसके सुरक्षित रूप से उतरने के लिए आवश्यक है। मानव उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्री इसी कैप्सूल में बैठेंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल परीक्षण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए दूसरे एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) के सफलता पूर्वक पूरा होने पर इसरो को बधाई। गगनयान के अगले साल अंतरिक्ष में प्रक्षेपित होने की संभावना है। दूसरा एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पहले आईएडीटी परीक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आईएडीटी-02 शुरू किया गया। पहला परीक्षण 24 अगस्त, 2025 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ था। एयर ड्रॉप परीक्षण में अंतरिक्ष यान की पृथ्वी पर वापसी के अंतिम चरण की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाता है। विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रणालियों का परीक्षण करने के लिए एक विमान या हेलीकॉप्टर अंतरिक्ष यान को एक निश्चित ऊंचाई से गिराता है।

इनमें मिशन के बीच में रद्द होने की स्थिति में पैराशूट प्रणाली की तैनाती, एक पैराशूट के नहीं खुलने की स्थिति में प्रणाली का प्रदर्शन और पानी में उतरने के दौरान अंतरिक्ष यान का अभिविन्यास और सुरक्षा आदि शामिल हैं। पहले आईएडीटी में एक चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा तीन किलोमीटर की ऊंचाई से 4.8 टन के डमी कर्मी दल मॉड्यूल को गिराया गया था। मॉड्यूल के अलग होने के बाद 10 पैराशूट से युक्त एक पैराशूट प्रणाली तैनात की गई जिससे कैप्सूल की गति को कम करके उसे सुरक्षित रूप से पानी में उतरने की गति तक पहुंचाने में मदद मिली।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑर्थोडॉक्स ईस्टर पर यूक्रेन में युद्धविराम

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स ईस्टर सप्ताहांत के दौरान 32 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'ऑर्थोडॉक्स ईस्टर' के अवसर पर शत्रुता को कुछ समय के लिए रोकने का आह्वान किया था। क्रेमलिन द्वारा जारी पुतिन के आदेश में रूसी सेनाओं को शनिवार शाम चार बजे (स्थानीय समयानुसार) से रविवार शाम तक युद्धविराम का पालन करने का आदेश दिया गया है। जेलेंस्की ने सप्ताह की शुरुआत में प्रस्ताव रखा कि दोनों पक्ष छुट्टियों के दौरान एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद कर दें।

### कर्नल पुरोहित को मिलेगी ब्रिगेडियर रैंक

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने 2017 में कर्नल पुरोहित को इस मामले में जमानत दे दी थी। इसके बाद से वह सेना में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत ने गत वर्ष उन्हें इस मामले में बरी कर दिया था।

### सूडान में ड्रोन हमले में 30 लोग मारे गए

**काहिरा।** सूडान में दारफुर क्षेत्र के एक कस्बे में एक शादी समारोह पर ड्रोन हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 30 आम नागरिकों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि यह शादी समारोह उत्तरी दारफुर के कुतुम कस्बे में हो रहा था। यह हमला सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच बढ़ते ड्रोन हमलों की कड़ी में हालिया घटना है। दोनों पक्ष अप्रैल 2023 से युद्धरत हैं।

### सहयोग को गहरा करेंगे उत्तर कोरिया-चीन

**सियोल।** उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने बैठक के दौरान मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

# सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को दे रहे थे जानकारी, 11 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नज़र रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस बाबत 11 लोगों को गिरफ्तार करके पास से हथियार बरामद किए गए हैं।

विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा कि दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्रवाई के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि पंजाब के कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला और मोगा के साथ-साथ हरियाणा का अंबाला, जम्मू-कश्मीर का कठुआ और राजस्थान के बीकानेर एवं अलवर में कैमरे लगाए गए थे।

अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की नियमित आवाजाही, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से निकटता और प्रमुख सैन्य छावनियों तथा साजो-समान गलियारा होने के कारण इन स्थानों को अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है।

सीसीटीवी की फीड फर्जी पहचान पत्र पर लिए गए सिम कार्ड के माध्यम से चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के जरिए पाकिस्तान स्थित आंकाओं को भेजी जा रही थी। यह मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित सदस्यों के सीधे निर्देशों पर काम कर रहा था।



### नौ सीसीटीवी कैमरे और चार पिस्तौल बरामद

खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने नौ सीसीटीवी कैमरे, तीन विदेश निर्मित समेत चार पिस्तौल और 24 कारतूस बरामद किए। दक्षिण पश्चिम रेंज द्वारा चलाए गए दूसरे अभियान में पंजाब से पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो रेकी और सेना व सीमा सुरक्षा बल से जुड़े प्रतिष्ठानों के संवेदनशील दृश्य साझा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस नेटवर्क में शामिल किया गया था, और ये पैसा सीमा पार से आने वाले हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी से आता था। वे सिम कार्ड, परिवहन और चिन्हित स्थानों पर निगरानी उपकरण लगाने जैसी व्यवस्था करने में भी शामिल थे।

### सैन्य छावनियों व सीमावर्ती सड़कों पर लगाए गए थे सीसीटीवी कैमरे

ये कैमरे जानबूझकर सैन्य छावनियों, सीमावर्ती सड़कों और अन्य उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों के पास की गतिविधियों को दर्ज करने के लिए लगाए गए थे। पुलिस ने बताया कि इस मॉड्यूल को स्थानीय युवाओं की भर्ती करने और दीर्घकालिक जासूसी अभियानों को जारी रखने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने का भी काम सौंपा गया था। कुछ आरोपी सैन्य छावनियों की रेकी करने और सीमा पार बैठे आकाओं के साथ फोटो व वीडियो साझा करने में शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के उपयोग ने सीधे बिजली आपूर्ति के बिना भी दूरदराज के क्षेत्रों में निर्बाध निगरानी सुनिश्चित की, जिससे इनका पता लगाना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि इसका तकनीकी पहलू बाहरी मार्गदर्शन और समर्थन की ओर इशारा करता है। अधिकारी ने बताया कि जासूसी के अलावा, जांच में हथियार तस्करी नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है जिसमें पाकिस्तान स्थित आकाओं ने भारतीय एजेंटों को अवैध हथियार प्राप्त करने और वितरित करने का निर्देश दिया था।

# सशस्त्र बलों को एकीकृत, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत

बेंगलुरु, एजेंसी



बेंगलुरु में आयोजित रण संवाद 2026 के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कमांडर रुशवान रजाक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

- रण संवाद संगोष्ठी में बोले सीडीएस जनरल चौहान

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को एकीकृत, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में विकसित होने की तत्काल आवश्यकता है, जो विभिन्न युद्धक्षेत्रों में सुचारु रूप से काम करने में सक्षम हो। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से पारंपरिक सीमाओं और समय-सीमाओं से परे जा रहा है।

जनरल चौहान ने 'रण संवाद-2026' नाम से आयोजित संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि 'मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस' (एमडीओ) अब केवल एक वैचारिक चर्चा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संघर्ष के बदलते स्वरूप में हुई प्रगति के कारण एक उभरती हुई युद्ध वास्तविकता बन गई है।

एमडीओ आधुनिक सैन्य रणनीति है जिसमें थल, जल (समुद्र), वायु, साइबर, और अंतरिक्ष सभी पांचों क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित तरीके से युद्ध लड़ा जाता है। सीडीएस ने कहा कि एमडीओ को इस वर्ष के विषय के रूप में इसलिए नहीं चुना गया कि यह एक प्रचलित शब्द है, बल्कि मुझे लगता है कि यह एक प्रकार की नई वास्तविकता है। देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि सेवारत अधिकारियों को रणनीतिक चर्चा के केंद्र में रखने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी ने मध्य स्तर और कनिष्ठ अधिकारियों को भविष्य के युद्ध को लेकर अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर, अनुभवी लोग या विचारकों का समूह ही अपने विचार व्यक्त करते हैं। इसलिए मैंने उस विशेष प्रवृत्ति को उलट दिया।

जनरल चौहान ने कहा कि जो लोग सक्रिय रूप से सेवारत हैं, वे युद्ध में होने वाले बदलावों की गति से बेहतर ढंग से परिचित होते हैं। सीडीएस ने कहा कि विचार-विमर्श के दौरान बल की संरचना, संगठनात्मक ढांचे और एक ऐसे युद्धक्षेत्र में मौजूदा पदानुक्रम की स्थिति सहित अहम मुद्दों पर मंथन किया गया, जो अब पारंपरिक सीमाओं से परे होता है। उन्होंने कहा कि चर्चाओं के दौरान खुफिया जानकारी, निगरानी और टोह (आईएसआर) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। उभरती प्रौद्योगिकियों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और परिचालन श्रेष्ठता को बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी रहे जॉन बॉयड द्वारा परिकल्पित ओओडीए लूप का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी इस विशेष चक्र को प्रतिद्वंद्वी से पहले पूरा करेगा, वही युद्ध जीतेगा।

## जिनपिंग से मिलीं ताइवान की विपक्ष के नेता ली वुन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को ताइवान के विपक्ष की नेता चेंग ली-वुन से बीजिंग में मुलाकात की और कहा कि शांति दोनों पक्षों के लोगों की साझा इच्छा है। यह मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले महीने चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। ताइवान के चीनी मुख्य भूमि से पुनः एकीकरण को लेकर उस पर बीजिंग द्वारा सैन्य एवं कूटनीति दबाव बढ़ाने के प्रयासों के बीच चेंग पिछले एक दशक में चीन की यात्रा करने वाली पहली कुओमिनतांग (केएमटी) अध्यक्ष हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मुख्यभूमि के साथ पुनः एकीकृत करने का संकल्प दोहराता रहा है। बीजिंग में शी जिनपिंग ने चेंग ली-वुन से मुलाकात के दौरान कहा कि दोनों पक्षों के लोग चीनी ही हैं और हमें शांति चाहिए, हमें विकास चाहिए, हमें संवाद चाहिए और हमें सहयोग चाहिए। यह हम सबकी साझा इच्छा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग अंततः एक-दूसरे के और करीब तथा साथ आएंगे। शी ने कहा कि यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति बदलने वाली नहीं है कि जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग एक-दूसरे के करीब और साथ आएंगे।

- चीन के राष्ट्रपति बोले शांति दोनों पक्षों के लागों की साझा इच्छा

## मिसरी एवं रुबियो ने की व्यापार और क्वाड सहित कई मुद्दों पर बातचीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश मंत्री मई में करेंगे भारत की यात्रा

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सार्थक बैठक कर व्यापार और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) सहित कई मुद्दों पर चर्चा की तथा बैठक के बाद अमेरिकी मंत्री के अगले महीने भारत की यात्रा पर जाने की घोषणा की गई। मिसरी तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका आए हैं। उन्होंने और रुबियो ने व्हाइट हाउस में मुलाकात कर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और 'क्वाड' पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा कि व्हाइट हाउस में विक्रम मिसरी का स्वागत है। मंत्री रुबियो के साथ सार्थक बैठक हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों, खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं 'क्वाड' पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोर ने कहा कि मंत्री रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि हम भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं अन्य कई क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले, मिसरी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ और राजनीतिक मामलों की अवर विदेश मंत्री एलिसन हूकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि क्रिस्टोफर लैंडौ ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी से वाशिंगटन में मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच करीबी साझेदारी की पुनः पुष्टि की और फारस की खाड़ी संबंधी स्थिति तथा अन्य वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी और लैंडौ ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी चार साझा किए।

## पवन खेड़ा को हाईकोर्ट से मिली एक सप्ताह की अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को थोड़ी राहत देते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय ने उन्हें असम पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में शुक्रवार को एक सप्ताह की अस्थायी अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए उनके आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। इस अवधि के लिए शर्तों के साथ राहत प्रदान की जाती है। कांग्रेस नेता ने पांच अप्रैल को आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियां हैं, जिनका खुलासा राज्य में नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। खेड़ा के खिलाफ मामला गुवाहाटी अपराध शाखा के पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन सतर्कता की मांग करता है। अधिकारी के साथ विमर्श लाभ देगा। परिवार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए लाभदायक है। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी नए अवसर का आरंभ संभव है।

**मिथुन** – आज मानसिक स्पष्टता बनी रहेगी और निर्णय सटीक होंगे। शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क** – आज धन लाभ सामान्य रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के संकेत हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में निर्णय न लें।

**सिंह** – आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी और आपके सुझाव प्रभावशाली सिद्ध होंगे। रिश्तों में सुधार होगा।

**कन्या** – आज दिन शांतिपूर्ण और फलदायी रहेगा। कार्यों में व्यवस्थित प्रगति होगी। धन लाभ के नए अवसर बनेंगे। किसी यात्रा का योग है।

**तुला** – आज दिन मिश्रित रहेगा। कुछ कार्यों में रुकावट आ सकती है, पर धैर्य से स्थितियां सुधर जाएंगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक** – आज आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति बढ़ेगी। धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। पारिवारिक मामलों में आप निर्णयकर्ता की भूमिका निभाएंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च परिणाम प्राप्त होंगे। भाग्य का साथ बना रहेगा। सीखने और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यात्रा के योग भी प्रबल हैं।

**मकर** – आज चंद्रमा आपकी ही राशि में है, जिससे निर्णय क्षमता चरम पर रहेगी। कार्यक्षेत्र में बड़ी प्रगति संभव है। नए अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** – आज का दिन उत्साहपूर्ण रहेगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मीन** – आज आपको किसी वरिष्ठ या महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग मिल सकता है। धन लाभ के अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 12 अप्रैल 00.37 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तराषाढ़ा 13.39 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

### सुडोकू -116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

## कमांडर मिन आंग ह्लाइंग बने म्यांमार के राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमा के सैन्य कमांडर मिन आंग ह्लाइंग ने शुक्रवार को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। ह्लाइंग ने वर्ष 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश पर कठोर शासन किया। उनका शपथ ग्रहण समारोह उस आम चुनाव के बाद हुआ, जिसे संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों ने न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है।

सू ची की लोकप्रिय 'नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' पार्टी समेत कई अन्य पार्टियों ने इसमें भाग नहीं लिया। ह्लाइंग के सामने सू ची को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद शुरू हुए गृहयुद्ध को समाप्त करने की बड़ी चुनौती है, जिसका सशस्त्र प्रतिरोध हुआ था। नाममात्र की लोकतांत्रिक सरकार की ओर वापसी को व्यापक रूप से असैन्य शासन की आड़ में सेना को सत्ता में बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

क्षयरोग सुरक्षा

अनुसंधानकर्ताओं ने दो नए टीकों पर प्रीवेंटबी नाम परीक्षण कर निकाला निष्कर्ष

# टीबी के सभी स्वरूपों पर नए टीकों के प्रभाव को लेकर आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

क्षय रोग (टीबी) के दो नए टीके भारत में वयस्कों और बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ये संक्रामक जीवाणु रोग के सभी स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान न करें।

यह बात ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित तीसरे चरण के परीक्षण परिणामों में कही गई है। चरण-3 अंतिम दौर का अध्ययन है जिसमें सुरक्षा और प्रभावकारिता का निर्धारण करने के लिए एक नए उपचार की तुलना वर्तमान प्रक्रिया से की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने टीबी के मामलों को कम करने में दो नए टीकों - वीपीएम1002 और इम्यूवैक - की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए प्रीवेंटबी नामक परीक्षण किया। अध्ययन में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसंधानकर्ता भी शामिल रहे। भारत में, टीबी से बचाव के लिए शिशुओं को जन्म के समय 'बैसिलस कैलमेट-गुएरिन' (बीसीजी) नामक टीका लगाया जाता है। वीपीएम1002 पुनः संयोजन वाला बीसीजी टीका है जिसे जर्मनी आधारित कंपनी 'सीरम लाइफ साइंस यूरोप जीएमबीएच' द्वारा विकसित किया गया है। पुनः संयोजन वाले टीके में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए किसी रोगजनक से एंटीजन उत्पन्न करने के लिए आनुवंशिक इंजीनियरिंग का उपयोग किया जाता है। 'इम्मुवैक' को आईसीएमआर और अहमदाबाद आधारित कैडिला फार्मास्युटिकल्स द्वारा विकसित किया गया है तथा यह रोगजनक के गैर-संक्रामक स्वरूप का उपयोग करके बनाया गया एक निष्क्रिय तत्व टीका है।

### छोटे बच्चों के गंभीर संक्रमण में टीका काफी कारगर

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि बीसीजी टीका छोटे बच्चों में टीबी के गंभीर स्वरूपों के खिलाफ प्रभावी है, लेकिन किशोरों और वयस्कों को सुरक्षा प्रदान नहीं करता। जुलाई 2019 से दिसंबर 2020 के बीच दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित छह राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 18 स्थानों से टीबी रोगियों के छह वर्ष और इससे अधिक आयु के 12,700 से अधिक घरेलू संपर्कों का विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों को रैंडम रूप से वीपीएम1002, इम्यूवैक या प्लेसीबो की खुराक प्राप्त करने को कहा गया (प्रत्येक समूह में 4,239 प्रतिभागी थे, 38 महीनों तक उनका उन पर नजर रखी गई। इसके एक महीने बाद 11,829 प्रतिभागियों को दूसरी खुराक दी गई। कुल 12,295 ने 38 महीने की अनुवर्ती प्रक्रिया पूरी की।



वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने के फैसले में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। असाधारण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी को ज्यादा देर रोक पाना कठिन है लेकिन अपेक्षाओं के अत्यधिक दबाव से इस युवा खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनेगा।
-अनिल कुंबले


# स्टेडियम

कानपुर नगर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


# सूर्यवंशी फिर साबित हुए धुरंधर रॉयल्स ने आरसीबी को हराया

## आईपीएल-2026 : ध्रुव जुरेल ने फिनिशर की भूमिका निभाई



78 रन
26 गेंद
08 चौके
07 छक्के
वैभव सूर्यवंशी

गुवाहाटी, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। उनकी उम्र के बाकी बच्चे जहां दसवीं बोर्ड के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्ष के इस लड़के ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई।

ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई । रॉयल्स को एक बार फिर धमाकेदार शुरूआत दी सूर्यवंशी ने जो इस सत्र में नामी गिरामी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में तनिक भी नहीं हिचकिचा रहे हैं । पिछले मैच में जहां उन्हें जसप्रीत बुमराह का मानमर्दन किया तो इस बार जोश हेजलवुड की बारी थी । टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हेजलवुड की गेंदों पर सूर्यवंशी ने लगातार तीन चौके जड़े । वहीं तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया । उन्होंने 78 रन की अपनी पारी में 74 रन 15 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों के साथ बनाये । जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिये 6 . 1 ओवर में 108 रन जोड़े । जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाये । क्रिकेट जगत में जहां 200 के स्ट्राइक रेट की बात होती है, सूर्यवंशी ने 300 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये । ऐसा लग रहा है मानो वह रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराने ही नहीं बल्कि आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के इरादे से मैदान पर उतरते हैं । इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाये । पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाये । एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ( 16 गेंद में 32 रन ) समेत गत चैम्पियन आरसीबी के सभी बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के प्रयास में आउट हो गए । आखिरी ओवरों में इंपैक्ट सब वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंद में 29 रन बनाये जिसमें संदीप शर्मा के आखिरी ओवर में 21 रन बने । मैच से पहले बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और पिच में नमी के कारण अतिरिक्त उछाल मिला । रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने फिल साल्ट तथा देवदत्त पडिक्कल को सस्ते में आउट कर दिया । साल्ट तो पहली ही गेंद पर आउट हो गए । कोहली ने अपनी पारी में सात चौके लगाये लेकिन वह रवि बिश्नोई की गेंद पर बोल्ड हो गए । इसके बाद से आरसीबी के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं बना सके । बिश्नोई ने कृणाल पंड्या का भी विकेट लिया । वहीं बंगाल प्रीमियर लीग टी20 से चुने गए बृजेश शर्मा ने जितेश शर्मा को पवेलियन भेजा । उन्होंने टिम डेविड का भी विकेट चटकाया । पिछले साल केकेआर के लिये काफी महंगे बिके वेंकटेश को इंपैक्ट सब के तौर पर भेजना पड़ा और उन्होंने तेजी से रन भी बनाये । लेकिन इसके लिये आरसीबी ने लेग स्पिनर सुयश शर्मा को बाहर रखा जो बिश्नोई की तरह उपयोगी साबित हो सकते थे ।



ध्रुव जुरेल

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**201/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का जुरेल बो आर्चर | 00 |
| विराट कोहली बो बिश्नोई | 32 |
| पडिक्कल का हेटमायेर बो आर्चर | 14 |
| रजत पाटीदार का फरेरा बो शर्मा | 63 |
| कृणाल पंड्या का हेटमायेर बो बिश्नोई | 01 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बृजेश | 05 |
| टिम डेविड का हेटमायेर बो बृजेश | 13 |
| रोमारियो शेफर्ड का बृजेश बो जडेजा | 22 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 29 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : 13 रन, गेंदबाजी : आर्चर 3-0-33-2, बर्गर 3-0-32-0, शर्मा 4-0-47-1, बिश्नोई 4-0-32-2, जडेजा 2-0-14-1, बृजेश 4-0-37-2

### राजस्थान रॉयल्स

**202/4** (18 ओवर)

| | |
|---|---|
| जायसवाल का शर्मा बो हेजलवुड | 13 |
| वैभव सूर्यवंशी का कोहली बो पंड्या | 78 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 81 |
| हेटमायेर का हेजलवुड बो पंड्या | 00 |
| रियान पराग का पंड्या बो हेजलवुड | 03 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 |

**अतिरिक्त** : तीन रन, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4 0 37 0, हेजलवुड 4 0 44 2, अभिनंदन 3 0 54 0, पंड्या 4 0 30 2, डेविड 1 0 18 0, शेफर्ड 2 0 18 0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइंट्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइजर्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-183 रन
ध्रुव जुरैल
राजस्थान-176 रन

### पर्पल कैप



रवि बिश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट

## मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के से मैच जीतने का सपना



कोलकाता : युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने।

### IPL 2026
### आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट

#### जील-सहजा की जीत से भारत ने मंगोलिया को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** जील देसाई और सहजा यमलापल्ली की एकतरफा जीत से भारत ने बिली जीन किंग कप के एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। बिली जीन किंग कप में अपना पदार्पण मैच खेल रही जील ने 15 वर्षीय अनु-वजिन गैंटोर को महज 37 मिनट में सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया। सहजा ने भी डीएलटीए परिसर में खेले गए मैच में बिना कोई गेम गंवाए 32 वर्षीय जरगल अल्तानसरनाई को 42 मिनट में 6-0, 6-0 से शिकस्त दी।

#### फुटबॉल विश्व कप के लिए दो महिलाओं समेत 52 रेफरी चुने गए

**मैनचेस्टर।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगे। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं।

#### कैफ ने पंत के बारे में कहा- बिना जिम्मेदारी के मैच नहीं जीत सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। एलएसजी ने यह मैच जीता था।

# सनराइजर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना।



अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के बल्लेबाज मार्कस स्टोइनिस। एजेंसी

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरनूर सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मुशीर खान, विशाल निशाद, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैश्यक, नेहल वढेरा, यश ठाकुर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान।

# खाता खोलने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई, एजेंसी

सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए।

चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा। इससे पहले यहां जो पिछला मैच खेला गया था उसमें पंजाब किंग्स में 210 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम दिल्ली में खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों एक रन से मिली हार से आहत होगी। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम आईपीएल जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में लय बरकरार रखने के महत्व को समझती है और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

### टीम

**सीएसके :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, खलील अहमद, नाथन एलिस, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, कार्तिक शर्मा, जेमी ओवरटन, श्रेयस गोपाल, अंशुल कम्बोज।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, माधव तिवारी, टी नटराजन, साहिल पारख।

● **दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में संजू सैमसन पर होगी नजर**



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप | जोनाथन क्रिस्टी को स्तब्ध कर पदक पक्का किया

# आयुष शेट्टी एक और उलटफेर कर सेमीफाइनल में पहुंचे

निंगबो (चीन), एजेंसी

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने यहां बैंक ऑफ निंगबो बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में शुक्रवार को फिर जबर्दस्त उलटफेर किया और विश्व नंबर चार इंडोनेशियाई स्टार जोनाथन क्रिस्टी पर स्तब्धकारी जीत से पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ पदक भी पक्का कर लिया।

**भारतीय शटलर ने तीसरी सीड को 54 मिनट में शिकस्त दी :** मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैम्पियन और BWF विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने निंगबो ओलम्पिक स्पोर्ट्स सेंटर के कोर्ट नंबर दो पर सीधे, लेकिन कठिन क्वार्टरफाइनल में पूर्व चैम्पियन व तीसरी सीड क्रिस्टी को 54 मिनट में 23-21, 21-17 से शिकस्त दी।



**क्रिस्टी संग पहली मुलाकात में बीस छूटे शेट्टी :** जोनाथन क्रिस्टी और उम्र में उनसे आठ वर्ष छोटे 20 वर्षीय शेट्टी के बीच टूर पर यह पहली भिड़ंत थी। क्रिस्टी एशियाई खेलों के साथ एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। वह उस इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे, जिसने 2020 में थॉमस कप जीता था।

**क्रिस्टी के खिलाफ पहले गेम में दो गेम अंक बचाकर की वापसी :** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैम्पियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले आयुष ने एक कड़े मुकाबले के बाद पहला गेम अपने नाम किया। क्रिस्टी ने शुरुआत से ही बढ़त हासिल कर ली थी और वह दो अंकों की लीड के साथ गेम प्वॉइंट तक पहुंच गए थे। हालांकि, आयुष ने संयम बनाए रखा और न सिर्फ दोनों गेम अंक बचाए वरन 23-21 से गेम भी जीत लिया।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के स्कोर कई बार बराबर हुए, जिसके बाद 10-9 के स्कोर पर आयुष ने मैच पर अपना नियंत्रण बना लिया। वहां से भारतीय शटलर ने बढ़त बनाए रखी और इस टूर्नामेंट में अब तक बिना कोई गेम गंवाए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

गौरतलब है कि आयुष को छोड़ एकल मुकाबलों में उतरे अन्य भारतीयों की चुनौती गुरुवार को ही समाप्त हो गई थी, जिनमें अनुभवी एचएस प्रणय, पूर्व विश्व नंबर एक पीवी सिंधु व उभरती शटलर उन्नति हुड्डा शामिल हैं।

### अब विश्व नंबर एक वितिदसार्न से होगी मुलाकात

उल्लेखनीय है कि शेट्टी ने पहले दौर में विश्व नंबर सात चीनी दिग्गज लिन शी फेंग को सीधे गेमों में स्तब्ध किया तो गुरुवार को राउंड 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी ची यू जेन पर भी सीधे गेमों में ही जीत हासिल की थी। शनिवार को सेमीफाइनल में शेट्टी का मुकाबला अब विश्व नंबर एक थाई स्टार कुनलावुत वितिदसार्न से होगा।

# 5 स्वर्ण पदकों के साथ किया भारत ने अभियान का समापन

एशियाई मुक्केबाजी

● **50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश ने स्वर्ण पदक जीता**

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी।

सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रह। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते। इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वनाथ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो मुक्केबाजी की दुनिया में उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और सफलता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वनाथ ने अब एक मजबूत पहचान बना ली है।